CMYK

अधिकतम : 22° C
न्यूनतम : 12° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, सोमवार 13 अप्रैल 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 245 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 | 24 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



वोटबैंक के सौदागर बंगाल की डेमोग्राफी को बदलना चाहते हैं: योगी पेज 2




रुतुराज गायकवाड़ पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना खेल टाइम्स



आम्बेडकरवादी भी जातिवादी हैं! सम्पादकीय



ईरान से वार्ता विफल होने पर भड़के ट्रम्प, ईरान को बताया जिम्मेदार पेज 12

## वैश्विक ताकत की रेस में कमजोर हुआ सुपर पावर अमेरिका

**वाशिंगटन, वार्ता**

ईरान युद्ध ने वैश्विक शक्ति संतुलन में नए समीकरण खड़े कर दिए हैं। जहां अमेरिका को कई मोर्चों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं चीन और रूस इस स्थिति का रणनीतिक लाभ उठाते नजर आ रहे हैं।

आने वाले समय में यह संघर्ष वैश्विक राजनीति की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। ईरान में जारी युद्ध और उससे उपजे भू-राजनीतिक तनाव ने अमेरिका की वैश्विक स्थिति पर गहरा असर डाला है। विश्लेषकों के मुताबिक इस संघर्ष ने न केवल अमेरिका की रणनीतिक पकड़ कमजोर की है, बल्कि रूस और चीन जैसे प्रतिद्वंद्वी देशों को नए अवसर भी प्रदान किए हैं। हाल ही में 14 दिन के संघर्षविराम के बाद भले ही अमेरिका और ईरान दोनों ने जीत का दावा किया हो, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में इस घटनाक्रम को अमेरिका के लिए झटके के रूप में देखा जा रहा है। इस रिपोर्ट में उन चार प्रमुख पहलुओं को समझाया गया है, जिनके जरिए ईरान में जारी संघर्ष ने 21वीं सदी की वैश्विक महाशक्ति प्रतिस्पर्धा में अमेरिका की स्थिति को कमजोर किया है। अमेरिका लंबे समय से पश्चिम एशिया में अपने रणनीतिक हितों को संतुलित करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन बदलते वैश्विक समीकरणों ने उसकी चुनौतियां बढ़ा दी हैं। शीत युद्ध के दौर में अमेरिका का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में सोवियत प्रभाव को सीमित करना था, जबकि साथ ही इजरायल और पाकिस्तान जैसे सहयोगियों के परमाणु विकास पर नजर रखना भी शामिल था। 2020 के दशक में यह फोकस बदलकर चीन और रूस के बढ़ते प्रभाव को रोकने पर केंद्रित हो गया। वहीं चीन और रूस ने विभिन्न गठबंधनों और कूटनीतिक कदमों के जरिए पश्चिम एशिया में अपनी पकड़ मजबूत की है। चीन ने 2023 में सऊदी-ईरान समझौते में मध्यस्थता की, जबकि रूस ने ईरान और सीरिया के साथ सहयोग बढ़ाया। बदलते हालात में खाड़ी देश अब सुरक्षा और सहयोग के लिए नए विकल्प तलाश रहे हैं। अमेरिका का रणनीतिक फोकस हाल के वर्षों में लगातार पश्चिम एशिया से हटकर इंडो-पैसिफिक और पश्चिमी गोलार्ध की ओर बढ़ रहा था, लेकिन ईरान में छिड़े युद्ध ने इस दिशा को उलट दिया। इराक और अफगानिस्तान के लंबे युद्धों के बाद रूस और चीन ने इसी खालीपन का फायदा उठाते हुए क्षेत्र में अपने सैन्य, कूटनीतिक और आर्थिक संबंध मजबूत किए। नवम्बर 2025 की अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में भी पश्चिम एशिया को कम प्राथमिकता देने की बात कही गई थी, लेकिन ईरान युद्ध ने इस नीति से विपरीत स्थिति पैदा कर दी। ट्रम्प द्वारा बिना सहयोगी देशों से सलाह किए लिए गए फैसलों ने नाटो और अन्य साझेदारों में असंतोष बढ़ाया।



- शक्ति संतुलन में नए समीकरण खड़े हुए, ईरान युद्ध से अमेरिका को झटका, कई मोर्चों पर असर, चीन-रूस को होगा फायदा

## सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोसले का निधन

### 92 साल की उम्र में ब्रीच कैंडी अस्पताल में ली अंतिम सांस

**मुंबई।** सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हो गया है। रविवार दोपहर मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें शनिवार शाम को यहां भर्ती किया गया था। ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के डा. प्रतीत समदानी ने बताया कि आशा भोसले को कई मेडिकल समस्याएं थीं और मल्टी-आर्गन फेल्योर यानी कई अंग फेल होने के कारण उनका निधन हुआ।

आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने बताया कि जो लोग अंतिम दर्शन करना चाहते हैं, वे सोमवार सुबह 11 बजे उनके घर आ सकते हैं। अंतिम संस्कार सोमवार शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा। आशा भोसले का पार्थिव शरीर हॉस्पिटल से उनके घर लाया गया। आशा भोसले ने अपने करियर में 20 से अधिक भाषाओं में 12,000 से ज्यादा गाने गाए। उनके गाने 'इन आंखों की मस्ती', 'दम मारो दम', 'पिया तू अब तो आजा' और 'चुरा लिया है तुमने' आज भी लोकप्रिय हैं। आशा भोसले मशहूर थिएटर एक्टर और क्लासिकल सिंगर दीनानाथ मंगेशकर की बेटी और लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। जब वो सिर्फ 9 साल की थीं, तब उनके पिता का निधन हो गया था, जिसकी वजह से उन्होंने बहन लता मंगेशकर के साथ मिलकर परिवार को सपोर्ट करने के लिए सिंगिंग शुरू कर दी थी।



- चेस्ट इंफेक्शन के बाद अस्पताल में हुई थीं भर्ती
- आज शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा अंतिम संस्कार

## संक्षिप्त समाचार

### वृंदावन नाव हादसे में दो लापता शव मिले मृतक संख्या हुई 13

**मथुरा।** उप्र में मथुरा जिले के वृंदावन क्षेत्र में यमुना नदी में हुए भीषण नाव हादसे के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन के तीसरे दिन रविवार को दो और शव बरामद होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। प्रशासन और बचाव दल अब भी तीन लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। रविवार सुबह पंजाब के लुधियाना निवासी बीए अंतिम वर्ष की छात्रा डिकी तथा जगराओं निवासी ऋषभ शर्मा के शव बरामद किए गए। दोनों शव नदी में ऊपर आने के बाद रस्सी के सहारे बाहर निकाले गए। परिजनों ने भावुक माहौल में उनकी पहचान की। इससे पहले शनिवार को मानिक टंडन नामक युवक का शव मिला था, जिसकी सितम्बर में शादी तय थी। बचाव कार्य को तेज करते हुए प्रशासन ने सर्च ऑपरेशन का दायरा 14 किलोमीटर से बढ़ाकर 20 किलोमीटर कर दिया है।

### उत्तर प्रदेश समेत 16 राज्यों में आज से बढ़ेगी गर्मी

**नई दिल्ली।** देशभर में गर्मी बढ़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान, यूपी-एमपी, दिल्ली, गुजरात समेत देश के 16 राज्यों में इस हफ्ते पारा 40डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़, ओडिशा में 2 दिन बाद लू चलने की आशंका है। हालांकि, रविवार को केरल, कर्नाटक, सिक्किम, बंगाल, जम्मू-कश्मीर, असम, मेघालय, अरुणाचल, मणिपुर मिजोरम, त्रिपुरा और नगालैंड में बारिश का अलर्ट है। शनिवार शाम को अटल टनल और मनाली के आसपास के इलाकों में हल्की बर्फबारी हुई।

### स्टालिन के आरोप तथ्यों से परे, राजनीति से प्रेरित: सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री सीतारमण ने तमिलनाडु के सीएम स्टालिन के उन आरोपों को तथ्यात्मक रूप से गलत बताते हुए खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार ने राज्य के धान किसानों को बोनस न देने का निर्देश दिया है। सीतारमण ने कहा कि स्टालिन के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं और जानबूझकर लोगों को गुमराह करने के प्रयास के तहत लगाए गए हैं। एक राज्य के सीएम से, जो एक संवैधानिक पद पर बैठे हैं, इस तरह के व्यवहार की उम्मीद नहीं की जाती है।

# इस्लामाबाद में अमेरिका ईरान वार्ता रही बेनतीजा

### नहीं हो सका कोई समझौता, दोनों प्रतिनिधिमंडल वापस लौटे

**इस्लामाबाद, वार्ता**

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच इस्लामाबाद में शांति वार्ता को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। 21 घंटे की बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला है और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान से लौटा गया है। इससे अब एक बार फिर जंग शुरू होने की आशंका बढ़ गई है, हालांकि लेबनान को लेकर स्थिति अभी भी तनावपूर्ण है।

पाकिस्तान में हुई उच्च स्तरीय वार्ता के बाद ईरान का प्रतिनिधिमंडल वापस लौट गया है। यह घटनाक्रम उस समय सामने आया है, जब अमेरिका- ईरान वार्ता किसी ठोस समझौते पर नहीं पहुंच सकी। ईरान ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि कूटनीति का रास्ता कभी समाप्त नहीं होता और वह बातचीत के लिए हमेशा तैयार है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार कूटनीति राष्ट्रीय हितों की रक्षा और उन्हें आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। ईरान, पाकिस्तान और अन्य मित्र देशों के साथ परामर्श की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। ईरानी अधिकारियों ने कहा है कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, संवाद और बातचीत के रास्ते खुले रहेंगे। क्षेत्रीय मुद्दों पर विभिन्न देशों के साथ संपर्क और चर्चा जारी रखने पर जोर दिया गया है। ईरानी पक्ष से जुड़े एक सूत्र ने दावा किया है कि अमेरिका वार्ता से बाहर निकलने के लिए बहाना तलाश रहा था। अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए बातचीत का इस्तेमाल करना चाहता था, लेकिन मौजूदा मतभेदों और युद्ध जैसे हालात के चलते कोई समाधान नहीं निकल सका। सूत्र ने यह भी संकेत दिया कि ईरान ने फिलहाल आगे की वार्ता को लेकर कोई योजना नहीं बनाई है, जिससे कूटनीतिक तनाव और बढ़ सकता है। 21 घंटे तक चली मैराथन वार्ता के बाद अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने किसी भी समझौते पर सहमति नहीं बनने की पुष्टि की और पाकिस्तान से वापस लौट गया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंसकहा कि ईरान ने वाशिंगटन की शर्तों को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया।



- मिडिल ईस्ट में एक बार फिर जंग शुरू होने की आशंका बढ़ी
- अमेरिका ने कहा: ईरान ने वाशिंगटन की शर्तों को स्वीकार करने से इन्कार किया
- लेबनान मुद्दे को लेकर स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई
- ईरान का कूटनीतिक रुख कायम कहा- बहाना तलाश रहा था अमेरिका

### पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति से कहा- हम निभा सकते हैं मध्यस्थ की भूमिका

**मास्को।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच शांति की कोशिशों को लेकर नई हलचल देखने को मिली है। पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से फोन पर बातचीत की और क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए रूस की भूमिका निभाने की इच्छा जताई। यह बातचीत उस समय हुई है, जब इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान वार्ता कोई ठोस नतीजा नहीं दे सकी। क्रेमलिन के मुताबिक पुतिन ने कहा कि रूस पश्चिम एशिया में राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान खोजने में मदद करने के लिए तैयार है।

### ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से 20 लाख डॉलर शुल्क के साथ 10 जहाजों को गुजरने की अनुमति दी

**तेहरान।** ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से प्रतिदिन लगभग 10 जहाजों को गुजरने की अनुमति देने का फैसला किया है, जिसमें सुपरटैंकर के लिए शुल्क 20 लाख डॉलर तक हो सकता है। यह जानकारी वॉल स्ट्रीट जनरल ने अपनी एक रिपोर्ट में दी। अखबार के मुताबिक, कई देशों के जहाज मालिक आईआरजीसी के साथ इस स्ट्रेट से गुजरने के लिए बातचीत कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जो जहाज इस रास्ते से गुजरेंगे, उन्हें तय किए गए विशेष मार्गों पर ही चलना होगा और आवश्यक अनुमति लेनी होगी। गौरतलब है कि बुधवार रात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की थी। इसके बाद ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने होर्मुज स्ट्रेट को खोलने की घोषणा की थी। यह स्ट्रेट दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और एलएनजी की आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।

## भारत ने दी चीन को दो टूक चेतावनी

### अरुणाचल के कुछ स्थानों का नाम बदलने के दावे को किया खारिज

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारत ने चीन की उन कोशिशों को सख्ती से खारिज कर दिया है, जिनमें उसने अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के नाम बदलने की कोशिश की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस तरह की हरकतें भ्रामक और निरर्थक हैं और भारत इन्हें पूरी तरह अस्वीकार करता है।

मंत्रालय के अनुसार चीन की तरफ से किया गया यह कदम गलत और बिना आधार का है। भारत का कहना है कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा से देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहा है और रहेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साफ कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा से देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहा है और रहेगा। चीन के किसी भी तरह के नाम बदलने या झूठे दावे करने से जमीनी हकीकत नहीं बदलती। उन्होंने यह भी कहा कि चीन की इस तरह की कोशिशें भ्रामक और बिना आधार की हैं, जिन्हें भारत पूरी तरह खारिज करता है। जायसवाल ने दोहराया कि भारत अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर कोई समझौता नहीं करेगा। जायसवाल ने आगे कहा कि भारत ऐसे सभी भ्रामक और गलत प्रयासों को पूरी तरह अस्वीकार करता है। उन्होंने साफ कहा कि चीन द्वारा किए जा रहे झूठे दावे और मनगढ़ंत कहानियां किसी भी तरह की सच्चाई को नहीं बदल सकतीं। अरुणाचल प्रदेश समेत भारत के सभी क्षेत्र हमेशा से देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहे हैं और आगे भी रहेंगे। बता दें कि विदेश मंत्रालय का यह बयान चीन की उस रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें उसने अरुणाचल प्रदेश के कुछ इलाकों के नए नाम जारी करने की कोशिश की थी। ऐसे में भारत ने इसे एक बार फिर राजनीतिक और भड़काऊ कदम बताया है और ऐसे सभी दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है।



- विदेश मंत्रालय ने कहा- इस तरह की हकरतें भ्रामक व निराधार

## राहुल ने 'मैं भी अंबेडकर' मैराथन को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग द्वारा आयोजित 'मैं भी अंबेडकर' मैराथन को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को हरी झंडी दिखाई।

मैराथन नई दिल्ली के मंडी हाउस स्थित सफदर हाशमी मार्ग से शुरू होकर डॉ. अंबेडकर नेशनल मेमोरियल (26, अलीपुर रोड) तक जाएगी। इस आयोजन का संचालन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग ने अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के सहयोग से किया। इस मौके पर गांधी ने कहा कि 'मैं भी अंबेडकर' मैराथन बाबासाहेब अंबेडकर जी के विचारों और भारतीय संविधान के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आज जब संवैधानिक मूल्यों पर प्रहार हो रहे हैं, ऐसे समय में हमें हर अन्याय और भेदभाव के खिलाफ बाबासाहेब अंबेडकर के आदर्शों पर चलकर एकजुट होकर संघर्ष करना होगा।



### अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से होगी शुरू 15 अप्रैल से पंजीकरण

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को घोषणा की कि श्री अमरनाथ यात्रा इस वर्ष तीन जुलाई से शुरू होगी और 28 अगस्त को समाप्त होगी। उपराज्यपाल ने कहा कि भगवान शिव का आशीर्वाद लेने के लिए प्रथम पूजा 29 जून 2026 को ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन आयोजित की जाएगी। यहां लोक भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि कुल 57 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल 2026 से ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से शुरू होगा।

## चार मई के बाद बंगाल में बनेगी भाजपा की सरकार: मोदी

**कोलकाता, वार्ता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सिलीगुड़ी में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोला।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दार्जिलिंग और सिलीगुड़ी के लोगों ने हमेशा उन्हें भरपूर प्यार दिया है और कल के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब यह साफ करता है कि बंगाल अब परिवर्तन का मन बना चुका है। उन्होंने कहा कि इस बार बंगाल से टीएमसी का जाना तय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीएमसी सरकार के 15 साल के शासन में बंगाल सिर्फ बर्बाद हुआ है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि जो युवा आज पहली बार वोट देने जा रहे हैं, वे बंगाल का भविष्य तय करें। ये किसी के भी काम के मूल्यांकन का बहुत बड़ा समय है। पीएम ने आरोप लगाया कि टीएमसी ने 15 वर्षों में कोई काम नहीं किया, बल्कि सिर्फ काले कारनामे किए हैं। उन्होंने सिलीगुड़ी को नार्थ बंगाल का प्रवेश द्वार बताते हुए कहा कि टीएमसी ने जान-बूझकर यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर, इंडस्ट्री और टूरिज्म को पीछे रखा। केंद्र सरकार ने जो पैसा भेजा, उसे सिंडिकेट वाले हजम कर गए। पीएम मोदी ने टीएमसी पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि इस निर्मम सरकार ने मदरसों के लिए तो 6,000 करोड़ रुपये का बजट दिया, लेकिन नार्थ बंगाल के विकास के लिए पर्याप्त पैसा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जब नार्थ बंगाल बारिश और तबाही से जूझ रहा था, तब टीएमसी सरकार कोलकाता में जश्न मना रही थी। पीएम ने टीएमसी को नार्थ बंगाल, आदिवासी, चाय-बागान, महिला और युवा विरोधी पार्टी बताया। भ्रष्टाचार पर कड़ा रुख अपनाते हुए प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी, टीएमसी वाले कान खोलकर सुन लें, चार मई के बाद बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी और उन्हें पिछले 15 वर्षों के पल-पल और पाई-पाई का हिसाब देना होगा। सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सिलीगुड़ी कारिडोर मां भारती की भुजा है, लेकिन टीएमसी ने तुष्टिकरण के लिए उन टुकड़े-टुकड़े गैंग का समर्थन किया जो नार्थ-ईस्ट को देश से अलग करने की धमकी देते हैं। चाय बागानों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि असम की भाजपा सरकार श्रमिकों को जमीन के पट्टे और सुविधाएं दे रही है, जबकि टीएमसी इन्हें बर्बाद कर रही है।



- टीएमसी को देना होगा पाई-पाई का हिसाब
- सिलीगुड़ी में पीएम ने टीएमसी पर तीखा हमला बोला

## भाजपा ने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने रविवार को लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसदों को 3 लाइन का व्हिप जारी कर 16 से 18 अप्रैल तक संसद में मौजूद रहने को कहा है।

इस दौरान किसी को भी छुट्टी नहीं दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी गई थी। सरकार ने बजट सत्र को बढ़ाते हुए 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। संसद से मंजूरी मिलने के बाद यह कानून 31 मार्च 2029 से लागू होगा और उसी साल होने वाले लोकसभा चुनाव में पहली बार प्रभावी होगा।

- 16-18 अप्रैल तक संसद में मौजूद रहना होगा, महिला आरक्षण के लिए विशेष सत्र, पीएम ने पत्र लिखा

## संक्षिप्त समाचार

### गुजरात हाई कोर्ट ने 'फांसी की सजा वाले को किया बरी

**अहमदाबाद।** गुजरात हाई कोर्ट ने अहमदाबाद के ओढव इलाके में साल 2017 में हुए चर्चित मां-बेटे के डबल मर्डर केस में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट ने उस आरा.पी को बरी कर दिया है, जिसे निचली अदालत ने 'रेयरेस्ट आफ रेयर' (दुर्लभ से दुर्लभतम) मामला मानते हुए मौत की सजा सुनाई थी। इसके साथ ही कोर्ट ने आरोपी को तुरंत जेल से रिहा करने का भी आदेश दिया है। 6 जून 2017 को अहमदाबाद शहर के ओढव इलाके में बेला पार्क स्थित एक घर से असहनीय दुर्गंध आने की खबर मिली थी। जब मकान मालिक दिव्येश मोदी ने मौके पर जाकर जांच की, तो उन्हें वहां दो सड़ी-गली और कीड़ों से भरी लाशें मिलीं। पुलिस तफ्तीश में सामने आया कि ये लाशें उनके किराएदार विपुल मोदी और कंचनबेन मोदी की थीं। कोर्ट केस के दौरान सरकारी वकील ने पूरी कहानी सामने रखी थी।

### सर्जन वाइस एडमिरल ने एएमसी के वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** सर्जन वाइस एडमिरल कविता सहाय द्धएवीएसएम, एसएम, वीएसएमऋ, महानिदेशक चिकित्सा सेवा (नौसेना) ने लखनऊ स्थित आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) केंद्र एवं कॉलेज का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने एएमसी के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने शनिवार को लखनऊ छावनी में स्थित एएमसी युद्ध स्मारक 'श्रद्धांजलि' पर माल्यार्पण किया। उन्होंने उन सैनिकों को याद किया। इस कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह, एवीएसएम, जो एएमसी केंद्र एवं कॉलेज के कमांडेंट हैं, भी उपस्थित रहे।

## वोट बैंक के सौदागर बंगाल की डेमोग्रॉफी बदलना चाहते हैं: योगी

# दंगाइयों का इलाज कर देगी डबल इंजन सरकार

**सोनामुखी (बांकुड़ा), वार्ता**



■ कांग्रेस, वामपंथी दलों और तृणमूल कांग्रेस को भावी पीढ़ी के साथ खिलवाड़ करने की छूट न दीजिए: आदित्यनाथ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पश्चिम बंगाल में चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस, वामपंथी दलों और तृणमूल कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले बांग्लादेश में एक दलित हिंदू की निर्मम हत्या पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी मौन रहीं। उन्हें भय था कि बोलने पर उनका मुस्लिम वोट न खिसक जाए। उन्होंने कहा कि वोटबैंक के सौदागर बंगाल की डेमोग्रॉफी को बदलना चाहते हैं। सोनामुखी में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस, वामपंथी दलों और तृणमूल कांग्रेस को भावी पीढ़ी के साथ खिलवाड़ करने की छूट न दीजिए। ये लोग नवरात्र आयोजन में व्यवधान पैदा करते हैं, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। हम सब मिलकर बंगाल का पुराना वैभव लौटा सकते हैं।

सीएम ने कहा कि मैं इसी आह्वान के साथ आपके बीच आया हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तृणमूल के शासन में यहां बहुत तांडव हुआ है। हमारे कार्यकर्ता सुमन को गोली मार दी गई। स्वरूप घोष, पलाश घोष, उत्पल दास जैसे कार्यकर्ताओं के घर उजाड़ दिए गए। सुशोभन का हाथ काट दिया। तृणमूल की गुंडागर्दी के ऐसे अनगिनत उदाहरण भरे पड़े हैं। सीएम ने बंगालवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि दिल्ली में मोदी हैं, पश्चिम बंगाल में भी आप भाजपा सरकार लाइए, डबल इंजन सरकार दंगाइयों का इलाज कर देगी। तृणमूल व वामपंथी गुंडों का उपचार केवल भाजपा सरकार के पास है। उन्होंने स्थानीय भाषा में संवाद स्थापित करते हुए कहा कि अब बंगाल में 'खेला' बंद और भाजपा की जीत से विकास शुरू होगा। उन्होंने मंच से भाजपा प्रत्याशियों सोनामुखी से दिबाकर घरामी, इंडास से निर्मल धारा व बरजोड़ा से बिलेश्वर सिघा को जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी ने बंगाल की धरती पर राष्ट्रगान के रचयिता गुरुदेव रविंद्र नाथ ठाकुर व राष्ट्रगीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को भी याद किया। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर मैं विश्वास से कह रहा हूं कि बंगाल परिवर्तन की नई राह पर चल पड़ा है।

### स्वामी विवेकानंद की धरती है बंगाल

उन्होंने कहा कि बंगाल ने स्वामी विवेकानंद जैसा संन्यासी दिया, जिन्होंने 'गर्व से कहो, मैं हिंदू हूं' का भाव जगाया। बंगाल रामकृष्ण परम.हंस व भारत सेवाश्रम संघ के संस्थापक स्वामी प्रणवानंद की धरती है, लेकिन भारत की संस्कृति की आत्मा और राष्ट्रवाद की धरती बंगाल को तृणमूल कांग्रेस ने तुष्टिकरण, लूट-खसोट, अराजकता की धरती बनाकर रख दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो अराजकता, अव्यवस्था, गुंडागर्दी आज पश्चिम बंगाल में है, 9 वर्ष पहले वही स्थिति उप्र में भी थी। वहां त्योहारों के पहले दंगे होते थे, महीनों कर्फ्यू रहता था। गुंडे-माफिया समानांतर सत्ता संचालन करते थे। 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर उप्र में जनता-जनार्दन ने डबल इंजन सरकार बनाई तो आज यूपी में तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण है।

## दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे का उद्घाटन 14 को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा डा. भीमराव आंबेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के उद्घाटन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

210 किलोमीटर लंबे और छह लेन वाले इस एक्सप्रेसवे के लोकार्पण को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हैं। कार्यक्रम की तैयारियां अपर पुलिस महानिद.शक मेरठ जोन भानु भास्कर, सहारनपुर मंडलायुक्त डा. रूपेश कुमार, जिलाधिकारी मनीष बंसल, एसएसपी अभिनंदन सिंह, एनएचएआई अध्यक्ष संतोष यादव, राज्यमंत्री जसवंत सैनी तथा भाजपा जनप्रतिनिधियों की निगरानी में पूरी की गई हैं। कार्यक्रम स्थल पर 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यह एक्सप्रेसवे दिल्ली के अक्षरधाम से शुरू होकर पश्चिमी उप्र के बागपत, बड़ौत, मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर होते हुए उत्तराखंड की राजधानी देहरादून तक जाएगा। एक्सप्रेसवे का निर्माण चार चरणों में किया गया है जिसमें पहला चरण अक्षरधाम से बागपत के खेकड़ा तक 32 किमी का है जबकि दूसरा चरण बागपत से सहारनपुर के लाखनौर तक 32 किमी, तीसरा चरण लाखनौर से गणेशपुर-बिहारीगढ़ तक 42 किमी और चौथा चरण गणेशपुर टोल से देहरादून तक 18 किमी लंबा है। अंतिम चरण में 12 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया गया है, जो राजा.जी नेशनल पार्क से होकर गुजरेगा।



■ पीएम मोदी सौंपेंगे जनता को, तैयारियां पूरीं

## यूपी में अगले सात दिन शुष्क रहेगा मौसम, हवाएं चलेंगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र में गर्मी ने दस्तक दे दी है। शुष्क मौसम के बीच दिन और रात का तापमान बढ़ने से दोपहर में सड़कों पर भीड़भाड़ कम होने लगी है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले सात दिनों तक मौसम सामान्यतरू शुष्क रहने की संभावना है। पश्चिमी और पूर्वी उप्र के अधिकांश हिस्सों में बारिश के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने बताया कि 12 अप्रैल को पश्चिमी और पूर्वी उप्र में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चल सकती हैं। 13 और 14 अप्रैल को भी 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने के आसार हैं। 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक पश्चिमी और पूर्वी उप्र दोनों क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है। इस दौरान किसी विशेष मौसम गतिविधि की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने 12 अप्रैल से 18 अप्रैल तक पूरे प्रदेश के लिए किसी प्रकार की मौसम चेतावनी जारी नहीं की है। किसानों को सलाह दी गई है कि तेज हवाओं को देखते हुए किसान कटाई के बाद फसल को सुरक्षित स्थान पर रखें। खुले में रखी उपज को ढककर रखें तथा अनावश्यक रूप से धूलभरी हवाओं में बाहर निकलने से बचें।



■ कटाई के बाद फसल को रखें सुरक्षित

## महिला आरक्षण पर सर्वदलीय बैठक बुलाएं

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने पीएम मोदी को लिखा लेटर

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सरकार से महिला आरक्षण विधेयक और परिसीमन के मुद्दे से जुड़े प्रस्तावित संवैधानिक संशोधनों पर चर्चा करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाने का आग्रह किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष को भरोसे में लिए बिना संसद का स्पेशल सेशन बुलाया गया है और चेतावनी दी कि सही चर्चा के लिए जरूरी बातें अभी भी साफ नहीं हैं। यह तब हुआ जब संसद 16 अप्रैल से तीन दिन का स्पेशल सेशन शुरू करने वाली है, जिसका फोकस महिला आरक्षण संशोधन बिल पर होगा। पत्र में खड़गे ने लिखा कि मुझे अभी-अभी 16 अप्रैल से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा के लिए संसद के स्पेशल सेशन पर आपका लेटर मिला है। यह स्पेशल सेशन हमें भरोसे में लिए बिना बुलाया गया है और आपकी सरकार होने वाले डिलिमिटेशन पर कोई डिटेल बताए बिना फिर से हमारा सहयोग मांग रही है। आप समझेंगे कि डिलिमिटेशन और दूसरी बातों की डिटेल के बिना इस ऐतिहासिक कानून पर कोई काम की चर्चा करना नामुमकिन होगा। आपने अपने पत्र में लिखा है कि आपकी सरकार ने इस बारे में पॉलिटिकल पार्टियों से बातचीत की है। हालांकि मुझे यह बताते हुए कहना पड़ रहा हैं कि 29 अप्रैल 2026 को चुनाव का मौजूदा दौर खत्म होने के बाद संविधान में किए जा रहे बदलावों पर चर्चा करने के लिए एक ऑल-पार्टी मीटिंग बुलाई जाए। अभी चल रहे राज्य चुनावों के दौरान स्पेशल मीटिंग बुलाना हमारे इस विश्वास को और पक्का करता है कि आपकी सरकार महिलाओं को सही मायने में मजबूत बनाने के बजाय पॉलिटिकल फायदा उठाने के लिए बिल को लागू करने में जल्दबाजी कर रही है।



■ हमें भरोसे में लिए बिना विशेष सत्र बुलाया: कांग्रेस

## यूपी में 49 बस स्टेशनों का होगा काया-कल्प, परियोजना को मंजूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र में परिवहन व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने फेज-2 के तहत 49 बस स्टेशनों के पुनर्विकास को मंजूरी दे दी है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि यह परियोजना उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर लागू की जाएगी। इस परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न प्रमुख जनपदों में स्थित बस स्टेशनों को आधुनिक, विश्वस्तरीय और बहुउद्देश्ईय बस टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी और पारदर्शी तरीके से डेवलपर्स का चयन किया जाएगा। परियोजना के तहत बनने वाले बस टर्मिनलों में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें स्वच्छता, सुरक्षा, डिजिटल सूचना प्रणाली, सुव्यवस्थित पार्किंग, वाणिज्यिक परिसर और अन्य सहायक सेवाएं शामिल होंगी। साथ ही स्मार्ट और टिकाऊ द्धसस्टेनेबलऋ अवसंरचना विकसित की जाएगी। परिवहन मंत्री ने कहा कि यह परियोजना न केवल यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और बेहतर परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराएगी, बल्कि रोजगार सृजन, आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि और शहरी विकास को भी गति देगी।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 77550.25
निफ्टी 24050.60



सोना 151700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 239685
प्रति किलो



## आंकड़ों पर रहेगी निवेशकों की नजर

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्ध विराम पर सहमति से घरेलू शेयर बाजारों बीते सप्ताह रही जबरदस्त तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों को नजर वृहत आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी।

आने वाले सप्ताह में अमेरिका और ईरान के बीच स्थाई शांति वार्ता की प्रगति बाजार को सबसे अधिक प्रभावित करेगी। साथ ही घरेलू स्तर पर खुदरा महंगाई, थोक महंगाई और आयात-निर्यात के आंकड़े भी जारी होने हैं जिनका बाजार पर बड़ा प्रभाव देखा जाएगा। निवेशकों की नजर कंपनियों के तिमाही परिणामों पर भी रहेगी। गत सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 4.230.70 अंक (5.77 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त में एक महीने के उच्चतम स्तर 77,550.25 अंक पर बंद हुआ। बाजार में गुरुवार को छोड़कर सभी चार दिन लिवाली का जोर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक सप्ताह के दौरान 1,337.50 अंक यानी 5.89 फीसदी चढ़कर 24,050.60 अंक पर बंद हुआ। यह इसका भी एक महीने का उच्चतम स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 7.74 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक में 7.60 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई। बजाज फाइनेंस का शेयर 11.86 फीसदी, ट्रेंट का 10.28, बजाज फिनसर्व का 10.24, टाइटन का 9.87, एलएंडटी का 9.58 और अल्ट्राटेक सीमेंट का 9.06 प्रतिशत चढ़ गया। एशियन पेंट्स में 8.76 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक में 8.71, इंडिगो में 8.62, मारुति सुजुकी में 8.54, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 8.31, एचडीएफसी बैंक में 7.90, अडानी पोर्ट्स में 7.10 और टाटा स्टील में 6.47 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई। एनटीपीसी का शेयर 5.64, बीईएल का 4.93, भारतीय स्टेट बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक दोनों का 4.63, भारती एयरटेल का 4.50, पावरग्रिड का 4.40 औध हिदुस्तान यूनीलिवर का 4.39 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटीसी का शेयर 3.88 प्रतिशत, इटरनल का 3.71 प्रतिशत चढ़ा।



## आईजीआरएस की मार्च माह रिपोर्ट में रामपुर अव्वल

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) की मार्च माह की रिपोर्ट में रामपुर जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। रामपुर को 140 में से 139 अंक मिले हैं, जो 99.29 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार हाथरस और बाराबंकी ने 137-137 अंक हासिल कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया है, जबकि शाहजहांपुर और पीलीभीत 136-136 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। बरेली, आजमगढ़ और लखीमपुर खीरी 134 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इसके अलावा हमीरपुर, सहारनपुर, बलिया, प्रयागराज और मथुरा ने टॉप-10 में जगह बनाई है।

## चावल, गेहूं में साप्ताहिक गिरावट चीनी मजबूत, दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ गुड़ का औसत भाव सात रुपये टूट गया

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव गिर गए। गेहूं में भी नरमी रही। चीनी में मजबूती देखी गई जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 67 रुपये टूटकर सप्ताहांत पर 3,759 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 14 रुपये गिरकर 2,770 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 15 रुपये महंगा हुआ और 3,278 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। सप्ताह के दौरान उड़द दाल की औसत कीमत 28 रुपये और मूंग दाल की सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 43 रुपये सस्ती हुई। तुअर दाल और चना दाल की कीमत 13.13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। बीते सप्ताह मूंगफली तेल औसतन 207 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 125 रुपये और पाम ऑयल की 112 रुपये बढ़ गई।

सूरजमुखी तेल में 94 रुपये और सरसों तेल में 31 रुपये की मजबूती देखी गई। वनस्पति पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। वहीं, चीनी भी 23 रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे.दाल.दलहन: दाल चना 7666.84 रुपये, मसूर काली 8055.01 रुपये, मूंग दाल 10183.61 रुपये, उड़द दाल 10801.14 रुपये, तुअर दाल 11227.68 रुपये प्रति क्विंटल रही।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2769.81 रुपये और चावल 3759.41 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3277.88 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4328.72 रुपये और गुड़ 4998.30 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

खाद्य तेल : सरसों तेल 17881.67 रुपये, मूंगफली तेल 19000.95 रुपये, सूरजमुखी तेल 17507.82 रुपये, सोया तेल 14838.54 रुपये, पाम ऑयल 13531.46 रुपये और वनस्पति 14798.33 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## अयोध्या में कारसेवकों पर गोली किसने चलवाई थी

### अखिलेश के आरोपों पर नृपेंद्र मिश्रा का आरोप

**अयोध्या।** राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष व श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य नृपेंद्र मिश्रा ने अयोध्या में कारसेवकों पर गोली चलाने वाले आरोपों पर जवाब दे दिया है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखलिश यादव इस मामले को लेकर नृपेंद्र मिश्रा पर आरोप लगाते हैं। अब हाल ही में फिर इस मामले पर विवाद छिड़ गया है, जिससे सूबे की सियासत गरमा गई है।

अखिलेश यादव लगातार नृपेंद्र मिश्रा पर गोली चलवाने के आरोप लगाते रहे हैं। एक प्रेस वार्ता में नृपेंद्र मिश्रा से सवाल किया गया कि अखिलेश यादव ने 1990 में अयोध्या में कारसेवकों पर गोलीबारी पर आप पर सवाल उठाया है। उस समय आप प्रमुख सचिव थे। अखिलेश यादव द्वारा लगाए गए आरोपों पर उन्होंने कहा कि हां मैं सचिव था। अखिलेश यादव द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर स्पष्ट करते हुए नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि इस तरह के निर्णय प्रमुख सचिव स्तर पर नहीं किए जाते हैं। ऐसे निर्णय 90 प्रतिशत राजनीतिक होते हैं, जिसमें 10 प्रतिशत राय गृह सचिव/सचिवों और डीजीपी की होती है। वह देश के नेता जी के बेटे हैं, इसलिए उनको तो सभी जानकारी होगी। मैं मुलायम सिंह यादव की सरकार के समय में सचिव भी था। पत्रकार वार्ता के दौरान एक अहम सवाल पर नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि बड़े फैसलों में जहां 10 प्रतिशत निर्णय प्रशास.निक होते हैं, वहीं 90 प्रतिशत फैसले राजनीतिक होते हैं।

## आशा भोंसले ने संगीत के एक युग को परिभाषित किया : मुर्मू

### राष्ट्रपति ने निधन पर जताया शोक, दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वर कोकिला आशा भोसले के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्होंने देश में संगीत के एक युग को परिभाषित किया है और उनका गायन अमर रहेगा।

श्रीमती मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आशा भोसले के निधन ने संगीत की दुनिया में एक खालीपन छोड़ दिया है। एक महान गायिका के तौर पर उन्होंने भारत में संगीत के एक पूरे दौर को परिभाषित किया है। उनके साथ व्यक्तिगत रूप से बातचीत करने की मेरी बहुत प्यारी यादें हैं। उन्होंने कहा, एक कलाकार और एक इंसान के तौर पर उन्होंने अपनी जिंदगी अपनी शर्तों पर जी। उन्होंने अपनी सुरीली और सदाबहार आवाज से दशकों तक भारतीय संगीत को समृद्ध किया। उनका गायन हमेशा अमर रहेगा। उनका जाना संगीत प्रेमियों के लिए एक ऐसी क्षति है जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। मैं उनके परिवार और उनके अनगिनत चाहने वालों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। उल्लेखनीय है कि पद्मश्री और दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित श्रीमती भोसले का 92 साल की उम्र में मुंबई में निधन हो गया। उन्हें सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



## कोडीन कफ सिरप तस्करी मामले में दो गिरफ्तार

**सोनभद्र।** कोडीन युक्त नशीले कफ सिरप की अंतरराज्ईय और अंतर्राष्ट्रीय तस्करी के मामले में सोनभद्र पुलिस की एसआईटी टीम ने प्रयागराज से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। एडिशनल एसपी अनिल कुमार ने रविवार को बताया कि थाना रॉबर्ट्सगंज में दर्ज मामले की जांच के दौरान पुलिस ने मुख्य ड्रग माफिया शुभम जायसवाल और भोला प्रसाद जायसवाल के करीबी संस्कार वर्मा तथा उसके पिता विनोद कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया है। दोनों प्रयागराज के अतरसुइया थाना क्षेत्र के निवासी हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी संगठित तरीके से दिल्ली स्थित वान्या इंटरप्राइजेज के माध्यम से कोडीन युक्त एस्कफ कफ सिरप की बड़ी खेप मंगाते थे और उसे अवैध रूप से अन्य राज्यों में डायवर्ट करते थे।

## बदलाव को विज्ञान-तकनीक जरूरी

### जनजातीय जीवन सम्मेलन में बोल उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली, वार्ता**

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने जनतजातीय जीवन में बदलाव के लिए विज्ञान और तकनीक को जरूरी बताया है। श्री राधाकृष्णन ने रविवार को यहां भारत मंडपम में आयोजित विज्ञान और प्रौद्योगिकी उपायों के माध्यम से जनजातीय जीवन में परिवर्तन विषयक सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि आधुनिक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं।

सम्मेलन का आयोजन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने नेक्टर और आईटीआईटीआई दून संस्कृति स्कूल के सहयोग से किया गया। श्री राधाकृष्णन ने अपने संबोधन में कहा कि जनजातीय समुदाय भारत की संस्कृति, परंपरा और जैव विविधता के सच्चे संरक्षक हैं। देश में लगभग 1.4 लाख जनजातीय गांव हैं, जहां करीब नौ प्रतिशत आबादी निवास करती है। इन समुदायों के पास पारंपरिक ज्ञान का समृद्ध भंडार है, जो प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग में सहायक है। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि जब आधुनिक विज्ञान और तकनीक, भाषा, आस्था और संस्कृति के साथ समन्वय में काम करते हैं, तो यह सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बनता है। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में हरित आर्थिक विकास की अपार संभावनाओं पर भी जोर दिया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि विज्ञान और तकनीक के माध्यम से जनजातीय जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाते हुए उनकी संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण भी संभव है। श्री राधाकृष्णन ने 2047 में विकसित भारत की परिकल्पना का जिक्र करते हुए कहा कि इसका मूल मंत्र 'विकास भी, विरासत भी' है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक मूल्यों को संरक्षित रखते हुए आधुनिक विकास को आगे बढ़ाना ही देश की प्राथमिकता है। उन्होंने जनजातीय उत्थान के लिए सरकार की विभिन्न पहलों का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नयन कार्यक्रम के तहत हजारों किलोमीटर सड़क और सैकड़ों पुलों को मंजूरी दी गई है।



# गुजरात टाइटंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स को सात विकेट से हराया

**लखनऊ, वार्ता।** प्रसिद्ध कृष्णा (चार विकेट) के बाद कप्तान शुभमन गिल (56) और जॉस बटलर (60) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत गुजरात टाइटंस ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 19वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ गेंदे शेष रहते सात विकेट से शिकस्त दी।



165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस के लिए साई सुदर्शन और शुभमन गिल की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 45 रन जोड़े। छठें ओवर की पहली गेंद पर दिग्वेश राठी ने साई सुदर्शन को आउट कर लखनऊ सुपर जायंट्स को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जॉस बटलर ने शुभमन गिल के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। 15वें ओवर में लप्रस यादव ने शुभमन गिल को आउटकर पवेलियन भेज दिया। शुभमन गिल ने 40 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 56 रनों की पारी खेली। 16वें ओवर में मोहम्मद शमी ने जॉस बटलर को आउट किया। जॉस बटलर ने 37 गेंदों में 11 चौके लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली।

गुजरात टाइटंस ने 18-4 ओवरों में तीन विकेट पर 165 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम किया। वॉलशगटन सुंदर ने 13 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 21 रनों की पारी खेली। राहुल तेवतिया ने नाबाद 10 रन बनाए। इससे पहले आज यहां एडन मारक्रम (30), कप्तान ;षभ पंत (18), निकोलस पूरन (19) और अब्दुल समद (18) के योगदान लखनऊ सुपर जायंट्स ने गुजरात टाइटंस के खिलफ आठ विकेट पर 164 रन बनाये। गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर लखनऊ सुपर जायंट्स को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसके बल्लेबाज गुजरात टाइटंस के गें. दबाजी आक्रमण के आगे संघर्ष करते नजर आये। लखनऊ का पहला विकेट 14 के स्कोर पर मिचेल मार्श के रूप में गिरा। उन्हें कगिसो रबाड़ा ने आउट किया। मार्श ने चार गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए 11 रन बनाये। पांचवें ओवर में मोहम्मद सिराज ने ऋषभ पंत का शिकार कर लिया। ऋषभ पंत ने 11 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 18 रन बनाए।

## पोलार्ड आईपीएल के इम्पैक्ट प्लेयर नियम के खिलाफ आवाज में शामिल हुए

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर नियम के बढ़ते विरोध को एक नई आवाज मिली है। मुंबई इंडियंस के बैटिंग कोच कीरोन पोलार्ड ने बिना किसी लाग-लपेट के कहा, ष्अगर आप मुझसे पर्सनली पूछें कि मुझे यह पसंद है या नहीं, तो मैं सीधे कह सकता हूं: मैं इसका फैन नहीं हूं। मुंबई के पूर्व ऑलराउंडर, जो 2010 सीजन से अलग-अलग भूमिकाओं में आईपीएल से जुड़े रहे हैं,

को लगा कि इम्पैक्ट प्लेयर ऑप्शन ऑलराउंडरों की स्किल्स का कम इस्तेमाल करता है, जिसका असर इंटरनेशनल टीमों पर पड़ सकता है। इससे छुटकारा पाने की बात करें तो, यह मेरे बस की बात नहीं है। लेकिन जैसा कि मैंने कहा, इसने टी20 क्रिकेट में स्कोर जरूर बढ़ाया है। क्या इंटरनेशनल क्रिकेट में भी इसका वैसा ही असर हुआ है? मैंने सच में इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया है, क्योंकि यह एक अलग डायनामिक है - अगर आप लीग गेम में कुछ विकेट खो देते हैं, तो भी आपके पास मजबूत होने का मौका होता है। इसलिए, जो लोग सत्ता में हैं, उन्हें यह देखना होगा कि क्या यह असल में खेल के लिए अच्छा है, टेलीविजन के लिए अच्छा है, या सिर्फ लोगों के लिए फायदेमंद है। इम्पैक्ट प्लेयर रूल के साथ, कुछ स्किल सेट ऐसे हैं जिनका इंटरनेशनल क्रिकेट में पूरी तरह से इस्तेमाल नहीं हो सकता है। उम्मीद है, वे रिव्यू करेंगे कि क्या यह सच में फायदेमंद है। अगर नहीं - और अगर नियम बने रहते हैं - तो आपको बस इसे जारी रखना होगा। रोहित शर्मा, विराट कोहली, एमएस धोनी, शुभमन गिल और अक्षर पटेल जैसे खिलाड़ियों ने अलग-अलग मौकों पर इस नियम की आलोचना की है। अक्षर ने सीजन शुरू होने से पहले कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे यह नियम पसंद नहीं है, क्योंकि मैं एक ऑल-राउंडर हूं। पहले, आप बैटिंग और बॉलिग के लिए एक ऑलराउंडर चुनते थे। इस नियम की वजह से, टीम मैनेजमेंट किसी खास बैट्समैन या बॉलर को चुनता है, यह सोचकर कि 'हमें ऑलराउंडर की क्या जरूरत है? गिल भी उतने ही क्रिटिकल थे। पर्सनली मेरे लिए, मुझे नहीं लगता कि कोई इम्पैक्ट प्लेयर होना चाहिए। आम तौर पर क्रिकेट 11 प्लेयर्स का गेम है, एक एक्स्ट्रा बैट्समैन जोड़ने से, मुझे लगता है कि गेम से स्किल खत्म हो जाती है। उस एक एक्स्ट्रा प्लेयर के साथ, यह गेम को और भी वन-डाइमेंशनल बना रहा है। गुजरात टाइटन्स के कप्तान ने हाल ही में कहा कि मुश्किल विकेट पर 180 या 160 रन का पीछा करना मेरे लिए सपाट ट्रैक पर 220 रन का पीछा करने से ज्यादा रोमांचक है। इम्पैक्ट प्लेयर नियम 2023 से लागू है।

## खेल विशेष

### भारत मेजबान केन्या से 2-0 से हारा

**नैरोबी, वार्ता।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने शनिवार को नैरोबी के न्यायो नेशनल स्टेडियम में मेजबान केन्या के खिलाफ 2-0 से हार के साथ अपने फीफा सीरीज 2026 अभियान की शुरुआत की। दुनिया की 134वीं नम्बर की टीम केन्या के लिए मार्था एमेडोट (2) और टेरेजा ओबुन्या (55) ने गोल किए, जबकि फीफा रैंकिंग में 67वें नम्बर पर मौजूद भारत स्कोर करने में नाकाम रहा। फीफा सीरीज को इंटर-कॉन्फेडरेशन मैच-अप के जरिए इंटरनेशनल एक्सपोजर देने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे टीमों को पारंपरिक टूर्नामेंट के बाहर कीमती कॉम्पिटिटिव मिनट मिलते हैं। टूर्नामेंट में सिर्फ चार टीमें हिस्सा ले रही हैं - जिसकी शुरुआत सेमीफाइनल से होगी। इससे पहले दिन में, ऑस्ट्रेलिया ने पहले सेमीफाइनल में मलावी को 5-0 से हराया था। इसके चलते, भारत बुधवार को तीसरे स्थान के प्लेऑफ में मलावी से भिड़ेगा।

### मिरांडा, हंसराज और स्टनर्स जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल (पुरुष और महिला) टूर्नामेंट के छठे दिन मिरांडा हाउस, हंसराज कॉलेज और स्टनर्स एकेडमी ने आसान जीत हासिल की। इस टूर्नामेंट का आयोजन श्री गुरु तेग बहादुर कॉलेज द्वारा किया जा रहा है। महिला वर्ग में, मिरांडा हाउस ने हंसराज कॉलेज को 53-18 से हराया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिरांडा हाउस की दीक्षिता को दिया गया। पुरुष वर्ग के मैचों में, हंसराज कॉलेज ने रामजस कॉलेज को 63-38 से हराया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार हंसराज कॉलेज के सार्थक को दिया गया। एक अन्य मैच में, स्टनर्स एकेडमी ने खालसा एलुमनी को 105-87 से हराया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार स्टनर्स एकेडमी के जयंत कादयान को दिया गया।

### फाइनल में थमा आयुष का स्वप्निल सफर

**निगबो ( चीन ), वार्ता।** दुनिया के दूसरे नम्बर के पुरुष सिगल्स खिलाड़ी शि यू की ने यहां खेली जा रही बैडमिटन एशिया चैंपियनशिप 2026 के फाइनल में रविवार को 'जायंट किलर' आयुष शेट्टी की जीत का सिलसिला रोक दिया। चीनी खिलाड़ी ने 20 साल के रूकी पर 21-8, 21-10 से शानदार जीत दर्ज की। 2025 पेरिस वर्ल्ड चैंपियनशिप के गोल्ड मेडलिस्ट यूकी ने शुरू से ही मैच पर कंट्रोल कर लिया, उन्होंने पहला गेम 21-8 के स्कोर के साथ शानदार अंदाज में जीता। तीन बार के ऑल इंग्लैंड ओपन चैंपियन ने अपने स्मैश अच्छे से लगाए, जिससे आयुष की डिफेंसिव कमजोरी सामने आ गई और उन्हें नेट्स पर आने से रोक दिया। आयुष ने गेम 2 में अच्छी शुरुआत की, 6-2 की बढ़त बनाई, दूसरे गेम के ब्रेक पर स्कोर यू की के पक्ष में 11-8 था। इसके बाद सब यू की ही रहा क्योंकि दुनिया के 25वें नम्बर के आयुष के पास यूकी के शॉट्स का कोई जवाब नहीं था।

### रुतुराज गायकवाड़ पर १२ लाख का जुर्माना

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है

क्योंकि उनकी टीम ने चेन्नई के एम ए चिदंबरम स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच नम्बर 18 के दौरान धीमा ओवर-रेट बनाए रखा। आईपीएल के कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2-22 के तहत उनकी टीम का इस सीजन का पहला उल्लंघन था, जो मिनिमम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, इसलिए गायकवाड़ पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।


### पॉवरप्ले तय करेगा राजस्थान और हैदराबाद मुकाबले का फैसला

**हैदराबाद, वार्ता।** कुछ मैच टॉस से शुरू होते हैं, और फिर कुछ मैच बल्ले की पहली झलक से शुरू होते हैं। सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच यह मैच पूरी तरह से दूसरी कैटेगरी में आता है। यह उतना क्रिकेट मैच नहीं है, जितना कि चार बाएं हाथ के खिलाड़ियों का मिलन है, जो मानते हैं कि संयम एक तरह की कमजोरी है। सनराइजर्स हैदराबाद अपने होम ग्राउंड पर पूरे कॉन्फिडेंस के साथ उतरेगी, जैसे उसने अपनी बैटिंग लाइनअप के बारे में बहुत सारी अच्छी बातें पढ़ी हों। ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा, उनकी ओपनिग जोड़ी, उतने बैट्समैन नहीं हैं, जितने कि सब्र के खिलाफ तर्क हैं। जब वे कनेक्ट करते हैं, तो बॉल आगे नहीं बढ़ती, वह निकल जाती है। पिच पर राजस्थान रॉयल्स खड़ी है, जो बिना हारे है और इस सीजन में बाकी सभी की परेशानियों से थोड़ी खुश है। यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी, उनकी ओपनिग कॉम्बिनेशन, स्कूली बच्चों जैसे दिखते हैं, जिन्होंने पाया है कि मैथ का हल छक्कों से निकाला जा सकता है।

### ज्योति सुरेखा के नेतृत्व वाली भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने जीता स्वर्ण पदक

**पुएब्ला मेक्सिको, वार्ता।** अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा धामनगांवकर और प्रगति वाली भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने तीरंदाजी विश्व कप 2026 के पहले चरण में स्वर्ण पदक जीता। शनिवार को आयोजित मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय तीरंदाजी टीम ने फाइनल में अमेरिका की पेज पियर्स, ओलिविया डीन और एलेक्सिस रुइज को 233-232 से हराया।

दूसरे सेट के अंत में भारत 117-114 से पीछे था, और अगले सेट में उसने इस अंतर को घटाकर एक अंक (174-173) कर दिया। चार 'ग' और दो '10' अंकों की बदौलत, भारतीय टीम ने चौथे और अंतिम सेट में पिछड़ने के अंतर को पाटते हुए, 2026 तीरंदाजी विश्व कप के सीजन-ओपनिग चरण में देश का एकमात्र पदक हासिल किया। तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम इस मुकाबले में एक शानदार विरासत के साथ उतरी थी, क्योंकि उसकी तीनों तीरंदाजों ने विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में पदक जीते थे। इससे पहले, विश्व की नम्बर 3 तीरंदाज ज्योति सुरेखा, 2025 शंघाई विश्व कप की स्वर्ण पदक विजेता मधुरा धामनगांवकर और 22 वर्षीय प्रगति ने डेनमार्क पर 235-234 की जीत के बाद, सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त तुर्की को 233-230 से हराया था। भारत को शुरुआती राउंड में 'बाई' मिला।

# बागियों मोटर मार्ग का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने पर ग्रामीणों में रोष

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के ग्राम धारपयाकोटी के धारी बागियों मोटर मार्ग से जुड़े लगभग 3 किमी लंबे मोटर मार्ग का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

मोटरमार्ग का निर्माण कार्य पूरा किए जाने सहित मुआवजा दिए जाने कि मांग को लेकर ग्रामीण आंदोलनरत है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की जो कटिंग की गई है, वह भी मानकों के अनुसार पूरी नहीं की गई है, जिससे लगातार खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण कार्य से निकले बोल्डरों को नीचे बसे गांवों में डाल दिया था, ऐसे में आगामी बरसात के मौसम में जनहानि होने की आशंका बनी हुई है। धरना प्रदर्शन को समर्थन देते हुए जिला पंचायत सदस्य चिलेडी उत्तम असवाल ने कहा कि जनवरी 2022 से शुरू हुए धारी ढूंडसिर-बागियों मोटर मार्ग से जुड़े लगभग 3 किमी लंबे मोटर मार्ग की कटिंग का कार्य शुरू हुआ था।



■ **ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने की मांग, पांच दिनों से धरने में बैठे बागियों के ग्रामीण**

जिससे ठेकेदार द्वारा पुरा बताकर आंधे में छोड़ दिया। कहा कि सड़क की कटिंग के कारण मोहल्ले में लगातार पत्थर गिर रहे हैं, जिससे कई घरों को नुकसान भी पहुंच रहा है। इसके अलावा ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो वर्षों से घरों तक जाने वाले रास्ते भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, प्रभावित लोगों को अब तक किसी प्रकार का मुआवजा भी नहीं मिला है और क्षेत्र में पानी की व्यवस्था भी नहीं की गई है। उन्होंने जिलाधिकारी टिहरी से दूरसंचार कर ग्रामीणों की समस्याओं को उनके सम्मुख रखा।

वहीं ग्रामीण कैप्टन जोत सिंह राणा, प्रधान सुरेश कुमार ने कहा कि पूर्व में मोटरमार्ग को लेकर उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर सहित लोक निर्माण विभाग कीर्तिनगर को कई बार पत्राचार के माध्यम से बताया गया, लेकिन एक भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गयी। ग्रामीणों की मांगों को अनसुना किए जाने पर ग्रामीणों को धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने, पुश्ता निर्माण करने और प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की है, ताकि बरसात से पहले संभावित खतरे को टाला जा सकें। कहा कि यदि जल्द से मांगों पर कार्यवाही नहीं होती है तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

**पीडब्ल्यूडी अधिकारी जल्द करेगे मोटरमार्ग का निरीक्षण**

धारी बागियों मोटर मार्ग 2.8 किलोमीटर तक काटा गया है। शेष बची कटिंग को आवासीय बस्ती आने के चलते रोका गया है। मोटरमार्ग से प्रभावितों हुए कुछ ग्रामीणों को मुआवजा दिया जा चुका है। एक-दो दिनों के भीतर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौके पर जाकर मोटरमार्ग का निरीक्षण करेंगे। हालांकि ग्रामीणों से तीन महीने का समय मांगा गया है। निरीक्षण में जो भी रिपोर्ट सामने आयेंगे उसके अनुसार कार्य किया जायेगा।ष धीरेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता, लोनिवि कीर्तिनगर।

# सियासी गलियारों में हलचल: कांग्रेस नेता गौरव फर्स्वाण के रहस्यमयी पोस्ट से संगठन में खलबली

शाह टाइम्स संवाददाता

**चमोली।** चमोली जिले के दशोली विकासखंड से कांग्रेस के कद्दावर नेता और क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ रखने वाले गौरव फर्स्वाण के हालिया सोशल मीडिया पोस्ट ने जिले की राजनीति में भूचाल ला दिया है।



फर्स्वाण की इस नाराजगी के बाद अब कयासों का बाजार गर्म है कि क्या कांग्रेस को आने वाले समय में कोई बड़ा झटका लगने वाला है। गौरव फर्स्वाण ने अपने पोस्ट में खुद को एक कांग्रेसी कार्यकर्ता मिस्त्री बताते हुए लिखा कि वह शविश्वकर्माश की भूमिका में हैं। उन्होंने बेहद प्रतीकात्मक लहजे में अपनी व्यथा साझा करते हुए कहा मुझे अब यह समझ नहीं आ रहा है कि किस देवता का घर बनाना अभी बाकी रह गया है। राजनीतिक विश्लेषक इस बयान के गहरे अर्थ निकाल रहे हैं। जानकारों का मानना है कि शमिस्त्रीश और शघर बनानेश की बात कहकर गौरव ने यह संकेत दिया है कि उन्होंने पार्टी को मजबूत करने के लिए जमीन पर मेहनत तो खूब की, लेकिन अब उन्हें अपनी भूमिका और भविष्य को लेकर संशय है।सोशल मीडिया पर इस पोस्ट के वायरल होते ही चर्चाएं शुरू हो गई हैं कि क्या गौरव फर्स्वाण कांग्रेस से मोहभंग के चलते अब किसी दूसरे दल का रुख कर सकते हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या वह दूसरों का घर बनाते-बनाते अब अपना सियासी घर बसाने की योजना बना रहे हैं? दशोली ब्लॉक में गौरव फर्स्वाण की सक्रियता और युवाओं के बीच उनकी लोकप्रियता को देखते हुए, यदि वह कोई कड़ा फैसला लेते हैं, तो यह स्थानीय स्तर पर कांग्रेस के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकता है। फिलहाल, संगठन के आला नेताओं की ओर से इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन अंदरखाने डैमेज कंट्रोल की कोशिशें शुरू होने की चर्चा है। अब देखना दिलचस्प होगा कि गौरव की यह नाराजगी किसी श्देवताश शीर्ष नेतृत्व के मनाने से दूर होती है या फिर चमोली की राजनी. ति में कोई नया धमाका देखने को मिलेगा

# बांध प्रभावितों ने मांगों को लेकर गांवों में शुरू किया जनसंपर्क

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** टिहरी बांध प्रभावित व विस्थापितों की मांगों को लेकर प्रतापनगर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। साथ ही गणेश चौक में टिहरी गढ़वाल जन-अधिकार संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन 45वें दिन भी जारी रहा।

मोर्चा के अध्यक्ष सागर भंडारी ने बताया कि प्रतापनगर के गांवों में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को प्रतापनगर के ग्वाड़, बनाली गांवों में भ्रमण कर

■ **गढ़वाल जन-अधिकार संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन जारी**

ग्रामीणों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि टिहरी बांध से प्रभावित लोगों ने अपनी पुश्तैनी जमीन और मकान खोए हैं, इसलिए बांध से मिलने वाली रायल्टी का उपयोग सबसे पहले प्रभावितों के विकास कार्यों में किया जाना चाहिए। सरकार उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी कर रही है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आंदोलनकारियों का कहना है कि इस जनआंदोलन को क्षेत्रीय जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। मोर्चा पदाधिकारियों ने बताया कि आंदोलन को और प्रभावी बनाने के लिए नई रणनीतियों पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान ग्वाड़ राजेंद्र सिंह रावत, सुनील धनाई, पूर्व प्रधान सतपाल सिंह रावत, पूक्षेपंस पूरण सिंह रावत, विजेंद्र धनाई, मोटणा प्रधान प्रदीप नेगी जी आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड से बेहतर यूपी में थी मोरी की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाएं

**चिरंजीव सेमवाल/दीपेन्द्र कलूडा**

**मोरी/ उत्तरकाशी ।** आजादी के सात दशक बीत जाने के बावजूद पुरोला विधानसभा का गंगाड क्षेत्र आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है। मोरी के इस सुदूरवर्ती गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और संचार जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं का गंभीर अभाव बना हुआ है। शनिवार को गंगाड़ में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर के दौरान ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग की लचर व्यवस्था को लेकर क्षेत्र विधायक दुर्गेश्वर लाल और जिलाधिकारी से खुलकर नाराजगी जताई और बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त की।

दरअसल गंगाड़ स्थित जूनियर हाईस्कूल और हाईस्कूल में शिक्षकों की भारी कमी है। स्थानीय लोगों के

■ **गंगाड़ में शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बदहाल: शिक्षक तीन माह से गायब, स्वास्थ्य केंद्र में लटका ताला**

अनुसार स्कूल सप्ताह में केवल तीन दिन ही संचालित हो रहा है, जिससे बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं, जिससे छात्रों को बुनियादी शिक्षा तक नहीं मिल पा रही।

ओसला गांव निवासी राजमोहन राणा ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उनके गांव के स्कूल का एक शिक्षक पिछले तीन महीनों स्कूल से नदारद है है, लेकिन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह स्थिति शिक्षा व्यवस्था की निगरानी और जवाबदे. ही पर बड़े सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों का कहना है कि तत्कालीन उत्तर प्रदेश के दौरान यहां स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक हुआ करते थे और शिक्षा व्यवस्था बेहतर थी, उत्तराखंड राज्य गठन के बाद यहां शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं बदहाली हो गई। क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं के हालात बेहद खराब हैं। बच्चों को मजबूरी में या तो अधूरी शिक्षा लेनी पड़ रही है या फिर दूर-दराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता है, जो पहाड़ी क्षेत्र में आसान नहीं है। शिविर में मौजूद जिलाधिकारी प्रशांत कुमार ने शिक्षा विभाग को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि जब तक जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक हालात सुधरने की उम्मीद कम ही है।

बड़ा सवाल यह है किख्क्या प्रशासन की यह पहल गंगाड़ के बच्चों का भविष्य संवार पाएगी या शिक्षा व्यवस्था यूं ही लापरवाही की भेंट चढ़ती रहेगी? गांव के बुजुर्ग प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि हमारे क्षेत्र की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाएं उत्तराखंड से बेहतर यूपी शासन के दौरान थी। उन्होंने कहा कि मोरी का गंगाड क्षेत्र उत्तरप्रदेश में थे तब लखनऊ से इस अति दुर्लभ गांव में 70-80 के दशक में गांव में स्कूल और ऐलोपैथिक स्वस्थ्य केंद्र खुला और यह परमानेंट शिक्षक और डॉक्टर तैनात रहते थे इतना ही नहीं उसे दौरान यहां महिला ऑपरेशन भी होते थे लेकिन आज राज्य गठन के बाद 26 साल बाद क्षेत्र में शिक्षक और डॉक्टर नहीं पहुंचा पा रहे हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों पर भी जमकर तंज कहते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि अपने चम्मचों को सरकारी योजनाओं का लाभ देते हैं ग्रामीणों को कोई पूछने वाला तक नहीं।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि आज भी उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। क्षेत्र में सड़क 12 महिने में से तीन महिने भी खुली नहीं रहती सुविधा न होने से बीमार और बुजुर्गों को अस्पताल तक पहुंचाना बड़ी चुनौती बना रहता है। कई बार समय पर इलाज न मिलने के कारण गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाती है। शिक्षा व्यवस्था की स्थिति भी चिंताजनक है।

## राजराजेश्वरी मंदिर जलेड में धार्मिक अनुष्ठान शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जनपद के पट्टी मखलोगी स्थित मां राज राजेश्वरी मंदिर, जलेड में 11 व 12 अप्रैल को भव्य धार्मिक आयोजन का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान रात्रि जागरण व विशाल भंडारे में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बीत शनिवार की रात्रि 8 बजे से जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पूरी रात माता के भजन, कीर्तन व भक्तिमय प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिरस में डूबा रहा। श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन होकर माता का गुणगान करते रहे। रविवार को सुबह 10 बजे से मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान आसपास के गांवों के साथ-साथ दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। आयोजन का संचालन व व्यवस्थाएं समस्त ग्रामवासी तुंगोली व रावत बिहार, नथुवाला, देहरादून के सहयोग से संपन्न हुईं। आयोजकों ने बताया कि मां राज राजेश्व. री मंदिर क्षेत्र का प्रमुख आस्था केंद्र है, जहां इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समय-समय पर होते रहते हैं। इस मौके पर ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह रावत, सरत सिंह रावत, विजयपाल रावत, रमेश रावत, आनंद रावत, जगमोहन रावत, अवतार सिंह रावत, कुंवर सिंह रावत, दीवान सिंह रावत, शूरवीर सिंह रावत, प्रीतम सिंह रावत, बलवंत रावत, धूम सिंह रावत, रामचंद्र रावत, पूर्व पीटीए अध्यक्ष विक्रम सिंह रावत आदि लोगों विशेष सहयोग रहा है।

# जनगणना के कार्यों में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी: डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**टिहरी।** प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने जनपद के समस्त उपखण्ड जनगणना अधिकारियों, उप जिलाधिकारियों के साथ जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रगति कार्यों की समीक्षा बैठक बीती शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ली एवं संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी द्वारा जनपद स्तर पर टेबल वर्क, ब्डडै पोर्टल पर प्रगति तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान अतिरिक्त चार्ज अधिकारी प्रताप. नगर, देवप्रयाग, टिहरी एवं नगर पंचायत चम्बा द्वारा पोर्टल एवं सुप. रवाइजरी सर्किल से संबंधित कार्य



अभी तक पूर्ण न किए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।समीक्षा के दौरान जिला कार्यालय स्तर से अवगत कराया गया कि 09 अप्रैल, 2026 से 11 अप्रैल, 2026 तक तहसील बालगंगा एवं घनसाली में दो-दो बैचों के माध्यम से सुप. रवाइजर एवं प्रगणकों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने समस्त उपखण्ड जनगणना अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया गया कि उनके क्षेत्रांतर्गत आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लाप. रवाही क्षम्य नहीं होगी।

साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि सभी उपखण्ड अधिकारी अपने-अपने चार्ज में जनगणना कार्यों की समय-समय पर नियमित समीक्षा भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा जनगणना 2027 से संबंधित कार्यों की समीक्षा समय-समय पर डीएम स्तर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, बैठकों के माध्यम से निरंतर की जाएगी। समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी एके सिंह ,एसडीएम कमलेश मेहता टिहरी,वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी केशब गैरोला सहित समस्त उपखंड जनगणना अधिकारी, उप जिलाधिकारी वर्चअल माध्यम से मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### 14 अप्रैल को देवलगढ़ में लगेगा विखोत मेला

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू के देवलगढ़ स्थित सिद्धपीठ राजराजेश्वरी मंदिर में विखोत मेला 14 अप्रैल को आयोजित किया जायेगा। इसको लेकर मंदिर समिति ने तैयारियों शुरू कद दी है। सिद्धपीठ राजराजेश्वरी मंदिर के पुजारी कुंजीका प्रसाद उनियाल ने बताया कि गढवाल नरेश की प्राचीन राजधानी देवलगढ़ में प्रतिवर्ष परम्परागत रूप से मनाए जाने वाला विखोत 14 अप्रैल को ममाया जाएगा। बताया कि इस अवसर पर भगवती माँ गौरादेवी की प्रतिमा को झूला झुलाया जाता है। जबकि देवलगढ़ स्थित प्राचीन सिद्घपीठ श्रीराजराजेश्वरी में श्री यंत्र, श्री महाकाली यंत्र, श्री कामाख्या यंत्र के साथ श्री बटुक भैरव की विशेष पूजा के साथ हवन यज्ञ की परम्परा निभाई जाती है। बताया मेले को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने मेले में बडी संख्या में भक्तों से पहुंचने का आह्वान किया है।

### भाजपा का गांव चलो बस्ती चलो अभियान का समापन

**श्रीनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्थापना दिवस एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर गांव चलो बस्ती चलो अभियान का रविवार को समापन हुआ। भाजपा मंडल ने अलकेश्वर घाट स्थित शिव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपाई शशि जुयाल ने कहा कि स्वच्छता अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य 2047 तक भारत को विश्व पटल पर एक अलग पहचान दिलाना है। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रमिला भंडारी ने कहा कि संगठन द्वारा दिए गए सभी कार्यक्रमों को महिला मोर्चा के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया जा रहा है। जिला महामंत्री गणेश भट्ट ने अभियान के सफल संचालन के लिए पौड़ी जिले के सभी मंडलों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। मौके पर भाजपा श्रीनगर मंडल के अध्यक्ष विनय घिल्डियाल, जिला महामंत्री गणेश भट्ट, रेखा रावत, शांति भट्ट, आशा फरासी, सोनी कौर, आशीष उनियाल सहित आदि मौजूद थे।

### अनियंत्रित वाहन ने पार्किंग में खड़ी कई बाइकों को रौंदा

**चमोली।** बद्रीनाथ नेशनल हाईवे पर स्थित पांडुकेश्वर में देर रात रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहाँ एक अनियंत्रित वाहन ने पार्किंग में खड़े कई दुपहिया वाहनों को जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत रही कि घटना देर रात की थी और मौके पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। मिली जानकारी के अनुसार, देर रात एक अज्ञात वाहन अत्यधिक गति से पांडुकेश्वर की ओर आ रहा था। अचानक चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन सीधे पार्किंग जोन में जा घुसा। टक्कर इतनी भीषण थी कि वहां खड़ी कई मोटरसाइकिलें और स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। टक्कर की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक वाहन चालक वहां से निकल चुका था। क्षतिग्रस्त वाहनों के मालिकों ने प्रशासन से उचित कार्रवाई और मुआवजे की मांग की है।

# जिले में सामान्य है रसोई गैस आपूर्ति

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार डोभाल ने बताया कि जनपद में घरेलू एलपीजी की प्राप्ति एवं वितरण की स्थिति सामान्य बनी हुई है।

विगत दिवस को जनपद में स्थित, जनपद में सेवा प्रदान करने वाली गैस एजेन्सियों को 1492 घरेलू एलपीजी सिलेण्डर प्राप्त हुए। एंव एजेन्सियों के द्वारा 2597 घरेलू एलपीजी सिलेण्डर उपभोक्ताओं को वितरित हुए, वितरण पश्चात एजेन्सियों के स्टॉक में 2913 सिलेण्डर अवशेष है। गैस एजेन्सियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में घरेलू गैस सिलेण्डरों का वितरण किया गया। व्यावसायिक एल०प. ी०जी सिलेण्डरों हेतु जनपद को 212 सिलेण्डर प्रतिदिन का आवंटन प्राप्त हुआ है, प्राप्त आवंटन के अनुसार श्रेणीवार, एजेन्सीवार आंवटन निश्चित कर लिया गया है। आवंटन के नियमानुसार वितरण हेतु एजेन्सियों को निर्देशित किया गया है।

एजेन्सियों को कमर्शियल श्रेणी में विगत दिवस 19 कि०ग्रा० श्रेणी में 108 सिलेण्डर प्राप्त हुए एवं उनके द्वारा 105 सिलेण्डर वितरित किये गये। एल०पी०जी आपूर्ति एंव वितरण के प्रभावी पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण हेतु गठित त्वरित प्रतिक्रिया दल द्वारा भी नियमित निरीक्षण किये जा रहे है। फत्ज् दल द्वारा अभी तक गैस गोदाम, पेट्रोल पम्प, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, होटल आदि के 491 निरीक्षण किये जा चुके है। निरीक्षण में कुल 14 घरेलू गैस सिलेण्डरों की जब्ती की कार्यवाही की गयी जिनमें से 05 सिलेण्डरों की निर्धारित जुर्माने की धनराशि रूपये 7250 विभागीय लेखाशीर्षक में जमा करवाते हुए अवमुक्त किया गया है। शिकायतों की प्राप्ति एवं उचित समाधान हेतु जनपद मुख्यालय में गठित कट्रोल रूम में अब तक 87 शिकायतें पंजीकृत हुई। प्राप्त शिकायतों के समाधान हेतु निरन्तर उचित कार्यवाही भी सम्पादित की जा रही है।

साथ ही उपभोक्ताओं से यह भी अपील की जा रही कि घरेलू एल०पी०जी की आपूर्ति एवं वितरण सामान्य है। सभी अपनी आवश्यकतानुसार ही गैस बुकिंग कर सिलेण्डर को पूर्व की भांति होम डिलीवरी, प्वाईंट डिलीवरी से प्राप्त करे, किसी भी स्थिति में एजेन्सी में लाइन न लगाने का कष्ट करें। आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के पत्र दिनांक 02 अप्रैल, 2026 के अनुपालन में विवाह समारोह हेतु आवश्यकतानुसार अधिकतम 120 व्यावसायिक सिलेण्डरों हेतु आवेदन प्राप्त हुए जिनके आदेश निर्गत किए गए ।

## पूर्व राज्यमंत्री तोमर ने किया गांवों का भ्रमण

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** पूर्व राज्यमंत्री अतर सिंह तोमर ने विधानसभा प्रतापनगर क्षेत्र के पट्टी ओण के मांजफ, सिलवाल गांव, कुडियालगांव, पणसू, शुक्री,जखवाल गांव आर्दा का भ्रमण कर किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ क्षेघ्त्रीय मुद्दों पर चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। भ्रमण के दौरान पूर्व राज्यमंत्री अमर सिंह तोमर ने मांजफ व जखवाल गांव में पार्टी कार्यकर्ताओंके साथ बैठक की। उन्होंने मिशन 2027 के लिए अभी से सक्रिय रहकर एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार चहुमुखी विकास का प्रतीक है और सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। तोमर ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यकर्ता एक मंच पर आकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लें और मेहनत से इस दिशा में कार्यकरने में जुट जाएं। इस मौके पर विवेक भट्ट, लक्ष्मी प्रसाद उनियाल, विरेंद्र थलवाल, राजपाल मिश्रवाण, धर्म सिंह मिश्रवाण, दिनेश भट्‌ट आदि मौजूद रहे।

# नई टिहरी में 20 मई से शुरू होगी रामलीला

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** हर वर्ष की भांति इस बार भी नई टिहरी शहर में रामलीला का आयोजन किया जाएगा।

इस बार 20 मई से रामलीला का आयोजन होगा। रामलीलास समिति ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। गुरूवार को आयोजित बैठक में रामलीला की तैयारियों पर चर्चा की गई। नवयुवक अभिनय श्री रामकृष्ण लीला समिति की ओर से गुरूवार को नई टिहरी के एक वैडिंग प्वाइंट में आयोजित बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने रामल. ीला आयोजन को लेकर चर्चा की। निर्णय लिया गया इस इस बार 20 से 30 मई तक पुरानी टिहरी की

■ **रामलीला समिति ने बैठक कर दी कार्यक्रमों की जानकारी**

ऐतिहासिक रामलीला का नई टिहरी शहर में मंचन किया जाएगा। रामल. ीला रात्रि 9 बजे से शुरू होगी।

इससे पूर्व 19 अप्रैल को बौराडी स्टेडियम में हनुमान ध्वज की स्थापना कर इसकी शुरूआत की जाएगी। समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल ने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला का भव्य मंचन आयोजित किया जाएगा। रामलीला में हाईटेक तकनीकी का प्रयोग किया जाएगा। इसके लिए नगरवासियों से सहयोग की अपील की गई। उन्होंने बताया कि जल्द ही पात्रों का चयन व रिहर्सल शुरू की जाएगी।

रामलीला में नगर के आस-पास के लोगों को रामलीला स्थल तक लाने व ल जाने के लिए वाहन की व्यवस्था की जाएगी। समिति ने उम्मीद जताई है कि जिस तरह पिछली बार रामलीला आयोजन में सहयोग के लिए लोग बढ-चढकर आगे आए थे इसी तरह को सहयोग इस बार भी मिलेगा। बैठक में समिति के सचिव अमित पंत, रामलीला के निर्देशक अनुराग पंत, उपाध्यक्ष भगवान चंद रमोला, राक. ेश लवली, शंकर चंद, विवेक आदि मौजूद रहे।

# एनआईटी के स्थायी परिसर का निर्माण कार्य 90 प्रतिशत पूरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) श्रीनगर परिसर का निर्माण कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

निर्माण कार्य लगभग अंतिम चरण में पहुंच गया है, जिससे अगस्त माह से कक्षाओं के संचालन की उम्मीद जगी है।

40 करोड़ की लागत से श्रीनगर में बन रही एनआईटी के स्थायी परिसर में प्रशासनिक भवन, कक्षाएं, प्रयोगशालाएं और रिक्रिएशन रूम सहित विभिन्न सुविधाओं का निर्माण कार्य किया जा रहा है। एनआईटी के अधिकारियों से मिली खबर के

■ **अगस्त से सितम्बर माह से अकादमिक गति. विधियां शुरू कि जायेगी**

अनुसार शेष कार्यों को भी जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा, जिसके बाद यहां विधिवत पठन-पाठन शुरू किया जा सकेगा।

बताते चले कि श्रीनगर में एनआईटी के निर्माण कार्य की शुरुआत 30 मार्च 2023 को हुई थी।

जिसका पूरे करने का लक्ष्य 31 जुलाई 2024 तक रखा गया था, लेकिन कुछ तकनीकी और प्रशास. निक कारणों से कार्य में देरी हुई, अब परियोजना अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। एनआईटी के



कुलसचिव डॉ. हरि मौल आजाद ने बताया कि श्रीनगर में बन रहें एनआईटी स्थायी परिसर का लगभग 90 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, शेष कार्य तेजी से किया जा रहा है।

बताया कि कार्यदायी संस्था सीपीडब्ल्यूडी से हैंडओवर मिलते ही संस्थान को पूर्ण रूप से संचालन के लिए तैयार कर दिया जाएगा। कहा कि हमारी कोशिश है कि अगस्त से सितम्बर माह के बीच यहां कक्षाओं का संचालन शुरू कर दिया जायेगा।

हैंडओवर प्रक्रिया पूरी होते ही अकादमिक गतिविधियां शुरू कर दी जाएंगी, जिससे क्षेत्र के छात्रों को उच्च तकनीकी शिक्षा के लिए बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

बताया कि श्रीनगर में बन रहें परिसर में छात्रावासों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। जबकि सुमाडी में एनआईटी का कार्य निर्माणाधीन है।

# मुख्य न्यायाधीश ने किया न्याय मित्र पोर्टल का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली के तत्वाधान में उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल द्वारा देहरादून में आयोजित दो दिवसीय नॉर्थ जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस का रविवार को भव्य समापन हुआ।

इस सम्मेलन के समापन के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), भारत के मुख्य न्यायाधीश एवं नालसा के संरक्षक-प्रधान न्यायमूर्ति सूर्यकांत, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल सहित उच्चतम न्यायालय एवं उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्तिगण, उत्तर भारत के विभिन्न उच्च न्यायालयों से पधारे न्यायमूर्तिगण और विधि विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य




दो दिवसीय नॉर्थ जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस का रविवार को भव्य समापन, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने कॉन्फ्रेंस में किया प्रतिभाग

न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता द्वारा स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया गया तथा विभिन्न गणमान्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में उत्तराखण्ड राज्य के समस्त जनपदों के जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के अध्यक्ष, सचिव एवं न्यायिक अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता की। विभिन्न तकनीकी सत्रों के माध्यम से न्याय तक पहुँच को सशक्त बनाने, वंचित वर्गों के अधिकारों के संरक्षण तथा न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं सुलभ बनाने पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन के दौरान वन अधिकार अधिनियम, 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन, जेल सुधार, विचाराधीन बंदियों के अधिकार, एसिड अटैक पीड़ितों के पुनर्वास एवं महिलाओं व बच्चों के विधिक अधिकारों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर भारत के मुख्य न्यायाधीश ने "न्याय मित्र पोर्टल" का शुभारंभ किया , जिससे आमजन ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर त्वरित न्याय प्राप्त कर सकेंगे। नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति विक्रम नाथ द्वारा ई-बुकलेट का विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि न्याय व्यवस्था की वास्तविक सफलता तभी सुनिश्चित होती है, जब न्याय समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंचे। उन्होंने "जस्टिस बियॉन्ड बैरियर्स" की अवधारणा को रेखांकित करते हुए स्पष्ट किया कि न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया को सरल बनाने के साथ-साथ उससे जुड़ी सभी बाधाओं को दूर करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन के विषय को अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए कहा कि आदिवासी समुदायों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, एसिड अटैक पीड़ितों के पुनर्वास, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा तथा कारागार सुधार जैसे विषयों पर गंभीर विचार-विमर्श समय की आवश्यकता है। उन्होंने नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी द्वारा संचालित वीर परिवार सहायता योजना, लीगल सर्विस क्लीनिक, स्पृहा, जागृति एवं मानव-वन्यजीव संघर्ष जैसी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि ये पहल समाज के वंचित वर्गों तक न्याय पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ई-कोर्ट्स, नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड, फास्ट ट्रैक कोर्ट्स और डिजिटल केस मैनेजमेंट जैसे सुधारों से न्याय प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सुलभ और प्रभावी बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी डिजिटल कोर्ट्स, ई-फाइलिंग, वर्चुअल हियरिंग तथा समान नागरिक संहिता लागू कर न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सम्मेलन से प्राप्त सुझाव प्रदेश एवं देश के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगे।

# देवभूमि में साहित्य एवं ज्ञान परम्परा के पुनर्जागरण का ध्वजवाहक बना बुक फेस्टिवल: युवराज

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत द्वारा देहरादून में पहली बार आयोजित दून पुस्तक महोत्सव का रविवार को विधिवत समापन हो गया।

नौ दिन की इंद्रधनुषी यात्रा में यह आयोजन अभिनव रचनात्मक गति. विधियों, विचार मंथन सत्रों तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से देहरादून के कला एवं साहित्य प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहा। पुस्तक महोत्सव के आयोजक एन.बी.टी. के निदेशक युवराज मलिक ने एक साक्षात्कार में आयोजन से जुड़ी बातों पर विस्तार से चर्चा की । युवराज मलिक सबसे पहले तो मैं उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, जिला प्रशासन, नगर निगम, देहरादून की मीडिया और देहरादून की जनता का आभार



प्रकट करना चाहता हूं कि उन्होंने दून पुस्तक महोत्सव के आयोजन में एन.बी.टी. का अभूतपूर्व सहयोग किया। जहां तक पुस्तक महोत्सव के समापन का प्रश्न है तो मैं यह मानता हूं कि यह सिर्फ एक महोत्सव नहीं था, बल्कि देवभूमि उत्तराखण्ड की साहित्यिक यात्रा का एक पड़ाव भर था। इसलिए यह यात्रा का समापन नहीं बल्कि शुरूआत है, जो बहुत शानदार रही। इस महोत्सव के प्रबंधन को लेकर मुझे कई लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

युवराज मलिक ने कहा की महोत्सव के उद्देश्य का जहां तक प्रश्न है, इस संबंध में मैं बताना चाह. ूंगा कि जब हम इस आयोजन की योजना बना रहे थे तो उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से हमारी बात हुई।

उनका सुझाव था कि यह आयोजन ऐसा हो जो देवभूमि के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक पहचान को और आगे बढ़ाने का काम करे। वे चाहते थे कि यह आयोजन उत्तराखण्ड के साहित्यिक विकास में मील का पत्थर साबित हो। और हमने उसी अनुरूप प्रयास किये। हमने मुख्यत: बच्चों और युवा पीढ़ी को पुस्तकों के नजदीक लाने का प्रयास किया। बच्चों के लिए रचनात्मक गति. विधियां आयोजित की गयी, ताकि वे अधिक से अधिक संख्या में पुस्तक मेले में पहुंचें।

# उपराष्ट्रपति ने यूकॉस्ट महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली / देहरादून।** भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित आईटीआईटीआई दून संस्कृति स्कूल, देहरादून के रजत जयंती समारोह के अवसर पर शविज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से जनजातीय जीवन में परिवर्तनश विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने यूकॉस्ट के महानिद. ेशक प्रो. दुर्गेश पंत को विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया ।

इसी कार्यक्रम के एक तकनीकी सत्र को संबोधित करते हुए प्रो. पंत ने बताया कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी न केवल जीवन को सरल बनाते हैं, बल्कि जनजातीय समुदायों की आजीविका, स्वास्थ्य, शिक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने इस बात पर



विशेष जोर दिया कि स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर सतत विकास की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकते हैं। प्रो. पंत ने आगे कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से जल संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण, और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएँ हैं। जनजातीय क्षेत्रों में कौशल विकास, डिजिटल सशक्तिकरण और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। प्रो. पंत ने यह भी उल्लेख किया कि यदि विज्ञान को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप लागू किया जाए, तो यह जनजातीय समुदायों के जीवन स्तर में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन ला सकता है, साथ ही राज्य के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। दून संस्कृति विद्यालय के 25 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में यूकॉस्ट द्वारा उत्तराखंड की वैज्ञानिक प्रगति और तकनीकी नवाचारों को राष्ट्रीय पटल पर प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद् डॉ. रीमा पंत, प्रहलाद अधिकारी, डॉ राजेंद्र राणा, विकास नौटियाल, अर्चित पांडेय, कुमार रोशन, संदीप मनराल आदि उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति अधिनियम, लोकतांत्रिक इतिहास का स्वर्णिम दस्तावेज : दीप्ति रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा महिला नेतृत्व ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को देश में लोकतंत्र का स्वर्णिम इतिहास सृजित करने वाला बताया है।

प्रदेश महामंत्री श्रीमती दीप्ति रावत ने सशक्तिकरण के लिए माताओं बहिनों की तरफ से सभी पार्टियों से दलगत राजनीति से ऊपर उठते हुए संसद में अधिनियम के समर्थन का आग्रह किया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुआ यह ऐतिहासिक कार्य देश की महिलाओं के विश्वास और आकांक्षाओं को नई दिशा और गति देगा। वहीं उम्मीद जताई कि महिला सांसदों का जो सफर 1952 में 5 फीसदी से शुरू होकर 7 दशकों बाद भी मात्र 14-15 फीसदी पहुंचा था, वहीं अब इस कानून के साथ 33 फीसदी के पार पहुंच जाएगा।।

पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता




कहा -महिला हित में दलगत राजनीति से ऊपर उठें सभी दल, करें अधिनियम का समर्थन

पार्टी की महिला नेताओं द्वारा आयोजित एक पत्रकार वार्ता में "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" का प्रबल समर्थन एवं स्वागत किया गया। इस दौरान दीप्ति रावत ने कहा कि 16 अप्रैल को संसद के विशेष सत्र में प्रस्तुत होने जा रहा "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" देश की महिलाओं के लिए ऐतिहासिक, क्रांतिकारी और दूरगामी प्रभाव वाला निर्णय है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को समान अधिकार, सम्मान और अवसर प्रदान करने की दिशा में एक सशक्त संकल्प का प्रतीक है। यह अधिनियम भारतीय लोकतंत्र को और अधिक समावेशी एवं प्रतिनिधिक बनाएगा। जो महिलाओं की भागीदारी शासन प्रशासन में बढ़ाएगा, जिससे उनकी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, संवे. दनशीलता और जवाबदेही भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा, इस विधेयक के पारित होने से लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं

### अधिनियम से बढ़ेगी महिला भागेदारी, होगा लोकतंत्र मजबूत : रुचि भट्ट

महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने कहा, यह अधिनियम भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक समावेशी और संतुलित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो महिलाओं को केवल प्रतिनिधित्व ही नहीं, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में समान भागीदारी का अवसर भी प्रदान करेगा।

### विधेयक आने वाली पीढ़ियों की महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

पत्रकार वार्ता में मौजूद देहरादून कैंट विधायक सविता कपूर ने कहा कि यह विधेयक आने वाली पीढ़ियों की महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उन्होंने कहा कि अब देश की बेटियां बड़े सपने देखने के साथ-साथ उन्हें साकार करने के लिए मजबूत मंच भी प्राप्त करेंगी।

को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित होगा, जिससे महिलाएं अब केवल मतदाता या लाभार्थी नहीं, बल्कि नीति निर्माण और निर्णय प्रक्रिया की सक्रिय भागीदार बनेंगी। उन्होंने कहा कि इससे देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और निर्णय अधिक संवेदनशील, संतु. लित एवं जनहितकारी होंगे। इस अवसर पर विधायक सविता कपूर , प्रदेश प्रवक्ता कमलेश रमन, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री डॉ हिमानी डिमरी, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मीडिया संयोजक डॉ दिव्या नेगी, भाजपा महिला मोर्चा प्रवक्ता लक्ष्मी अग्रवाल, प्रवक्ता, मोर्चा कार्यालय सह प्रभारी, बबली चौहान भी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने किया लापता नाबालिग बरामद

**काशीपुर।** हाल ही में लापता हुआ 17 वर्षीय नाबालि प्रखर कुमार सुरक्षित मिल गया है। जानकारी के अनुसार, युवक अपने एक दोस्त के साथ मुरादाबाद चला गया था। पुलिस की सक्रियता से मामला जल्द सुलझ गया, जिससे एक बड़ी चिंता टल गई।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जनपद में गैस की आपूर्ति सामान्य: जीबी पांडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जनपद में घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। जिला पूर्ति अधिकारी जीबी पांडे ने बताया कि जनपद में गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी भी क्षेत्र में कमी की स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को समयबद्ध और नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। वर्तमान में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 845 गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इण्डेन गैस सर्विस, बागेश्वर द्वारा अमसरकोट, डोबा, धारी, सिमी, नरगोल, ठाकुरद्वारा, कैलखुरिया और पेट्रोल पम्प क्षेत्र में 295 सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। इण्डेन गैस सर्विस, गरुड़ द्वारा देवनाई, पचना और ढोलगांव क्षेत्रों में 260 सिलेंडर वितरित किए जा

नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई

रहे हैं। इण्डेन गैस सर्विस, कपकोट द्वारा झोपड़ा और शामा क्षेत्र में 100 सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। इण्डेन गैस सर्विस, काण्डा द्वारा काण्डा बाजार, धपोली, सातचौरा और धिंघारतोला में 100 सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। शुभम गैस एजेंसी, गरुड़ द्वारा कठायतवाड़ा, मण्डलसेरा, बिलौना, जौलकाण्डे, लेटी और शीशाखानी क्षेत्रों में 90 सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त शिखर भारत गैस सर्विस, शामा को प्लांट से लोड प्राप्त होने के बाद कपकोट, अंसों और बोहाला क्षेत्रों में भी गैस सिलेंडरों का वितरण किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विभाग लगातार निगरानी बनाए हुए है और समयबद्ध वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

# समाजकार्य प्रशिक्षितों ने गांधी पार्क से भरी हुंकार

हरिद्वार, पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेजों में आउटसोर्सिंग बंद कर हो नियमित भर्ती

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी के गांधी पार्क में समाजकार्य क्षेत्र से जुड़े युवाओं ने एकजुट होकर स्थायी रोजगार की मांग को लेकर जोरदार आवाज उठाई। 'उत्तराखंड समाजकार्य परिषद' के गठन के साथ ही मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) प्रशिक्षित पेशेवरों ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द ही नियमित भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं की गई तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। परिषद ने खासतौर पर राजकीय मेडिकल कॉलेज हरिद्वार और पिथौरागढ़ में चिकित्सा समाज कल्याण अधिकारी (एमएसडब्ल्यूओ) के पदों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से भरे जाने का कड़ा विरोध किया। वक्ताओं ने कहा कि संवेदनशील स्वास्थ्य संस्थानों में अस्थायी व्यवस्था के बजाय योग्य युवाओं की नियमित



नियुक्ति आवश्यक है। नवनियुक्त अध्यक्ष बृजपाल रावत ने कहा कि आउटसोर्सिंग के जरिए भर्ती करना योग्य युवाओं के साथ अन्याय है।

### विज्ञापन जारी कर की जाए सीधी भर्ती

परिषद ने मांग की कि दोनों मेडिकल कॉलेजों में सृजित पदों को आउटसोर्सिंग से बाहर कर तत्काल नियमित भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जाए।

साथ ही प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों, उपजिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी चिकित्सा समाज कल्याण अधिकारी के पद सृजित किए जाएं। यह भी कहा गया कि इन पदों पर केवल समाजकार्य में प्रशिक्षित और डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को ही प्राथमिकता दी जाए, ताकि मरीजों को बेहतर सामाजिक परामर्श और सहयोग मिल सके।

### नई कार्यकारिणी का गठन

बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में बृजपाल रावत को जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि कोषाध्यक्ष डॉ. रंजीता जुयाल बनाई गईं।

प्रदेश महामंत्री के रूप में रमेश गड़िया, अंकुर रावत और अतुल सती को चुना गया। प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर गोविन्द चौहान, विपिन चंद्र, अनुराधा दूधपुडी और आशीष पंत को जिम्मेदारी मिली।

वहीं प्रदेश सचिव के रूप में योगेश पाण्डेय, अजय बडोनी, डिम्पल थपलियाल, अंजलि पंवार और नयन पंथारी को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दीप्ती पुरोहित, हरीश पेंन्युली, सुषमा नेगी और खुशबू भंडारी को शामिल किया गया, जबकि मीडिया प्रभारी का दायित्व विनय बहुगुणा को सौंपा गया। संरक्षक मंडल में डॉ. जय प्रकाश भट्ट, राकेश डोबाल, मनवीर माही और डॉ. नितिन बिष्ट सहित अन्य वरिष्ठों को शामिल किया गया है।

## डिजिटल अरेस्ट से बचाव के बताए तरीके

**अल्मोड़ा।** एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के के निर्देश पर जनपद के समस्त कोतवाली एवं थाना प्रभारियों द्वारा स्कूलों, कालेजों, नगर, कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को साइबर अपराधों और ठगी से बचाव के तरीको की जानकारी दी जा रही है।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी डी ) महोदय रुद्रप्रयाग**
**दी. वाद. सं. 09/2026**

**वादीगण** - 1 श्रीमती नौमुला मंजूला पत्नी श्री नौमुला गणेश उम्र 40 वर्ष 2. श्री नौमुला गणेश पुत्र श्री नौमुला धनराज उम्र 42 वर्ष मकान संख्या 2-49/1, इब्राहिमपतनम मण्डल राजेश्वर राव पेट, करीमनगर जनपद जगत्याल राज्य आंध्र प्रदेश, पिन कोड- 505450, हाल पता - चौरबाड़ी ग्लेशियर, केदारनाथ जनपद रुद्रप्रयाग, मो. न. - 9848747184

**बनाम**

**प्रतिवादीगण** 1. उत्तराखंड सरकार द्वारा श्रीमान जिलाधिकारी महोदय जनपद रुद्रप्रयाग। 2. श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद रुद्रप्रयाग। 3. श्रीमान जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी कलेक्ट्रेट परिसर जनपद रुद्रप्रयाग। 4. श्रीमान अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत केदारनाथ हाल ऊखीमठ, पो. व तहसील ऊखीमठ, जनपद रुद्रप्रयाग । 5. आम जनता

**समन बनाम - आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वादीगण श्रीमती नौमुला मंजूला पत्नी श्री नौमुला गणेश उम्र 40 वर्ष एवं श्री नौमुला गणेश पुत्र श्री नौमुला धनराज उम्र 42 वर्ष निवासी मकान संख्या 2-49/1, इब्राहिमपतनम मण्डल राज. श्वर राव पेट, करीमनगर जनपद जगत्याल राज्य आंध्र प्रदेश, पिन कोड- 505450, हाल पता - चौरबाड़ी ग्लेशियर, केदारनाथ जनपद रुद्रप्रयाग वालो ने अपने पुत्र नौमुला रिशवंत का दिनांक 26.08.2025 मृत्यु प्रमाण पत्र चाहने बाबत माननीय न्यायालय में एक वाद अंतर्गत धारा 34 विशिष्ट अनुतोष अधिनियम प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें वास्ते तिथि आपत्ति एवं जवाब. दावा की तिथि 17-4-2026 नियत है। जिस किसी भी व्यक्ति को वादीगणों के पुत्र नौमुला रिशवंत का दिनांक 26-8-2025 मृत्यु प्रमाण पत्र दिए जाने में कोई आपत्ति हो तो उक्त तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

अत: उक्त तिथि को दिन के ठीक 10 आप मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता उपस्थित होना सुनिश्चित करें ऐसा करने में चूक न हो।

**आदेशानुसार**
**सिविल जज ( सी डि ) रुद्रप्रयाग**

## मुख्यमंत्री धामी से की फिल्म निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर ने मुलाकात

# उत्तराखंड को देश का अग्रणी फिल्म शूटिंग हब बनाने का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रख्यात फिल्म निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उत्तराखंड को फिल्म निर्माण के क्षेत्र में एक अग्रणी गंतव्य के रूप में विकसित करने, निवेश को आकर्षित करने तथा राज्य की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच पर स्थापित करने के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड अपनी अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता, विविध भौगोलिक परिस्थितियों, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं शांत वातावरण के कारण फिल्म निर्माण के लिए अत्यंत उपयुक्त राज्य है। राज्य सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि उत्तराखंड को देश-विदेश के



फिल्म निर्माताओं की पहली पसंद बनाया जाए और इसे एक सशक्त फिल्म शूटिंग हब के रूप में स्थापित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लागू की गई आधुनिक एवं उद्योगोन्मुख फिल्म नीति के अंतर्गत फिल्म निर्माताओं को आकर्षक सब्सिडी, टैक्स छूट तथा विभिन्न प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। साथ ही सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से शूटिंग से संबंधित सभी अनुमतियों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया गया है, जिससे फिल्म निर्माण प्रक्रिया को अत्यधिक सुगम बनाया जा सका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए अब तक व्यापक स्तर पर कार्य किए गए हैं। राज्य में अनेक हिंदी फिल्मों, क्षेत्रीय फिल्मों, टीवी धारावाहिकों एवं वेब सीरीज की शूटिंग सफलतापूर्वक संपन्न हुई है, जिससे उत्तराखंड देश के प्रमुख फिल्म निर्माण स्थलों में तेजी से उभरकर सामने आया है। यहां की वादियां, झीलें, धार्मिक स्थल एवं ऐतिहासिक लोकेशन फिल्म निर्माताओं को विशेष रूप से आकर्षित कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि उत्तराखंड को फिल्म निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए "मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट" का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो चुका है, जो राज्य सरकार की नीतियों और व्यवस्थाओं की सफलता का प्रमाण है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि राज्य ने फिल्म इंडस्ट्री के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने में उल्लेखनीय प्रगति की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में फिल्म शूटिंग के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में लोकेशन बैंक तैयार किया गया है, जिसमें पर्वतीय क्षेत्र, झीलें, वन क्षेत्र, ऐतिहासिक स्थल एवं धार्मिक धाम शामिल हैं। इससे फिल्म निर्माताओं को विविध और आकर्षक लोकेशन एक ही मंच पर उपलब्ध हो रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि फिल्म उद्योग के माध्यम से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा स्थानीय कलाकारों, तकनीशियनों एवं युवाओं को फिल्म निर्माण प्रक्रिया से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही फिल्म एवं मीडिया से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे युवाओं को इस क्षेत्र में करियर बनाने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

# पुलिस का नशे पर बड़ा प्रहार: 9 ग्राम स्मैक के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोतवाली उत्तरकाशी और एसओजी की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दो नशा तस्करों को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार व एसओजी प्रभारी निखिल देव चौधरी के नेतृत्व में टीम ने बीती रात मनेरा बाईपास स्थित ऋषिराम स्कूल के पास चेकिंग के दौरान शुभम (28) और विनोद लाल (36) को गिरफ्तार किया। तलाशी में उनके पास से कुल 9.04 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 90 हजार रुपये बताई जा रही है।

दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी विनोद के खिलाफ पहले से भी मुकदमा दर्ज है और दोनों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।

एसपी कमलेश उपाध्याय ने कहा कि जिले में नशे के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और युवाओं को इस जहर से बचाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

गौरतलब है कि वर्ष 2026 में अब तक उत्तरकाशी पुलिस 9 एनडीपीएस मामलों में 12 तस्करों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस दौरान 6 किलोग्राम से अधिक चरस और 9.04 ग्राम स्मैक बरामद की गई है, जबकि 4 तस्करों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई भी की जा चुकी है।

# बैशाखी स्नान और सद्भावना सम्मेलन को संपन्न कराने के लिए पुलिस की तैयारियां पूरी

## मेला क्षेत्र को 10 जोन व 33 सेक्टरों में किया विभाजित, डीएम और एसएसपी ने किया पुलिस बल को ब्रीफ

शाह टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। बैशाखी स्नान एवं सद्भावना सम्मेलन पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। वैशाखी स्नान एंव सद्भावना सम्मेलन को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए मेला क्षेत्र को 10 जोन व 33 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। पूरा मेला क्षेत्र सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेगा। 6 डीएसपीए 19 इंस्पेक्टरए थानाध्यक्षए एसएसआईए 42सब इंस्पेक्टर व एडीशनल सब इंस्पेक्टरए ८ महिला सब इंस्पेक्टरए 181 हेडकांस्टेबल व कांस्टेबलए 63 महिला कांस्टेबलए ट्रैफिक पुलिस के 2 इंस्पेक्टर व 13 सब इंस्पेक्टरए 24 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबलए अभिसूचना इकाई के 9 कर्मचारीए 1 टीम बम डिस्पोजल व डॉग स्कवाडए फायर सर्विस की 4 यूनिटए 13 जल पुलिसकर्मीए 1 स्कवाड टियर गैसए 4 प्रिजन वैन व सादे वस्त्रो में 14 पुलिस कर्मी मेला क्षेत्र में सुरक्षा व यातायात व्यवस्था की कमान संभालेंगे।

रविवार को जिलाधिकारी मयूर दीक्षित व एसएसपी नवनीत सिंह ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में ऋषिकुल ऑडिटोरियम में वैशाखी स्नान एंव सद्भावना सम्मेलन में तैनात किए गए पुलिस फोर्स को ब्रीफ किया। स्नान पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए डीएम व एसएसपी ने सभी कर्मियों को सतर्कताए संयम एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने तथा स्थानीय अभिसूचना इकाई को पूरे मेला क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए महत्वपूर्ण सूचनाएं तत्काल उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

# छठे दिन भी जारी रहा नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ चलाया जा रहा विशेष अभियान लगातार छठे दिन जारी रहा। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित तथा नगर आयुक्त नंदन कुमार के निर्देशों के क्रम में नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बैशाखी स्नान पर्व के दृष्टिगत रविवार को नगर निगम अधिकारियों ने टीम के सीसीआर चौक के निकट तथा रोड़ी बेलवाला क्षेत्र में पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान चलाते हुए 30 से अधिक ठेलियों व अस्थायी अतिक्रमण को हटवा दिया। इसके अलावा सार्वजनिक मार्गो एवं नालियों पर किए गए अतिक्रमण को भी हटवाया गया। अभियान के दौरान कुछ लोगों ने विरोध करने का प्रयास भी किया। लेकिन पुलिस बल की मौजदूगी के चलते विरोध कारगर नहीं हो पाया। नगर टीम ने सख्ती से कार्यवाही करते हुए समस्त अतिक्रमणों को हटवा दिया। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि नगर क्षेत्र में कहीं भी किसी प्रकार का अतिक्रमण पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही करते हुए हटाया जाएगा। अभियान के दौरान नगर आयुक्त नंदन कुमार, उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, मुख्य सफाई निरीक्षक अर्जुन सिंह, प्रशिक्षु सफाई निरीक्षक, अतिक्रमण सहायक आदित्य तेश्वर तथा नगर निगम के कर्मचारी शामिल रहे।

# गंगा के बीच टापू पर फंसे 21 लोगों को पुलिस टीम ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** गंगा का जलस्तर बढ़ने से टापू पर फंसे लोगों को जल पुलिस टीम ने सकशुल रेस्क्यू कर लिया। पुलिस की सतर्कता और तत्परता से बड़ी अनहोनी टल गयी। रविवार को दिल्ली, हरियाणा एवं राजस्थान से आए 10 पुरूष, 7 महिला व 4 बच्चों समेत 21 लोग सप्तऋषि क्षेत्र में कबीर घाट के आगे टापू पर स्नान करने पहुंचे थे। स्नान करने के दौरान अचानक जलस्तर बढ़ने के कारण गंगा का बहाव तेज हो गया। जिससे सभी लोग टापू पर फंस गए। लोगों के टापू पर फंसे होने की सूचना मिलने पर सप्तऋषि चौकी इंचार्ज चेतक पुलिस एवं जल पुलिस टीम बोट व आपदा राहत उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचे और टापू पर फंसे सभी व्यक्तियों को सुरक्षित रेस्क्यू कर किनारे पर लाया गया। पुलिस ने श्रद्धालुओं से गंगा में स्नान करते समय जलस्तर व बहाव का विशेष ध्यान रखने और नदी के बीच बने टापू या गहरे स्थानों पर जाने से बचने की अपील की है।

# समारोह पूर्वक मनाया ब्रह्मलीन स्वामी जगन्नाथ देव का निर्वाण दिवस

## राष्ट्र की एकता अखंडता बनाए रखने में संत महापुरूषों की अहम भूमिका : मदन कौशिक

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** सप्तसरोवर क्षेत्र स्थित ब्रह्म निवास आश्रम उत्तर भाग में ब्रह्मलीन महांडलेश्वर स्वामी जगन्नाथ देव महाराज का चालीसवां निर्वाण दिवस सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूषों के सानिध्य में विधि विधान से समारोह पूर्वक मनाया गया। आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी परमात्मदेव के संयोजन में आयोजित निर्वाण दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि राष्ट्र की एकता अखंडता बनाए रखने में संत महापुरूषों की हमेशा अहम भूमिका रही है। संत समाज की दिव्य विभूति ब्रह्मलीन स्वामी जगन्नाथ देव का त्याग और तपस्या से परिपूर्ण जीवन समस्त समाज के लिए प्रेरणादायी है। महामंडलेश्वर स्वामी परमात्मदेव ने कहा कि संतों का जीवन परमार्थ के लिए होता है। ब्रह्मलीन गुरूदेव स्वामी जगन्नाथ देव महाराज की सेवा और परमार्थ की परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी जगन्नाथ देव संत समाज के प्रेरणास्रोत थे। स्वामी परमात्मदेव सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें गुरू के रूप में स्वामी जगन्नाथ देव जैसे विद्वान संत का सानिध्य प्राप्त हुआ। महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए जीवन समर्पित करने वाले ब्रह्मलीन स्वामी जगन्नाथ देव के जीवन से प्रेरणा लेते हुए सभी को मानव सेवा का संकल्प लेना चाहिए। स्वामी कृष्णदेव, स्वामी रविदेव शास्त्री एवं स्वामी दिनेश दास ने फूलमाला पहनाकर सभी संतों का स्वागत किया। इस अवसर पर स्वामी ऋषिश्वरानंद, बाबा हठयोगी, स्वामी राममुनि, महंत जगदीश दास, महंत गंगादास उदासीन, महंत राघवेंद्र दास, महंत गोविंद दास, स्वामी नित्यानंद, महंत अरूण दास, महंत सूरज दास, महंत रघुवीर दास, महंत विष्णु दास, महंत बिहारी शरण, महंत गणेश दास, स्वामी आनंद स्वरूप शास्त्री, आईडी शास्त्री, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिरूद्ध भाटी, पार्षद आकाश भाटी सहित अनेक संत महंत व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जनगणना के प्रथम चरण आवास गणना में मेयर किरण जैसल ने भरा स्व-गणना प्रपत्र

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जनगणना के प्रथम चरण में आवास गणना के अंतर्गत मेयर किरण जैसल ने अपने आवास पर स्व-गणना प्रपत्र भरकर जनगणना के राष्ट्रीय अभियान में सहभागिता की। मेयर किरण जैसल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार जनगणना को डिजिटल स्वरूप दिया गया है। जिससे यह प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बन रही है। यह पहल देश के विकास को नई गति देने के साथ सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मेयर किरण जैसल ने समस्त शहरवासियों से अपील की कि अधिकारिक पोर्टल https:www.census.gov.in पर जाकर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करें एवं अन्य लोगों को भी प्रेरित करें, ताकि सभी मिलकर सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लोगों की सुविधा के लिए जनगणना को सरल आसान एवं पारदर्शिता बनाया गया है। अधिकारिक पोर्टल पर आसानी से जानकारी दे सकते हैं। उन्होंने धर्मनगरी के लोगों से अपील भी कि जागरूक नागरिक बनकर जनगणना अभियान में सहयोग दें और देश के विकास में अपनी भूमिका निभाएं।

# हरिद्वार में 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर सैनी आश्रम में "एक शाम शहीदों के नाम" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स अकादमी हरिद्वार, दैनिक उत्तर भारतीय वार्ता एवं सैनी आश्रम के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोविन्द दास जी महाराज उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता आदेश सैनी ने की। विशिष्ट अतिथियों में जयध्वज सैनी एवं पराग गुप्ता शामिल रहे।

कार्यक्रम का संचालन सुश्री शिवाशी दीक्षित ने किया। इस अवसर पर प्रभात कुमार, अरविन्द अग्रवाल तथा हिमांशु बहुगुणा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस दौरान प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी प्रकाश जोशी एवं क्रिकेट कोच अवतार सिंह को सम्मानित करने की घोषणा की गई। महिला कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता एस एम जैन पी जी कॉलेज टीम एवं उपविजेता टीम को भी पुरस्कृत किया गया। साथ ही एथलेटिक्स खिलाड़ी दीक्षा यादव को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी खूब सराहना की गई, जिनमें मुक्ता म्यूजिकल डांस अकादमी एवं निकुंज धाम की प्रस्तुतियां प्रमुख रहीं। देशभक्ति गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों ने माहौल को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं समन्वय में भारत भूषण का विशेष योगदान रहा जिनकी लगन और समर्पण से यह आयोजन यादगार बन गया। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे राष्ट्रभक्ति एवं समाजसेवा से जुड़े आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# दहेज उत्पीड़न में पति सहित सास व ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार। दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट और उत्पीड़न का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने पति, सास और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मोहल्ला मैदानियान फकीरो वाली गली निवासी नगमा ने बताया कि उसका विवाह 5 सितंबर 2018 को कैतवाड़ा मंडी का कुआं निवासी समर खान के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज से असंतुष्ट रहा और लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग करता रहा। आरोप है कि उससे मोटरसाइकिल और टैक्सी खरीदने के लिए आठ लाख रुपये लाने का दबाव बनाया गया। नगमा का कहना है कि मांग पूरी न होने पर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की जाती थी। विरोध करने पर पति द्वारा उसे घर से निकाल देने की धमकी दी जाती थी और कई बार उसे घर से बाहर भी कर दिया गया। उसने यह भी आरोप लगाया कि एक पुत्री को जन्म देने के बाद भी ससुराल पक्ष के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया और उत्पीड़न जारी रहा। मई 2025 में उसे घर से निकाल दिया गया। इसके बाद 16 जनवरी को पति समर खान, सास शमा उर्फ गुड्डी और ससुर सुलेमान उर्फ पप्पू उसके मायके पहुंचे, जहां फिर से दहेज की मांग को लेकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# श्री वैश्य बंधु समाज मध्य क्षेत्र हरिद्वार के पदाधिकारियों ने प्रेस क्लब अध्यक्ष व महामंत्री का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** श्री वैश्य बंधु समाज मध्य क्षेत्र हरिद्वार के पदाधिकारियों ने प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री सूर्यकांत बेलवाल का बुके देकर एवं शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। श्री वैश्य बंधु समाज मध्य क्षेत्र हरिद्वार के संस्थापक अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने कहा कि प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकार सामाजिक सरोकारों से जुड़कर जन समस्याओं को सरकार के समक्ष रखकर हल करवाने में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के हितों में काम कर रहे प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी को पत्रकारों द्वारा पुनः अवसर दिया गया है। निश्चित रूप से धर्मेंद्र चौधरी पत्रकारों की सुरक्षा के साथ उनके संरक्षण संवर्धन के लिए काम करेंगे। विनीत अग्रवाल एवं रविंद्र गुप्ता ने कहा कि पत्रकार समाज लोगों को आईना दिखाने का काम करता है। जनता के जागरूक प्रहरी के तौर निर्णायक भूमिका निभाते हुए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को भी प्रचारित प्रसारित करते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्य बंधु समाज लगातार समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रेस क्लब के माध्यम से समाज सेवा में जुटी संस्थाओं के समाचार भी प्रकाशित होते हैं। जिससे संस्थाओं को उत्साह के साथ काम करने की ऊर्जा मिलती है। स्वागत करने वालों में महावीर प्रसाद मित्तल, माध्विक मित्तल, नितिन गुप्ता सहित समस्त कार्यकारिणी शामिल रही।

# बैसाखी पर खालसा जन्म दिवस की धूम, गुरुद्वारे में कीर्तन व रक्तदान शिविर आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्रेमनगर चौक स्थित निर्मल विरक्त कुटिया डेरा कार सेवा ऐतिहासिक गुरुद्वारे में बैसाखी पर्व को खालसा जन्म दिवस के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अखंड पाठ के भोग के साथ हुई, जिसके बाद रागी जत्थों-ज्ञानी प्रीतम सिंह, ज्ञानी मालक सिंह, ज्ञानी शमशेर सिंह और ज्ञानी हरबीर सिंह ने शब्द कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर बाबा सुखा सिंह कार सेवा दिल्ली वाले और बाबा सुलतान लाड़ी ने बैसाखी और खालसा पंथ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ने के लिए की थी। उन्होंने कहा कि उस समय समाज में बढ़ रहे जुल्म को समाप्त करने के लिए गुरु महाराज को यह कदम उठाना पड़ा, जिससे खालसा एक शक्ति के रूप में उभरा। बाबा पंडत ने कहा कि सिख समाज आज भी गुरुद्वारा ज्ञान गोदड़ी के लिए संघर्ष कर रहा है। पिछले कई वर्षों से इस मुद्दे को लेकर धरना-प्रदर्शन जारी हैं, लेकिन सरकार इस पर गंभीरता नहीं दिखा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि 14 अप्रैल को दिनारपुर से हरकी पैड़ी तक पैदल कूच किया जाएगा और हरकी पैड़ी स्थित गुरुद्वारे के मूल स्थान पर अरदास की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में संगत शामिल होगी। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर सूबा सिंह ढिल्लों, हरजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, लाहौरी सिंह, अनूप सिंह सिद्धू, उज्जल सिंह सेठी, सुखदेव सिंह, सतपाल सिंह चौहान, रमनदीप सिंह, संजय चौधरी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# हरिद्वार साउंड एंड स्टेज लाइट एसोसिएशन की कार्यकारिणी घोषित



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार साउंड एंड स्टेज लाइट एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। एसोसिएशन के विस्तार और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा लेकर आयोजित बैठक के दौरान वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। सर्वसम्मति से संपन्न हुए चुनाव में नवीन कुमार बजरंग अध्यक्ष और राकेश महामंत्री, अनिल पाल व बालकिशन संरक्षक, शुभम पाल उपाध्यक्ष, हरीश कुमार कोषाध्यक्ष, शिवम सचिव, आजम मंत्री, मोनू स्वागत मंत्री चुने गए। नवनियुक्त अध्यक्ष नवीन कुमार बजरंग ने कहा कि एसोसिएशन सभी सदस्यों के हितों की रक्षा और साउंड एवं लाइट व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगी। इस दौरान एसोसिएशन के कई सदस्य उपस्थित रहे।

# दुकान पर पानी की बोतल लेने गये युवक के साथ की मारपीट, केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट कर दी गई। वह पानी की बोतल लेने के लिए अपने परिचित के साथ दुकान पर रुका था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में ग्राम आन्नेकी हेतमपुर निवासी सादात पुत्र आबिद ने बताया कि 6 अप्रैल को वह अपने परिचित अनिल के साथ किसी कार्य से सिडकुल क्षेत्र जा रहा था। रास्ते में दोनों ईएमएमएल चौक पर रुके और एक दुकान से पानी की बोतल लेने लगे। इसी दौरान वहां मौजूद दो युवक अचानक उसके साथ अभद्रता करने लगे।

सादात का आरोप है कि विरोध करने पर दोनों युवकों ने उसे घेरकर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के दौरान मौजूद अनिल और अनीसा ने बीच-बचाव कर किसी तरह उसे हमलावरों से छुड़ाया। बताया कि हमलावरों में से एक युवक फरमान को वह पहचानता है, जबकि दूसरे की पहचान नहीं हो सकी है। घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई।

थाना प्रभारी अजय शाह ने बताया कि नामजद और अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

## 13वीं जूनियर अंडर-18 बास्केटबॉल चैंपियनशिप संपन्न

# बौद्धिक क्षमताओं के विकास में भी सहायक हैं खेल : कौशिक

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** डिस्ट्रिक्ट बॉस्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में राजा गार्डन स्थित ओलिविया स्कूल में आयोजित 13वीं जूनियर अंडर-18 बास्केटबॉल चौंपियनशिप के अंतिम दिन बालक वर्ग ओर बालिका वर्ग के फाइनल मैच खेले गए। बालक वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल एवं एंजिल पब्लिक स्कूल के बीच खेले गए फाइनल मैच में डीएवी ने 47-25 के अंतर से जीत दर्ज कर चैंपियन13वीं जूनियर अंडर-18 बास्केटबॉल चैंपियनशिप संपन्न

बौद्धिक क्षमताओं के विकास में भी सहायक हैं खेल-मदन कौशिक का खिताब जीता। बालिका वर्ग का फाइनल डीएवी पब्लिक स्कूल एवं डीपीएस रानीपुर के बीच खेला गया। जिसमें डीपीएस रानीपुर की टीम ने 27-20 से जीत हासिल कर चौंपियनशिप अपने नाम की। कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित नैयर, चेयरमैन रवि बजाज, सचिव संजय चौहाप, भाजपा के सहमीडिया प्रभारी विकास तिवारी स्कूल के प्रधानाचार्य कोरियन एंथनी ने जीत दर्ज करने वाली टीमों को ट्राफी प्रदान की। कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि कड़ी मेहनत, लगन और उत्साह से खेलों में ऊंचा मुकाम हासिल किया जा सकता है। खेल बौद्धिक क्षमताओं के विकास में भी सहायक है। राज्य में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर कदम उठा रही है। एसोएिशन के सचिव संजय चौहान ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न स्कूलों की 25 टीमों ने प्रतिभाग किया। सभी टीमों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि एकाग्रता और कड़ी मेहनत करने से ही सफलता मिलती है। इस अवसर पर लक्ष्य शर्मा, इंद्रेश गौड़, अमन कुमार, कमल, प्रेम आदि मौजूद रहे।

# किसान के खेत से अज्ञात चोरों ने पानी मोटर व 9 पेड़ पॉपुलर ले गए काटकर

शाह टाइम्स संवाददाता



**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव नसीरपुर कलां में चोरों ने एक किसान के खेत को निशाना बनाते हुए रातोंरात नौ पॉपलर के पेड़ और खेत में रखी मोटर चोरी कर ले गये। सुबह किसान जब खेत मे पहुचा किसान के होश उड़ गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार गांव नसीरपुर कलां निवासी सोनू कुमार पुत्र बाबू राम ने तहरीर देकर बताया कि उसका खेत दुर्गागढ़ जाने वाली सड़क के पास है, जिसमें उसने करीब 500 पॉपलर के पेड़ लगाए हुए हैं। जिसमे पेड़ पांच से छह साल पुराने हैं। आरोप है कि चार अप्रैल की देर रात्रि अज्ञात चोर खेत में घुसे और करीब पांच साल पुराने नौ पॉपलर के पेड़ काटकर चोरी कर ले गए। इतना ही नहीं, खेत में रखी सिंचाई की मोटर भी अपने साथ उठा ले गए। पीड़ित किसान ने बताया कि उसने आसपास काफी तलाश की, लेकिन चोरी किए मोटर का कोई सुराग नहीं लग पाया। घटना के बाद ग्रामीणों में भी दहशत और रोष है। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से खेतों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पथरी थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और संदिग्ध गतिविधियों की जांच की जा रही है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का फूटा गुस्सा

- अपमान के विरोध में मंदिर मार्ग पर धरना, आंदोलन हुआ उग्र
- उपयुक्त स्थान न मिलने से भड़की कार्यकत्रियां




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट/चम्पावत।** अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले एक सप्ताह से आंदोलनरत आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है। उपजिलाधिकारी कार्यालय परिसर से हटाए जाने के बाद उन्हें जो धरना स्थल दिया गया, वह रोड़ी, बजरी और धूल-मिट्टी से भरा होने के कारण उनके लिए असुविधाजनक साबित हुआ। इससे आक्रोशित कार्यकर्त्ताओं ने रविवार को ऋषेश्वर महादेव मंदिर जाने वाले मार्ग पर ही बैनर लगाकर दिनभर धरना-प्रदर्शन किया।

आंगनबाड़ी संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष कविता पंत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि एक ओर शासन महिला सशक्तिकरण की बातें करता है, वहीं दूसरी ओर महिलाओं के साथ इस तरह का व्यवहार किया जा रहा है, जो बेहद अपमानजनक है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में कार्यकर्त्ताएं खुद को असहाय महसूस कर रही हैं।

आंदोलन में शामिल माया राय, बसंती, दीपा राय, दमयंती, शकुंतला समेत अन्य कार्यकर्त्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनके लिए सम्मानजनक और उचित धरना स्थल की व्यवस्था नहीं की गई, तो वे मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगी। उधर, चंपावत में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं का आंदोलन लगातार जारी है। जिला अध्यक्ष मीना बोहरा ने कहा कि सरकार द्वारा उनकी मांगों की लगातार अनदेखी किए जाने से कार्यकर्त्ताओं में भारी आक्रोश है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे उनकी मांगों के समर्थन में आगे आकर सरकार पर दबाव बनाएं।

## चार दिन में 815 मरीजों का मुफ्त इलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** अद्वैत आश्रम मायावती के धर्मार्थ चिकित्सालय में चार दिनों से चल रहा निशुल्क विशेष चिकित्सा शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। शिविर के दौरान कुल 815 रोगियों का नि:शुल्क उपचार किया गया, जबकि सर्जिकल सेवाएं अभी भी जारी रहेंगी। गुजरात से आए सर्जन डॉ. हरेश शाह जून माह तक अपनी सेवाएं देते रहेंगे। चिकित्सालय के प्रभारी स्वामी एकदेवानंद महाराज ने बताया कि शिविर में 433 नेत्र रोगियों की जांच की गई, जिनमें से 134 मरीजों के मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन किए गए। इसके अलावा बाल रोग के 37, जनरल मेडिसिन के 300 तथा सर्जिकल के 45 मरीजों का उपचार किया गया। सोमवार को भी सर्जिकल ऑपरेशन जारी रहेंगे। स्वामी जी ने शिविर में सेवाएं देने वाले सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों और उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर दी जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर ।** अज्ञात कारणों के चलते एक 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवक मिल में मजदूरी का काम करता था। आत्महत्या के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है।

जानकारी के अनुसार जनपद ऊधम सिंह नगर के मोहल्ला जुलाआहान निकट पानी की टंकी वार्ड नंबर- 10 निवासी जयवीर सिंह कश्यप के 19 वर्षीय पुत्र अतुल उर्फ गोलू ने कमरे में खुद को बंद कर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है और युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

मौके पर मौजूद कोतवाली जसपुर के एस एस आई जावेद मलिक ने मीडिया को बताया कि घटना के समय मृतक के परिजन खेत में गेहूं की कटाई करने गए थे और मृतक का पिता जयवीर सिंह घायल अवस्था मे बैठक के रूम में बेड पर पड़ा हुआ था। जिसका पिछले दिनों एक्सीडेंट हो गया था। बाकी परिजन जब दोपहर करीब 11:45 बजे गेहूं काट कर घर पहुंचे तो घर का एक कमरा अंदर से बंद मिला।

संदेह होने पर किसी तरह उन्होंने कमरे का दरवाजा खोला तो युवक अतुल उर्फ गोलू छत के कुंडे में मृत अवस्था में लटका मिला। घटना को लेकर आवश्यक जांच की जा रही है।

प्रत्यदर्शियों/ आसपास के लोगों द्वारा बताया गया कि युवक कुछ समय से मानसिक दबाब में प्रतीत हो रहा था।

### एक नजर

## सामूहिक आनंद कारज 16 अप्रैल को गुरुद्वारा नानकसर में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** गुरुद्वारा नानकसर ठाठ गजरौला में आगामी 16 अप्रैल को पावन बैसाखी पर्व के शुभ अवसर पर एक भव्य सामूहिक विवाह (आनंद कारज) समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर 16 जरूरतमंद जोड़ों का विवाह गुरुद्वारा साहिब में विधिवत रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया जाएगा। आयोजन गुरुद्वारा नानकसर ठाठ के मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह व संगत के सहयोग से किया जा रहा है।

कार्यक्रम के तहत सभी जोड़ों का आनंद कारज गुरुद्वारा साहिब में कराया जाएगा, जिसमें धार्मिक मर्यादाओं का पूर्ण पालन किया जाएगा। इसके साथ ही संस्था की ओर से नवविवाहित जोड़ों को आवश्यक घरेलू सामान, वस्त्र एवं अन्य उपयोगी सामग्री भी प्रदान की जाएगी, ताकि वे अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत आत्मनिर्भरता और सम्मान के साथ कर सकें। इस संबंध में गुरुद्वारा नानकसर ठाठ के मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह जी ने कहा कि, "बैसाखी का पावन पर्व सेवा, समर्पण और खुशियों को साझा करने का संदेश देता है। हमारी कोशिश है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों का विवाह बिना किसी बोझ के संपन्न कराया जाए। संगत के सहयोग से यह सेवा निरंतर जारी है और भविष्य में भी ऐसे समाजहित के कार्य किए जाते रहेंगे। क्षेत्र की समस्त संगत से अपील है कि वे इस पुण्य अवसर पर पहुंचकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दें।

## दवाई लेने जा रहे युवक पर जानलेवा हमला, मारपीट के बाद नकदी लूटकर फरार हुए बदमाश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर के ग्राम भट्टपुरी मार्ग पर रविवार की शाम दबंगई का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बाइक से दवाई लेने जा रहे एक युवक को चार-पांच हमलावरों ने रास्ते में घेरकर बेरहमी से पीट दिया। हमले में घायल युवक को पुलिस की सहायता से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मोड़ पर घात लगाकर बैठे थे हमलावर ग्राम हजीरा निवासी सुखविंदर सिंह (24) पुत्र अमरीक सिंह रविवार शाम करीब 4:30 बजे अपनी बाइक से दवाई लेने भट्टपुरी जा रहा था। रास्ते में एक मोड़ पर पहले से घात लगाए बैठे चार-पांच युवकों ने उसे जबरन रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों ने बिना किसी उकसावे के सुखविंदर के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। जब सुखविंदर ने उनकी बदसलूकी का विरोध किया, तो आरोपियों ने उस पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने उसे सड़क पर गिराकर लात-घूंसों से जमकर पीटा। शोर सुनकर जब आसपास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़ पड़े, तो हमलावर पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल सुखविंदर ने आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान हमलावरों ने उसकी जेब में रखे 4500 भी जबरन निकाल लिए। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद ही आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

## सीएम धामी के प्रति आभार जताया, किसान हितों पर जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखण्ड राज्य किसान आयोग के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह नामधारी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में लिए जा रहे निर्णय सराहनीय हैं और इससे कृषि क्षेत्र को मजबूती मिल रही है। नामधारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंच रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी सरकार इसी तरह किसान कल्याण को प्राथमिकता देती रहेगी और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए नई योजनाएं लागू की जाएंगी।

# पहाड़ों में गूंजा मोर का नृत्य

- पनारघाटी के चमनपुर में दिखा 'तराई का शाही मेहमान'
- पहली बार इतने करीब दिखा राष्ट्रीय पक्षी
- ग्रामीणों में उत्साह बदलते मौसम का संकेत मानी जा रही घटना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** चंपावत जिले के पनारघाटी के बेड़ा बेड़वाल गांव के चमनपुर तोक में शनिवार को उस समय उत्साह और कौतूहल का माहौल बन गया, जब यहां अचानक मोर का एक खूबसूरत जोड़ा नजर आया।

आमतौर पर तराई और मैदानी क्षेत्रों में पाए जाने वाले इस शाही पक्षी को पहाड़ी क्षेत्र में देखकर ग्रामीण आश्चर्यचकित रह गए। गांव की पूर्व प्रधान मीनाक्षी जोशी ने बताया कि जैसे ही मोर का जोड़ा गांव में दिखाई दिया, लोगों को अपनी आंखों पर यकीन नहीं हुआ। कुछ ही देर में यह खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण इस दुर्लभ नजारे को देखने के लिए मौके पर पहुंच गए। कई लोगों ने इस अनोखे पल को अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर लिया। स्थानीय लोगों का मानना है कि बदलते मौसम चक्र और पर्यावरणीय बदलावों के चलते अब तराई के पशु-पक्षी भी पहाड़ों की ओर रुख कर रहे हैं।

मोर का इस तरह ऊंचाई वाले क्षेत्र में दिखाई देना प्रकृति के बदलते संकेतों की ओर इशारा करता है। ग्रामीणों के लिए यह दृश्य किसी उत्सव से कम नहीं था जहां एक ओर हैरानी थी, वहीं दूसरी ओर इस सुंदर पक्षी को अपने बीच देखकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

### पहले भी दिख चुका है मोर, वन विभाग सतर्क: एसीएफ नेहा चौधरी

उप प्रभागीय वनाधिकारी नेहा चौधरी ने बताया कि करीब पांच वर्ष पूर्व भी पनारघाटी क्षेत्र में मोर का जोड़ा देखा गया था। संभावना है कि इन पक्षियों ने आसपास के जंगलों में स्थायी बसेरा बना लिया हो। उन्होंने कहा कि पनार घाटी की जलवायु मोर के लिए अनुकूल मानी जाती है और यह भी संभव है कि ये पक्षी सरयू व पनारघाटी नदी से होते हुए इस क्षेत्र तक पहुंचे हों।

उन्होंने यह भी बताया कि जिस तरह पहले बंगाल टाइगर का मुख्य आवास तराई क्षेत्र रहा है, अब वे भी सीमांत इलाकों से पहाड़ी क्षेत्रों की ओर बढ़ते नजर आ रहे हैं। जागेश्वर, बागेश्वर और मायावती के जंगलों में भी उनकी उपस्थिति दर्ज की गई है। मायावती क्षेत्र विशेष रूप से वन्यजीवों के लिए सुरक्षित माना जाता है। वन विभाग इन दुर्लभ वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है।

# 13 साल, 13 ज्ञापन: फिर भी नहीं मिला न्याय, सिस्टम पर सवाल

- डीएम मनीष कुमार से आखिरी उम्मीद, वॉकर के सहारे सुनाई दर्दभरी दास्तां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** मनिहार गोठ क्षेत्र में नाले की समस्या से जूझ रहे पीड़ित किसान एनबी जोशी की कहानी सिस्टम की उदासीनता की सच्ची तस्वीर पेश कर रही है। वर्ष 2013 से अब तक वे लगातार अपनी समस्या को लेकर अधिकारियों के चक्कर काटते रहे, लेकिन हालात आज भी जस के तस बने हुए हैं।

जोशी जी बताते हैं कि उन्होंने अब तक 13 बार ज्ञापन सौंपे, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। अधिकारी मौके पर आते हैं, देखते हैं और चले जाते हैं, लेकिन समाधान आज तक नहीं हुआ, उनकी यह बात व्यवस्था की पोल खोलती है। अब हालत यह है कि उम्र के इस पड़ाव पर उनके पैर भी जवाब दे चुके हैं। वॉकर के सहारे चलकर उन्होंने अपनी पीड़ा सुनाई। उनकी आवाज में दर्द साफ झलकता है, अब तो थक चुका हूं आखिर सिस्टम कब जागेगा?" जोशी जी का कहना है कि खेतों में गंदे पानी के कारण उनकी फसलें लगातार बर्बाद हो रही हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। लेकिन जिम्मेदार विभागों की बेरुखी ने उनकी उम्मीदों को तोड़ दिया है।

फिलहाल उनकी आखिरी उम्मीद जिलाधिकारी मनीष कुमार पर टिकी है। उन्हें भरोसा है कि डीएम स्तर से इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान जरूर निकलेगा। अब सवाल यही है, क्या 13 साल की अनदेखी के बाद सिस्टम जागेगा? या फिर एक बुजुर्ग किसान की यह लड़ाई यूं ही फाइलों में दबकर रह जाएगी?

### "13 साल इंतजार, 14वें साल 'उम्मीद' सिंचाई समस्या भी बनवास पर!"



**टनकपुर ।** क्षेत्र में सिंचाई समस्या से जूझ रहे पीड़ित किसान के बेटे हेम जोशी ने एसडीओ सिंचाई विभाग मनोज तिवारी के सामने अपनी व्यथा रखी। उन्होंने बताया कि समस्या को लेकर 13 साल बीत चुके हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।

इस पर एसडीओ मनोज तिवारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि जैसे 14 साल के बनवास के बाद भगवान राम लौटे थे, वैसे ही संभव है कि इस समस्या का समाधान भी 14वें साल में हो जाए। अधिकारी के इस बयान पर मौके पर मौजूद लोग अपनी हंसी नहीं रोक सके। हालांकि, हंसी के पीछे क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या और प्रशासनिक सुस्ती की सच्चाई भी साफ झलकती नजर आई। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार मोहिउद्दीन, सिंचाई विभाग के एसडीओ मनोज तिवारी, जेई वसीम अहमद, लेखपाल सुनील बुराठी, अधिशासी अधिकारी ऋषभ उनियाल, वरिष्ठ सहायक नगर पालिका विनोद बिष्ट मौजूद रहे।

## गांव चलो, बस्ती चलो" अभियान में जनसंपर्क, सुनीं समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** रविवार को बाजपुर के केशवनगर शक्ति केंद्र में "गांव चलो, बस्ती चलो" अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क किया। इस दौरान घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की गई, उनकी समस्याएं सुनी गईं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने गली-गली और चौपालों में पहुंचकर लोगों से संवाद स्थापित किया। स्थानीय निवासियों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए विकास कार्यों में सहयोग का भरोसा जताया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इस प्रकार के अभियान का मुख्य उद्देश्य जनता के बीच पहुंचकर उनकी वास्तविक समस्याओं को समझना और उनका समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि राजनीति का मूल उद्देश्य जनसेवा है और जब जनप्रतिनिधि सीधे जनता के बीच जाकर संवाद करते हैं, तभी लोकतंत्र सशक्त होता है। अभियान के दौरान क्षेत्र में सकारात्मक माहौल देखने को मिला और लोगों ने सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता दिखाई।

# डीएम के सख्त निर्देश पर दौड़ा प्रशासन, लेकिन समाधान अब भी हवा में!



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** मनिहार गोठ क्षेत्र में नगर पालिका का जल निकासी नाला अब किसानों के लिए आफत बन चुका है। गंदा पानी सीधे खेतों में पहुंचकर फसलें बर्बाद कर रहा है, वहीं आसपास का वातावरण भी तेजी से दूषित हो रहा है। समस्या उजागर होने के बाद प्रशासन हरकत में तो आया, लेकिन जमीनी हालात अब भी जस के तस हैं।

जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर तहसील प्रशासन और नगर पालिका के अधिकारी मौके पर पहुंचे, पीड़ित किसानों की समस्याएं सुनीं, निरीक्षण भी किया,

- मौके पर अफसरों की फौज, फिर भी किसानों को नहीं मिला जवाब
- नाले का जहर किसानों के खेतों में, फसल हो रही बर्बाद

**खबर का असर**

लेकिन सवाल वही है, नतीजा कहां है? अब तक कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है, जिससे किसानों में नाराजगी और बढ़ गई है।

पीड़ित किसानों का कहना है कि हर बार सिर्फ आश्वासन मिलता है, कार्रवाई नहीं। खेतों में भरा गंदा पानी उनकी मेहनत को बर्बाद कर रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते नजर आ रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब अधिकारी मौके पर पहुंचे, तो आखिर ठोस निर्णय क्यों नहीं लिया गया? क्या सिर्फ औपचारिकता निभाने के लिए निरीक्षण किया गया या फिर वास्तव में कोई ठोस कार्ययोजना भी बनेगी? पीड़ित किसानों में गुस्सा और बेबसी दोनों साफ नजर आ रही है।

उनका कहना है कि फसल बर्बाद हो रही है, नुकसान बढ़ता जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब भी कागजी कार्रवाई में उलझा हुआ है।

यह सवाल अब इलाके में गूंज रहा है। प्रशासनिक अमले की मौजूदगी के बावजूद जब समाधान नहीं निकला, तो किसानों की उम्मीदें फिर से जिलाधिकारी पर टिक गई हैं। लोगों का साफ कहना है कि अब सिर्फ डीएम के सख्त हस्तक्षेप से ही इस समस्या का हल निकल सकता है।

### आखिर कब होगा समाधान?

फिलहाल हालात यह हैं कि मौके पर पहुंचने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। ऐसे में अब देखना यह होगा कि ऊंट किस करवट बैठता है और कब पीड़ित किसानों को राहत मिलती है। आने वाला वक्त ही तय करेगा कि प्रशासन सिर्फ निरीक्षण तक सीमित रहेगा या फिर वास्तव में कोई ठोस कार्रवाई भी करेगा।

### नाले में गंदा पानी और कूड़ा बना मुसीबत लोहे की जाली लगाने की मांग



**टनकपुर ।** स्थानीय किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि शहर का गंदा पानी जो नाले के माध्यम से खेतों तक पहुंच रहा है, उसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। किसानों का कहना है कि नाले में बहकर आने वाला कूड़ा-करकट फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है और जल निकासी भी प्रभावित हो रही है। किसानों ने सुझाव दिया है कि राइस मिल के पीछे नाले के निकासी स्थल पर लोहे की ऊंची जाली लगाई जाए, जिससे कूड़ा-करकट आगे न बढ़ सके और केवल पानी का प्रवाह जारी रहे। उनका मानना है कि इस व्यवस्था से जल निकासी भी सुचारु रहेगी और खेतों को होने वाले नुकसान से भी बचाया जा सकेगा। किसानों ने प्रशासन से इस दिशा में जल्द कार्रवाई की मांग की है।

## सोर वैली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा जलियांवाला बाग हत्याकांड की नाटक प्रस्तुती

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**खटीमा।** सोर वैली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में एक शांतिपूर्ण सभा में लोग बैसाखी का त्यौहार मना रहे थे। जनरल डायर ने बिना किसी चेतावनी के बाग के एकमात्रा निकलने वाले रास्ते को घेर लिया और निहत्थे लोगों पर अंधाधुंध गोलियाँ चलाने का आदेश दे दिया।इस नरसम्हार में मासूम लोग शहीद हुए और हजारों घायल हुए। बाग में मौजुद कुआं (खैर) आज भी हमें दर्दनक दास्तान का गवाह है। जिसमें काई लोगों ने अपनी जान बचाने के लिए छलांग लगा दी थी। विद्यार्थियों ने अपने नाटक के 'माध्यम से उस समय के दृश्यों को फिर से जीवित कर दिया। बच्चों ने जनरल डायर, क्रांतिकारी और आम जनता का किरदार निभाकर सभी की आंखें नम कर दी। नाटक के अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। स्कूल प्रशासन ने बच्चों की इस प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में देश-भक्ति की भावना प्रबल होती है।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़े की धूम

- पूरे जिले में होंगे भव्य कार्यक्रम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को इस वर्ष विशेष रूप से मनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जयंती पखवाड़े के कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया।

बैठक में बताया गया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा बाबा साहेब को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने के प्रयासों के बाद अब प्रदेश में भी इस जयंती को व्यापक रूप दिया जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की परिकल्पना के तहत चंपावत मॉडल जिले में इसे जन-जागरूकता अभियान के रूप में मनाया जाएगा। जयंती सप्ताह के दौरान जिले के सभी 12 मंडलों और 354 बूथों में अंबेडकर के चित्रों का अनावरण कर गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही दलित बस्तियों, अंबेडकर पार्कों और मूर्ति स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और दीपोत्सव भी आयोजित होगा। कार्यक्रमों में भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवराज कठायत और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतीश चंद्र पांडे मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेंगे।

इसके अलावा सामाजिक समरसता पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे और समाज में अपनी प्रतिभा के बल पर पहचान बनाने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस अभियान के सफल संचालन के लिए सूरज कुमार को जिला संयोजक और एससी प्रकोष्ठ के सूरज प्रहरी एवं गोविंद प्रसाद को तहसील सह-संयोजक बनाया गया है।

# इस्कपर निर्माण ने मुख्य राजमार्ग की रोकी रफ्तार

- नाली में धंसा डंपर, एनएच पर लगा दो किमी लंबा जाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे इस्कपर निर्माण कार्य ने शनिवार को भारी परेशानी खड़ी कर दी। लोहाघाट के मायावती तिराहे के पास सड़क खुदाई के दौरान एक डंपर कीचड़ भरी नाली में धंस गया, जिससे देखते ही देखते दोनों ओर करीब दो किलोमीटर लंबा भीषण जाम लग गया।

जानकारी के अनुसार, चल्थी से रेत लेकर आ रहा डंपर निर्माण स्थल के पास फिसलकर नाली में जा धंसा। डंपर को निकालने के कई प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। इसके चलते एनएच पर यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। जाम में स्कूल बसें, निजी वाहन और रोडवेज बसें फंस गईं, जिससे यात्रियों खासतौर पर छात्र-छात्राओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के निर्देश पर 112 टीम मौके पर पहुंची और वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू कर किसी तरह फंसे वाहनों को निकाला। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद ठेकेदार द्वारा दो जेसीबी मशीनों की मदद से डंपर को बाहर निकाला गया, तब जाकर यातायात सुचारू हो सका। स्थानीय लोगों ने एनएच की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि दो-तीन महीने पहले सड़क खोद दी गई थी, लेकिन अब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। अधूरे कार्य और लापरवाही के चलते आए दिन लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने प्रशासन से जल्द कार्य पूर्ण कराने की मांग की है।

# तन्वी चव्हाण देवरे ने रचा इतिहास

## नैनीझील में प्रशिक्षण लेकर इंग्लिश चैनल को सफलतापूर्वक किया पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** महाराष्ट्र के नासिक की रहने वाली तैराक तन्वी चव्हाण देवरे इंग्लिश चैनल को सफलतापूर्वक पार करने वाली पहली भारतीय माँ बनकर इतिहास बना दिया है। खास बात यह है कि तन्वी ने इस बेहद कठिन तैराकी को 17 घंटों में पूरा किया। तन्वी ने नैनीताल में नैनी झील में कड़ी तैयारी के बाद यह चुनौती स्वीकार की, तन्वी ने नैनीताल में 11 डिग्री सेल्सियस तापमान वाले पानी में प्रशिक्षण लिया था। दूसरी ओर तन्वी वर्तमान में नैनी झील में गहन प्रशिक्षण ले रही हैं उनका अगला चैनल जुब्राइकल जो स्पेन है उसकी तैयारी के लिए नैनीताल आयी हुई हैं। तन्वी के कोच श्रीकांत विश्वनाथन की मानें तो वह अपनी टीम के साथ बीते 4 दिन से नैनीताल की नैनी झील में ठंडे पानी में प्रशिक्षण कर रहें है तन्वी उनकी प्रशिक्षण छात्रा है जो अपनी मेहनत से यहां तक पहुंची है। नासा क्लब के वरिष्ठ सदस्य यशपाल सिंह रावत ने बताया नासा क्लब बच्चों को नैनीताल झील में तैरना, कयाकिंग तथा रोलिंग समेत अन्य एक्टिविटी का प्रशिक्षण कराता है। नासा ग्रुप से जुड़े बच्चें आगे कई विभागों में ऑफिसर बन गए हैं। नैनी झील का ठंडा पानी काफी ठंडा जिसमें अभ्यास करना बेहतर माना जाता है और सीखना आसान हो जाता है। तन्वी देवरे ने बताया वह नासिक से हैं। वर्ष 2024 में उन्होंने इंग्लिश चौनल को पार किया है, तन्वी के मुताबिक वह भारत की पहली मां हैं जिसने इंग्लिश चैनल पार किया है जिसे पूरा करने में 17 घंटे लगे इंग्लिश चैनल की तैयारी के लिए वह नैनीताल आई हुई थी। नैनीताल झील का पानी साफ व ठंडा है जिसमें आराम से प्रैकटिस हो जाती है। बोली अगला चैनल जुब्राइकल जो स्पेन है उसकी तैयारी के लिए नैनीताल आए हुए हैं। बताया कि पहले दिन 1 घंटा स्विमिंग की उसके बाद टाइम बढ़ाते गई रविवार को फिर 4 घंटा स्विमिंग किया। बोली कि नैनीताल के पानी का तापमान 13 डिग्री सेल्सियस था नैनीताल में यशपाल रावत का काफी सहयोग रहता है। दूसरी ओर तन्वी के पति विपलव देवरे ने बताया कि 2024 में तन्वी की प्रेटिस नैनी झील में कराई गई थी, नैनीताल में यशपाल रावत ने काफी सहयोग किया था, नैनी झील का पानी काफी साफ है और स्विमिंग के हिसाब से सही है। नैनीताल में साफ पानी व ठंडा पानी पूरे भारत में कही नहीं है तन्वी अब नार्थ चैनल के लिए अभ्यास कर रही हैं।

### अगला चैनल जुब्राइकल जो स्पेन में उसकी तैयारी के लिए नैनीताल पहुंचीं



## कार्रवाई के बाद भी नैनीताल में भिक्षुकों का जमावड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में भिक्षुकों के खिलाफ पुलिस और पालिका द्वारा चलाए गए अभियान के बावजूद शहर में अब भी दर्जनों भिक्षुक खुलेआम घूमते नजर आ रहे हैं। कार्रवाई के बाद भी स्थिति में खास सुधार न होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ने लगी है। गौरतलब है कि बीते दिनों पुलिस और नगर पालिका ने संयुक्त अभियान चलाकर भिक्षुकों के खिलाफ सख्ती दिखाई थी। इस दौरान उनसे पूछताछ कर आधार कार्ड की जांच और सत्यापन किया गया था। साथ ही 25 से अधिक भिक्षुकों को शहर से खदेड़कर हल्द्वानी भेजा गया था। इसके बावजूद मल्लीताल, तल्लीताल और आसपास के क्षेत्रों में फिर से भिक्षुकों की संख्या बढ़ती नजर आ रही है। कोतवाल हेम चंद्र पंत का कहना है कि अभियान लगातार जारी है।

### पुलिस ने चलाया सघन चैकिंग अभियान

**नैनीताल।** जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत व्यापक अभियान छेड़ दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान में अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। रविवार को पुलिस की ओर से नैनीताल में अभियान चलाया गया। मल्लीताल में कोतवाल हेम पंत और तल्लीताल में एसओ मनोज नयाल के नेतृत्व में चैकिंग अभियान चलाया गया जिसके तहत 30 से ज्यादा लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। एसएसपी के निर्देश पर नैनीताल शहर में भी पुलिस टीमें लगातार गश्त कर रही हैं और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। यदि कहीं कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि नजर आए तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या कंट्रोल रूम को दें।

## एक नजर

### प्रशिक्षण वर्ग में कई मुद्दों पर हुआ गहन मंथन

**नैनीताल।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बेतालघाट में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। इसके तहत प्रथम दिवस में डा. प्रगति जैन, देवेंद्र ढैला तथा खीमानंद शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।प्रथम दिवस के सत्र की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रताप बोहरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीवानी राम एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष दलीप सिंह बोहरा ने की। मंडल प्रशिक्षण वर्ग में वर्गपालक के रूप में आनंद सिंह रावत तथा जिला कार्यकारिणी सदस्य डा. भुवन चंद्र आर्य की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रशिक्षण वर्ग के संयोजक एवं मंडल महामंत्री मनोज पडलिया ने किया। कार्यक्रम के सह संयोजक मंडल उपाध्यक्ष दीपक रिखाड़ी एवं मंडल मंत्री महेंद्र जैडा जी रहे। प्रशिक्षण वर्ग में सभी मोर्चों के अध्यक्ष, मंडल के समस्त पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक तथा ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य व जिला पंचायत सदस्य व कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

### बंदरों ने दो बच्चों को काटकर किया घायल

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र स्थित रुकुट कॉटेज में बंदरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते दो दिनों में बंदरों के हमले में दो मासूम बच्चे घायल हो गए जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल बन गया है। स्थानीय निवासी मो. जावेद हुसैन ने बताया कि बंदरों के झुंड ने प्रीति (3) और अंशु (9) पर हमला कर उन्हें काटकर घायल कर दिया। दोनों बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गयाए जहां उनका इलाज किया गया। उन्होंने बताया कि बीते एक महीने में क्षेत्र में 10 से अधिक लोगों को बंदर काट चुके हैं। लगातार बढ़ रही घटनाओं से खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों में डर का माहौल है। लोग बच्चों को अकेले बाहर भेजने से भी कतराने लगे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में बंदरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही हैए लेकिन अब तक वन विभाग या नगर पालिका की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों ने जल्द से जल्द क्षेत्र में पिंजरे लगाकर बंदरों को पकड़ा जाए, ताकि इस समस्या से राहत मिल सके और कोई बड़ा हादसा होने से रोका जा सके। वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन कार्की ने बताया कि नगर पालिकी की टीम के साथ मिलकर क्षेत्र में गश्त की जाएगी। जरूरत पड़ने पर पिंजरा भी लगाया जाएगा।

### देवीधूरा में बंदरों का आतंक, खेतों को भारी नुकसान

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती देवीधूरा क्षेत्र में इन दिनों बंदरों के बढ़ते आतंक से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। बंदरों के झुंड खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं जिससे लोगों को आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बंदरों के झुंड दिनभर खेतों में धावा बोल रहे हैं और खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे ग्रामीणों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। बंदरों को भगाने के लिए उन्हें सुबह से शाम तक खेतों में डटे रहना पड़ता है। इसके बावजूद बंदर बार-बार लौटकर फसलों को नुकसान पहुंचा देते हैं। ग्रामीण सरा. जनी देवी ने बताया कि दिनभर बंदरों को भगाने के बाद भी राहत नहीं मिल रही है और फसलें लगातार बर्बाद हो रही हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की हैए ताकि बंदरों के आतंक से राहत मिल सके और उनकी फसलें सुरक्षित रह सकें।

### हनुमानगढ़ में चलाया सफाई अभियान

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद नैनीताल की ओर से रविवार को हनुमानगढ़ क्षेत्र में कोर इसेंस लाइफ रुट फाउंडेशन के सहयोग से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत आस पास के क्षेत्र से भारी मात्रा में कूड़ा और प्लास्टिक साफ किया गया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल और डीएसबी परिसर के छात्र-छात्राएं भी मौजूद रही।

### कूटा ने आशा भोसले के निधन पर जताया दुख

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने प्रसिद्ध गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया तथा श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं। कूटा ने कहा है उनका निधन एक बड़ी क्षति है। कूटा ने प्रमोद अग्रवाल गोल्डी की माताजी नर्मदा देवी के निधन पर भी गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। कूटा की तरफ से अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत कूटा परिवार ने दुख जताया है। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुपम कबडवाल ने भी गायिका आशा भौसले के निधन पर दुख जताया है।

### शिल्पकार सभा के दो दिवसीय कार्यक्रम आज से

**नैनीताल।** शिल्पकार सभा नैनीताल द्वारा आयोजित भारत रत्न डक्ष भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर सोमवार (आज) से दो दिनी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शिल्पकार सभा के अध्यक्ष डा. रमेश चंद्रा के मुताबिक सोमवार (आज) को सुबह 10 बजे से डा. अंबेडकर भवन तल्लीताल में भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता सबजूनियर जूनियर एवं सीनियर वर्ग में होगी जबकि मंगलवार 14 अप्रैल को को सुबह 11 बजे डीएसए मैदान मल्लीताल से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राएं प्रतिभाग करेंगे वहीं अपराह्न 12 बजे तल्लीताल स्थित डा. भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण होगा वहीं 1 बजे से शिल्पकार सभा नैनीताल के भवन डा. अंबेडकर भवन तल्लीताल में विचार गोष्ठी का आयोजन। कार्यक्रम के अंत में भीम भोज का विशेष आयोजन होगा। उन्होंने सभा के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों समेत आमंत्रित जनों से दो दिवसीय कार्यक्रमों में प्राथमिकता से प्रतिभाग करने की गुजारिश की है।

## बदले मौसम का असर: अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** अप्रैल माह में मौसम के लगातार बदलते मिजाज ने नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों में लोगों की सेहत पर असर डालना शुरू कर दिया है। ठंड और गर्मी के बीच हो रहे उतार चढ़ाव के कारण वायरल, सर्दी तथा खांसी और बुखार के मरीजों की संखया अस्पतालों में तेजी से बढ़ी है। बढ़ते मरीजों के दबाव को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरीश चंद्र पांडे ने बताया कि जिले के सरकारी और निजी अस्पतालों में इन दिनों ओपीडी में मरीजों की संखया में वृद्धि दर्ज की जा रही है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों में मौसमी बीमा. रियों के मामले अधिक सामने आ रहे हैं। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ ने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अस्पतालों में दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता, डाक्टरों की तैनाती और आपात सेवाओं को सुचारु बनाए रखने पर विशेष जोर दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से भी अपील की है कि बदलते मौसम में सावधानी बरतेंए ठंड गर्म से बचाव करें और लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम REETU SOLANKI से बदलकर REETU MADAAN रख लिया है। भविष्य में मुझे REETU MADAAN के नाम से जाना व पहचाना जाए। रीतू मदान पत्नी शिवम मदान, वार्ड 3, उत्तरांचल कालोनी, किच्छा, उधम सिंह नगर।

# डीएसए पार्किंग फुल होने पर भड़के पर्यटक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन के चलते नैनीताल में बढ़ते दबाव के बीच मल्लीताल क्षेत्र में पार्किंग को लेकर पर्यटकों और पुलिस के बीच विवाद हो गया। डीएसए पार्किंग फुल होने पर पुलिस ने पर्यटकों के वाहनों को आगे भेजना चाहा जिस पर कुछ पर्यटक भड़क गए और पुलिस कर्मियों से बहस करने लगे।

जानकारी के अनुसार रविवार को दोपहर में मल्लीताल डीएसए मैदान में पार्किंग पैक होने के बाद पुलिस ने वाहनों को मेट्रोपोल भेजना शुरू किया। इस दौरान एक पर्यटक से वाहन आगे ले जाने को कहा तो वह पुलिस से भिड़ गया। पुलिस द्वारा समझाने के बावजूद पर्यटक नहीं माने और मौके पर हंगामा शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गयाए जिसके बाद मामला कोतवाली तक पहुंच गया। वहां भी काफी देर तक पर्यटकों और पुलिस के बीच तीखी बहस होती रही। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि यातायात बाधित करने पर लखनऊ निवासी अक्षय के खिलाफ चलानी कार्रवाई की है। साथ ही पर्यटकों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांग ली। जिसके बाद उन्हें समझाकर छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि पर्यटन सीजन में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। सभी से सहयोग की अपील की।

### पुलिस से नोकझोंक, मामला कोतवाली पहुंचा

### विशेष यातायात प्लान लागू, पार्किंग पैक होते ही शहर में एंट्री रोकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में पर्यटन सीजन के दबाव को देखते हुए रविवार को विशेष यातायात प्लान लागू किया गया। शहर में पार्किंग क्षमता पूरी होने और यातायात प्रभावित होने की स्थिति में बाहरी वाहनों की एंट्री अस्थायी रूप से रोक दी गई। ऐसे वाहनों को नैनीताल से पहले रूसी बाईपास और नारायण नगर के अस्थायी पार्किंग स्थलों पर ही रोका गया। एसपी डा. जगदीश चन्द्र ने बताया कि जिन पर्यटकों के पास पार्किंग सुविधा वाले होटलों की पूर्व बुकिंग थी केवल उन्हीं के वाहनों को शहर में प्रवेश की अनुमति दी गई। बिना पार्किंग बुकिंग वाले पर्यटकों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर वाहन खड़ा करने के बाद शटल से शहर में भेजा गया। दिनभर शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस कर्मी लगातार यातायात को सुचारू बनाए रखने में जुटे रहे और जाम की स्थिति बनने पर तुरंत डायवर्जन लागू किया गया। पर्यटन सीजन के चलते नैनीताल में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यातायात नियमों का पालन करें और अनावश्यक रूप से शहर में वाहन लेकर न आएं, साथ ही सड़क किनारे वाहनों को पार्क न करें।



## टूटी जाली से बिना सुरक्षा कृत्रिम रॉक क्लाइबिंग वाल में चढ़ रहे बच्चे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल स्थित डीएसए मैदान में वर्ष 2023 में बनाई गई आर्टिफिशियल रॉक क्लाइंबिंग वॉल अब सुरक्षा के अभाव में हादसे को न्योता देती नजर आ रही है। वहीं टूटी हुई जाली से बच्चे यहां आसानी से प्रवेश कर रहे हैं लेकिन संबंधित विभाग को टूटी हुई जाली भी नजर नहीं आ रही है। जो भविष्य में बड़े हादसों को दावत दे सकता है। मामले में एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है। संबंधित विभाग को निर्देशित कर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी और अनधिकृत रूप से प्रवेश को बंद कराया जाएगा।

# नैनीताल की हवाओं, झील की लहरों और पहाड़ियों में सदैव गूंजती रहेगी आशा भोसले की आवाज़

## प्राकृतिक सुंदरता में चार चांद लगाने में उनके गीतों का रहा दशकों पुराना गहरा संबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भारतीय पार्श्व गायन की कालजयी हस्ताक्षर एवं दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित आशा भोंसले का रविवार को 92 वर्ष की आयु में मुंबई में निधन हो गया। उनके निधन से देशभर में शोक की लहर है वहीं सरोवर नगरी नैनीताल के लिए भी यह एक भावनात्मक क्षति मानी जा रही है ऐसा इसलिए कयों कि इस नगर की प्राकृतिक सुंदरता में चार चांद लगाने में उनके गीतों का दशकों पुराना गहरा संबंध रहा है। बता दें कि सात दशकों से अधिक लंबे कैरियर में आशा भोंसले ने 12 हजार से अधिक गीतों को अपनी आवाज दी और



भारतीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाई है। उनके अनेक लोकप्रिय गीत नैनीताल की नैनी झील तथा माल रोड और आसपास की पर्वतीय वादियों में फिल्माए गए जो आज भी पर्यटकों और स्थानीय निवासियों की स्मृतियों में जीवंत हैं। नैनीताल से जुड़े उनके कई सदाबहार गीतों में नैनीताल में 1958 में फिल्मायी गयी पहली फिल्म मधुमती के चढ़ गयो पापी बिछुआ... और घड़ी-घड़ी मोरा दिल धड़के... तथा गुमराह के एक थी लड़की मेरी सहेली... और तुझको मेरा प्यार पुकारे... शगुन का पर्वतों के पेड़ों पर शाम का अंधेरा है... वक्त फिल्म के दिन हैं बहार के तथा हम जब हो जाएंगे साठ साल के तथा भीगी रात का मोहबत से देखा खफा हो गए तथा सावन की घटा का जरा हौले-हौले चलो मोरे साजना अनीता का करीब आ ये नजर तथा शिकार का पर्दे में रहने दो पर्दा न उठाओ और कटी पतंग का मेरा नाम है शबनम लोग मुझे प्यार से कहते हैं विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। इन गीतों ने नैनीताल को केवल एक फिल्मांकन स्थल नहीं बल्कि एक रूमानी अनुभूति के रूप में स्थापित किया। स्थानीय कला प्रेमियों के अनुसार आशा भोंसले को पहाड़ों की शांति और नैनीताल का वातावरण अत्यंत प्रिय था। इसलिये उनके सुरों ने यहां की वादियों में जो जादू बिखेराश वह आज भी महसूस किया जा सकता है। आशा भोसले का निधन भारतीय संगीत के स्वर्णिम युग का अवसान है, किन्तु उनकी मधुर आवाज नैनीताल की हवाओं, झील की लहरों और पहाड़ियों में सदैव गूंजती रहेगी।

# एलपीएस में मॉडल यूनाइटेड नेशंस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल में एलपीएस मॉडल यूनाइटेड नेशंस के द्वितीय संस्करण शनिवार एवं रविवार को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस दो दिवसीय सम्मेलन में 220 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनमें ऑल सेंट्स, बिरला, बालिका, सेंट जोसेफ, लॉन्ग व्यू, औरम, ग्राफिक एरा, टीआईएस सहित क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र शामिल हुए।

इसके अतिरिक्त आगरा जैसे दूरस्थ क्षेत्रों से भी प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। सम्मेलन में कुल 9 समितियों का गठन किया गया जिनके लिए देश के विभिन्न भागों से आमंत्रित अनुभवी एक्जीकेयूटिव बोर्ड सदस्यों ने कार्यवाही का संच. ालन किया। प्रतिभागियों ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संकटों और समसामयिक वैश्विक मुद्दों पर उत्साहपूर्वक विचार विमर्श किया तथा अपनी शोध, तार्किक क्षमता और वक्तत्व कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि ग्रुप कैप्टन अच्युत कुमार रहे, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। समारोह का एक प्रमुख आकर्षण विद्यालय का बैंड प्रदर्शन रहा जिसने पूरे आयोजन में ऊर्जा और गरिमा का संचार किया।यह दो दिवसीय सममेलन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और वैश्विक दृष्टिकोण को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।




# लेकसिटी वेलफेयर क्लब ने मनाया स्थापना दिवस

## महिला सदस्यों ने केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी, गेम और डांस प्रतियोगिता कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित संस्था लेक सिटी वेलफेयर क्लब का 17वां वार्षिकोत्सव समारोह रविवार को शारदा संघ सभागार में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान क्लब के सदस्यों द्वारा केक काटकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी तथा क्लब के उज्जवल भविष्य की कामना की। इससे पूर्व समारोह की शुरुआत क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर वंदना के साथ की। समारोह में विभिन्न आकर्षक गेम तथा डांस और अनेक प्रतियोगिता तथा कैटवॉक के साथ की गई जिसमें विभिन्न आकर्षक पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम के फाउंडर सदस्यों के द्वारा क्लब की पृष्ठभूमि पर विस्तार से प्रकाश डाला गया साथ ही उन्होंने अपने किए गए संघर्ष को क्लब के नए साथियों के बीच में रखा। सभी साथियों ने क्लब की उन्नति के लिए एक रूपरेखा बनाई।

इस अवसर पर क्लब की सचिव डा. प्रगति जैन के द्वारा क्लब की वर्षभर की कार्यक्रमों पर चर्चा की। इस दौरान डा. प्रगति जैन और रमा भट्ट को कुशल संयोजक पुरस्कार दिया गया। विभिन्न कार्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार दिए गए।

कार्यक्रम के रूप में पर्पल क्वीन प्रतियोगिता रखी गई थी जिसमें प्रथम पुरस्कार लीला राज, द्वितीय पुरस्कार तुसी शाह तथा तृतीय पुरस्कार हेमा भट्ट और चतुर्थ पुरस्कार कंचन जोशी को दिया गया। कार्यक्रम प्रतियोगिता जिसमें भाग्य आजमाओं तीन चरणों में खेला गया जिसमें प्रथम पुरस्कार दया कुंवर, द्वितीय पुरस्कार सविता कुलोरा तथा तृतीय पुरस्कार मधुमिता और सांत्वना पुरस्कार गीता साह को दिया गया और तीसरी प्रतियोगिता जो हमारे बीच में हुई थी बहुत ही आकर्षक ग्लास नृत्य के रूप में इसमें प्रथम पुरस्कार आशा पांडे, द्वितीय डा. प्रगति जैन तथा तृतीय दीपिका बिनवाल व चतुर्थ पुरस्कार जूही जबकि बैलून फोड़ो प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार दया कुंवर, द्वितीय आशा पांडे तथा तृतीय सोनू शाह और सांत्वना पुरस्कार डा. प्रगति जैन के नाम रहा। कार्यक्रम की संयोजक दीपा पांडे और सहसंयोजक ज्योति ढौंढियाल ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर अध्यक्ष कविता त्रिपाठी समेत रमा भट्ट, रानी साह, तनु सिंह, पल्लवी, मंजू बिष्ट, नीरू साह तथा आभा साह, रमा लोहनी व जया वर्मा, विनिता पाण्डे तथा मानसी गर्ग, अनुराधा भट्ट तथा रेखा पंत आदि उपस्थित रही।




# ग्वालसेवा संगठन का संरक्षक मंडल गठित

## सम्मेलन में मूल निवास, पहाड़ में भूमाफिया, बेराज़गारी से हो रहे पलायन पर मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड ग्वालसेवा संगठन का सम्मेलन संस्थापक पंकज कुलौरा एडवोकेट की अध्यक्षता में हल्द्वानी के सौरभ होटल में संपन्न हुआ। संचालन युवाशक्ति प्रदेश अध्यक्ष आशीष दुम्का द्वारा किया गया।

जिसमें ग्वालसेवा संगठन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। संस्थापक पंकज कुलौरा द्वारा ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड के लोग अपने मूलनिवास पहाड़ को छोड़कर तराई की तरफ पलायन करने को मजबूर हुए हैं, अपने पुश्तैनी जमीन भू-माफियाओं को बेचने को मजबूर हुए हैं जिसका प्रमुख कारण बेरा. जगारी, खराब स्वास्थ्य सुविधाएं, पहाड़ी क्षेत्रों में जंगली जानवर सूवर, लंगूर-बंदरों द्वारा फसलों को पूरी तरह से नष्ट किया जा रहा है तथा बाघ ने जानवरों के साथ ही लोगों को भी निवाला बना दिया है।

पहाड़ के युवा नौकरी की तलाश में सिडकुल में जाते हैं लेकिन वहां ठेकेदार के बंधुआ मजदूर बन गए हैं। नशे की गर्त में धकेला जा रहा है। इन सबके विरुद्ध ग्वालसेवा संगठन जनता के साथ मिलकर आन्दोलन करने को बाध्य है। इसी क्रम में उत्तराखंड ग्वालसेवा द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए 21 सदस्यीय संरक्षक मंडल तैयार कर किया गया, जिसमें रिटायर्ड कर्नल डा. गिरिजा शंकर मुनगली को सर्वसम्मति से ग्वालसेवा मुख्य संरक्षक मनोनीत किया गया तथा इसके अतिरिक्त संस्थापक पंकज कुलौरा एडवोकेट, नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, डा. प्रविन्द्र रौतेला, सुनील जोशी, डा. रेखा पांडे, हेमंत सिंह बोरा, गोपाल सिंह गंगोला, मनोज साहनी एडवोकेट, आशीष दुम्का, जसविंदर सिंह भसीन, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद अबरार संरक्षक मंडल के सदस्य चुने गए। कार्यक्रम के दौरान कर्नल डा. गिरिजा शंकर मुनगली, नैनीताल जिला बार एसोसिएशन के सचिव संजय सुयाल तथा उपाध्यक्ष कमल चिलवाल को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अभिषेक मेहरा, प्रमुख व्यवसायी अनिल मुनगली, बीटीसी मेंबर अर्जुन सिंह, बीडीसी मेंबर दीप भट्ट, डा. पुनीत गोयल, ताइक्वांडो संगठन नैनीताल के अध्यक्ष चंद्र विजय सिंह बिष्ट, कनक चंद, राजीव शाह, संजय त्यागी, दीपक राठौड़, सुरेंद्र कुमार गंगोला, अधिवक्तागण सुनील पुंडीर, देवेश सिंह बिष्ट अल्मोड़ा, कृर्ति तिवारी, हरेन्द्र पडियार, नीरज डालाकोटी, प्रेरणा साह, प्रीति बिष्ट, दीपक नगदली देवेंद्र सिंह बोरा, प्रकाश जोशी, विनोद कुमार कश्यप, योगेश भोला, मोहन सिंह रुद्रपुर, महेंद्र सिंह बिष्ट, पवन गयाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



## डा.आर्य ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य डा. भुवन चंद्र आर्य ने रविवार को नैनीताल विधान सभा के बेताल घाट ब्लॉक के ग्राम ओढ़ाबास्कोट व ऊंचाकोट समेत अन्य गांवों का भ्रमण पर जनसस्याएं सुनी तथा उनके समाधान का आश्वा. सन दिया। इस दौरान डा. आर्य ने केंद्र व राज्य सरकार की ओर से चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने की गुजारिश की। इस दौरान डा. आर्य ने मीनाक्षी ग्राम प्रधान के साथ ओढ़ाबास्कोट व ऊंचाकोट का क्षेत्र भ्रमण किया। इस दौरान क्षेत्र के जनता द्वारा डा. भुवन चंद आर्य का फूलमाला व शॉल ओढ़ाकर द्वारा सम्मानित किया गया। कहा कि डा. भुवन चंद आर्य विधायक के दावेदार हैं इनको ग्राम वासियों द्वारा पूरा समर्थन देने की घोषणा की। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भारत राज समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# ऐपण प्रतियोगिता में दिखा हुनर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** छोटी मुखानी क्षेत्र में छवि मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा तीसरे वर्ष ऐपण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेताओं को सम्मानित कर प्रोत्साहित भी किया गया। सब जूनियर वर्ग में मानवी तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि दिव्यांशी भंडारी द्वितीय और पूर्वी तिवारी तृतीय रहीं। जूनियर वर्ग में आंचल जोशी ने पहला स्थान हासिल किया। रितिका और तनुजा संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहीं, वहीं कल्पना जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में गेरू से ऐपण बनाने की प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें ललिता पाठक प्रथम, रेखा पंत द्वितीय और कल्पना जोशी तृतीय स्थान पर रहीं। सीनियर पेंट वर्ग में सुमन तिवारी ने पहला और उमा भट्ट ने दूसरा स्थान हासिल किया। इस मौके पर ट्रस्ट के संस्थापक द्वारा साहित्यकार एवं शिक्षक दिनेश कर्नाटक, समाजसेवी प्रेम बेलवाल और शिक्षाविद प्रवींद्र रौतेला को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईडी पांडे सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# वक्फ बोर्ड सीईओ ने किया दरगाह क्षेत्र का निरीक्षण

## व्यवस्था सुधारने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश, सफाई अभियान भी चलाया जाए

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** दरगाह क्षेत्र की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उत्तराखंड मुख्य कार्यपालक अधिकारी गिरधारी सिंह रावत ने शनिवार को पिरान कलियर पहुंचकर कार्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, व्यवस्थाओं और जनसुविधाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान दरगाह क्षेत्र में फैली गंदगी और अव्यवस्थाओं को देखकर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही नियमित सफाई अभियान चलाने और क्षेत्र को स्वच्छ बनाए



रखने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने कार्यालय के सभी सुपरवाइजरों के साथ बैठक कर कार्यालय की कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक में उन्होंने कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिम्मेदारियों को स्पष्ट किया और सभी को बेहतर समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दरगाह कार्यालय के कार्यों की भी समीक्षा की और कर्मचारियों को समयबद्ध व जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दरगाह क्षेत्र में आने वाले जायरीनों को किसी भी प्रकार की असुविधा नही होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों। सीईओ ने बताया कि पिरान कलियर दरगाह प्रदेश ही नही बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां साफ-सफाई और व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि नियमित रूप से सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें और जायरीनों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएं। यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जस मोके पर दरगाह सुपुरवाइजर इंतखाब आलम, राव शारिक अली, अफजाल अली, हारून अली आदि. मौजूद रहे।

# ऑपरेशन कॉलनेमि के तहत 12 बहरूपिये बाबा पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** कलियर में ऑपरेशन कालनेमी के तहत अभियान चलाकर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दरगाह क्षेत्र गंगनहर पटरी और टीन शेड समेत अन्य आसपास के स्थानों से 12 फर्जी बाबाओं को गिरफ्तार किया है। ये सभी बाबा श्रद्धालुओं को तंत्र-मंत्र और जादू-टोना के नाम पर ठग रहे थे। कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि उच्च अधिकारियों ने निर्देश पर चलाए जा रहे आपरेशन कालनेमी के तहत कलियर पुलिस ने दरगाह क्षेत्र दोनों गंगनहर के बीच वाली पटरी , टीन शेड सहित अन्य स्थानों से 12 फर्जी बाबाओ को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि ये लोग बाबाओं का भेष धारण कर लोगों को भ्रमित कर रहे थे। ओर भीड़भाड़ वाले इलाकों में अंधविश्वास फैलाकर न केवल ठगी कर रहे थे साथ ही क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को भी प्रभावित कर रहे थे। कलियर पुलिस ने गश्त और चेकिंग के दौरान इन सभी 12 बाबाओं को मौके से हिरासत में लिया। पकड़े गए सभी बाबाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि श्ऑपरेशन कालनेमीश के तहत ऐसे बहरूपियों और ठगों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इसका उद्देश्य आम जनता को ठगी और अंधविश्वास से बचाना है।

# अंबेडकर जयंती को लेकर शांति समिति की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** आगामी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के मद्देनजर क्षेत्र में निकलने वाली शोभायात्राओं को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलियर पुलिस ने इमलीखेड़ा चौकी में जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक की।

बैठक में एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर इमलीखेड़ा और धनौरी चौकी क्षेत्र के सोहलपुर सिकरौड़ा, इमलीखेड़ा, हकीमपुर तुर्रा, हबीबपुर निवादा, मेहवड़ खुर्द, दरियापुर दयालपुर, नागल, पलूनी, तेल्लीवाला, धनौरी और जस्सावाला समेत विभिन्न गांवों के जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुए।कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने कहा कि सभी आयोजक शोभायात्राओं को शांतिपूर्ण वातावरण में निकालें और आपसी भाईचारे को बनाए रखें। उन्होंने निर्धारित नियमों का पालन करने और पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।बैठक में उपस्थित लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन देते हुए कार्यक्रम को



सफल बनाने की प्रतिबद्धता जताई।इस दौरान एसएसआई दवेंद्र सिंह तोमर, इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी शहजाद अली, धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह चौहान सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दरगाहपुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों ने उठाया लाभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** दरगाहपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से एनटीएल मीडिया लिमिटेड एवं मुस्कान हेल्थ सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञों से परामर्श लिया। विशेषज्ञों की देखरेख में हुआ उपचार-शिविर के दौरान डॉ. गुलाम साबिर ने बताया कि एनटीएल मीडिया लिमिटेड ग्रुप का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है उन्होंने कहाआज के शिविर में आने वाले हर मरीज की गहनता से जांच की जा रही है और उन्हें संबंधित बीमारी के लिए उच्च गुणवत्ता वालीदवाइयां पूरी तरह निशुल्क वितरित की जा रही हैंगांव-गांव पहुंच रही है मदद ग्रुप के प्रतिनिधि महबूब हसन ने जानकारी दी कि यह कोई इकलौता आयोजन नहीं है। बल्कि एनटीएल मीडिया ग्रुप द्वारा अलग-अलग गांवों में इस




तरह के कैंप नियमित रूप से लगाए जाते हैं। डॉ. इमरान अली ने बताया की टीम ने कार्य में डॉक्टरों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक बड़ी टीम ने अपना योगदान दिया शिविर में मुख्य रूप सेनिम्नलिखित सदस्य मौजूद रहेडॉ. इमरान अली अंसारीडॉ. गुलाम साबिरमहबूब हसनडॉ. अमजद अलीडॉ नसीबुद्दीनडॉ. साहिब अलीसावेज अली, जावेद अली, आफाक अंसारीअजहर अली आदि शामिल रहे।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत 10 ढोंगी बाबाओं को लिया हिरासत में

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** देवभूमि हरिद्वार में धर्म की आड़ में आमजन की आस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ पुलिस का अभियान तेज हो गया है। कोतवाली नगर हरिद्वार पुलिस ने "ऑपरेशन प्रहार" के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। इन पर साधु-संतों का भेष धारण कर लोगों को गुमराह करने और विशेषकर महिलाओं व युवाओं को झांसे में लेने के आरोप हैं।

पुलिस को लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग धार्मिक वेशभूषा में लोगों की व्यक्तिगत व घरेलू समस्याओं का समाधान करने का दावा कर उन्हें ठगने का प्रयास कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। रोड़ीबेलवाला घाट एवं आसपास क्षेत्रों में चेकिंग के दौरान संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त 10 व्यक्तियों को चिन्हित कर धारा 172(2) के अंतर्गत हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार, सभी के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है। हिरासत में लिए गए व्यक्तियों के नाम इस प्रकार हैं-रामवतार उर्फ बब्लू (बरेली), राजू गिरि (हरिद्वार), दिलबाग (पानीपत), भगवान दास (प्रतापगढ़), चमन सिंह अहिरवार (मध्य प्रदेश), रामचन्द्र सिद्धू (बिहार), सरदा गिरि (पौड़ी गढ़वाल), शीतल नाथ, विनय तथा आंचलनाथ (हरिद्वार)। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि "ऑपरेशन प्रहार" के तहत ऐसे ढोंगी व बहरूपियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था के साथ किसी प्रकार का धोखा न हो सके।

# 69.50 ग्राम अवैध चरस के साथ एक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की** मुख्यमंत्री के 'ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2026' के तहत हरिद्वार पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कड़ा प्रहार कर रही है। इसी अभियान के क्रम में रुड़की कोतवाली पुलिस ने एक नशा तस्कर को भारी मात्रा में अवैध चरस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एसएसपी हरिद्वार के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) व क्षेत्राधिकारी रुड़की के पर्यवेक्षण में नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए विशेष टीमें गठित की गई थीं। शनिवार को उप-निरीक्षक सुभाष चंद्र जख्मौला के नेतृत्व वाली टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर एक संदिग्ध युवक को रोका। तलाशी लेने पर युवक के पास से 69.50 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान योगेंद्र पुत्र अमर सिंह (निवासी: डंडेरी ख्वाजगीपुर, रुड़की) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली रुड़की में धारा 8/20 एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी युवाओं को नशे का जहर परोसने का काम कर रहा था। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में उ0नि0: सुभाष चंद्र जख्मौला, हेड कांस्टेबल दिनेश गुप्ता, नूर अहमद, कांस्टेबल अमित रावत, राजेश देवरानी शामिल रहे।

# शॉर्ट सर्किट से किसान की फसल जलकर राख, लाखों का नुकसान

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** भगवानपुर क्षेत्र के बिनारसी गांव निवासी फारुख पुत्र बसीर की फसल में अचानक आग लगने से भारी नुकसान हो गया। जानकारी के अनुसार बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग ने देखते ही देखते भयंकर रूप ले लिया।

आग की चपेट में आकर फारुख की करीब सात बीघा गेहूं व चार बीघा गन्ने की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई।



आसपास मे खड़े पोपलर के पेड़ो को भी आग ने जला दिया । सूचना मिलते हीं किसानों और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद मोके पर पहुँचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक फसल पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। पीड़ित किसान ने घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को देनी चाही । लेकिन फोन पर कोई सम्पर्क नही हो पाया। पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बिजली के तारों की हालत जर्जर है, जिससे इस तरह की घटनाएं बार-बार हो रही हैं। उन्होंने विभाग से जल्द सुधार की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# पुलिस ने दो वारंटी दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर दो वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया है। लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने जानकारी देते हुए बताया ऑपरेशन प्रहार के तहत एसएसपी हरिद्वार द्वारा माननीय न्यायालय से प्राप्त आदेशिकाओ को शत प्रतिशत तामिल करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 12 अप्रैल 2026 को लक्सर क्षेत्र से दो वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया जिनके नाम ओमपाल पुत्र राजपाल निवासी पूरवाला उम्र 30 वर्ष राजपाल पुत्र सिमरु निवासी उपरोक्त उम्र 65 वर्ष बताया। उनको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में भीक्कमपुर पुलिस चौकी प्रभारी यशवीर सिंह नेगी कांस्टेबल कपिल देव अरुण कुमार शामिल रहे।

# काली पट्टी बांधकर करेंगे विरोध

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के युवा कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष सुमित उपाध्याय ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री के हरिद्वार आगमन के दौरान किसान संगठन काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन किसानों की समस्याओं की अनदेखी कर रहा है। उपाध्याय ने कहा कि बिहारीगढ़ क्षेत्र में यूपी और उत्तराखंड के किसान एकजुट होकर अपनी मांगों को प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। यदि उन्हें मिलने से रोका गया, तो शांतिपूर्ण तरीके से काली पट्टी बांधकर रोष व्यक्त किया जाएगा। किसानों की 22 मांगों में कर्ज माफी, गन्ने का भाव 500 रुपये प्रति क्विंटल, 60 वर्ष के बाद 10 हजार रुपये मासिक पेंशन, पहाड़ी क्षेत्रों में तारबंदी और फसल नुकसान का मुआवजा शामिल है।

# मानकपुर चौक पर अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेडा।** कस्बा झबरेड़ा मे मानकपुर चौक इकबालपुर मार्ग पर रविवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा और संविधान पुस्तक का भव्य अनावरण किया गया। हालांकि, यह गौरवशाली पल राजनीतिक खींचतान और आपसी बयानबाजी की भेंट चढ़ता नजर आया। जहाँ एक ओर विधायक वीरेंद्र जाति ने इसे क्षेत्रीय जनता की जीत बताया, वहीं अन्य दलों के नेताओं ने प्रतिमा के स्वरूप और बजट को लेकर सवाल खड़े कर दिए।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत से पहले ही राजनीतिक गहमागहमी देखने को मिली। कांग्रेस विधायक वीरेंद्र जाति द्वारा किए जाने वाले आधिकारिक अनावरण से पूर्व ही पूर्व विधायक और दर्जाधारी देशराज कर्णवाल अपनी पत्नी वैजयंती माला के साथ अंबेडकर चौक पहुंचे। उन्होंने प्रतिमा को स्पर्श कर प्रणाम किया और दावा किया कि इस मूर्ति स्थापना की घोषणा उनके कार्यकाल में मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी। और वह इस प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री से कराते परंतु अब पता नहीं किन कारणों से इसका अनावरण क्षेत्रीय विधायक कर रहे हैं। वही प्रतिमा के शिलापट पर अंबेडकर चौक अंकित नहीं है। और यह कार्य विधायक द्वारा नहीं कराया गया नगर पंचायत झबरेडा द्वारा कराया गया है। वहीं ध्अनावरण समारोह के बाद आजाद समाज पार्टी के आगामी विधानसभा प्रत्याशी महक सिंह ने भी बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। हालांकि, उन्होंने इस दौरान तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह आरटीआई (त्ज्प्) के माध्यम से चौक के निर्माण पर आए खर्च का विवरण मांगेंगे। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब की प्रतिमा उम्मीद से छोटी लगाई गई है, जो उनके कद के अनुरूप नहीं है। घ्समारोह के दौरान चौक की दीवार पर चौधरी चरण सिंह मार्ग की नेम प्लेट लगाने को लेकर भी कुछ पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बन गई। माहौल बिगड़ता देख क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र जाती ने मोर्चा संभाला और लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। घ्मौके पर मौजूद जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक वीरेंद्र जाति ने कहा कि यह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा थी, जिसे पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल ने शुरू कराया था, लेकिन कई तकनीकी और विभागीय बाधाओं के कारण वह इसे पूर्ण नहीं कर पाए थे। हमने नगर पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी के सहयोग और शासन-प्रशासन में लगातार दौड़-भाग कर इस कार्य को पूरा कराया है। स्थानीय लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए अंबेडकर चौक की यह सौगात दी गई है। घ्उन्होंने जनता से अपील की कि वे बाबा साहब के पदचिह्नों पर चलें ।समारोह के दौरान बाबा साहब के जीवन और संविधान के योगदान को भी याद किया गया। इस मौके पर सुशील पाटिल, प्रमोद महाजन, नीरज सिंह, रविकांत, कार्तिक, गोल्डी ,रविंद्र सैनी ,सुलेमान मलिक, गौरव वर्मा, अजय, रिजवान, अनस आदि मौजूद रहे।

# विधवा को बदसलूकी कर पीटा, चार पर एफआईआर

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** रंजिश के चलते कुछ लोगों ने धारदार हथियार और लाठी डंडों के साथ एक घर पर धावा बोल दिया। हमलावरों ने घर में मौजूद विधवा के साथ बदसलूकी कर उसकी पिटाई की। आरोप है कि हमलावरों ने महिला के कपड़े फाड़ दिए। महिला को छुड़ाने आए उसके बेटे की भी पिटाई की गई। महिला की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

पुलिस के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि उनके गांव के ही कुछ लोग उनसे रंजिश रखते हैं। आरोपी कई बार उनके साथ मारपीट कर चुके हैं लेकिन गांव के जिम्मेदार लोगों की मौजूदगी में मामले में समझौता करा दिया गया था। छह अप्रैल को आरोपी हाथ में तलवार, फावड़ा और लाठी लेकर उनके घर में घुस आए, आरोपियों ने उनके कपड़े फाड़े। उनके व उन्हें बचाने आए बेटे साथ भी मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने आकर उन्हें बचाया व आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। कोतवाली प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी सुशील, बिजेंद्र, नितिन व मुनेश के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच की जा रही है।

# विनय विशाल हॉस्पिटल में लगी भयंकर आग, मची अफरा-तफरी

## फायर टीम के अद्भुत साहस से भीषण आग पर पाया गया काबू

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** रुड़की स्थित विनय विशाल अस्पताल में शनिवार देर रात अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन फायर स्टेशन रुड़की की टीम ने विषम परिस्थितियों, धुएं से भरे वातावरण और पानी की चुनौती के बीच अदम्य साहस का परिचय देते हुए आग पर समय रहते काबू पा लिया। फायर कर्मियों की तेज रिस्पांस टाइम और जोखिमपूर्ण कार्रवाई के चलते एक बड़ी जन-धन हानि टल गई।

जानकारी के अनुसार, रात्रि लगभग 22:28 बजे फायर स्टेशन रुड़की को अस्पताल के पुराने आपातकालीन केंद्र में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही अग्निशमन अधिकारी श्री वंश नारायण यादव के नेतृत्व में फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचते ही टीम ने बिना समय गंवाए मोटर फायर इंजन से होज पाइप बिछाकर पंपिंग शुरू की और पानी की बौछारों के जरिए आग बुझाने का अभियान शुरू किया।

आग ने पुराने इमरजेंसी सेंटर में लगी विद्युत वायरिंग, फॉल सीलिंग और अन्य उपकरणों को तेजी से अपनी चपेट में ले लिया था। हालात बेहद चुनौतीपूर्ण थे, लेकिन फायर टीम ने कड़ी मेहनत, लगन और अथक प्रयास से आग को जल्द ही नियंत्रण में कर लिया और पूरी तरह बुझा दिया। यदि समय रहते यह कार्रवाई न की जाती, तो आग अस्पताल के विशाल परिसर में फैल सकती






थी और जनरेटर सेट व विद्युत ट्रांसफार्मर सहित भारी नुकसान हो सकता था। हालांकि इस अग्निकांड में पुराने आपातकालीन केंद्र की विद्युत वायरिंग, फिटिंग, फॉल सीलिंग, फर्नीचर और फिजियोथेरेपी से संबंधित मशीनरी सहित लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। आग का असर भवन के चौथे तल तक की वायरिंग पर भी देखा गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। अस्पताल में भर्ती सभी मरीज, उनके तीमारदार, डॉक्टर और स्टाफ पूरी तरह सुरक्षित रहे। घटना के दौरान अस्पताल प्रबंधन अपने स्टाफ के साथ मौके पर मौजूद रहा। सूचना पर कोतवाली गंगनहर का पुलिस बल भी तत्काल पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित करने में सहयोग किया। साथ ही, फायर यूनिट मंगलौर की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में सहयोग दिया। अग्निशमन कार्य पूर्ण होने के बाद घटना की सूचना उच्च अधिकारियों एवं कंट्रोल रूम रुड़की को दे दी गई है। आग लगने के कारणों और कुल नुकसान का आकलन जांच के बाद किया जाएगा। धुएं से भरे वातावरण में फायर टीम द्वारा किए गए इस साहसिक और जोखिमपूर्ण कार्य की मौके पर मौजूद अस्पताल प्रबंधन, मीडिया प्रतिनिधियों, स्थानीय नागरिकों और मरीजों के परिजनों ने जमकर सराहना की। विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी अग्नि दुर्घटना में त्वरित रिस्पांस टाइम ही सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसने इस घटना में संभावित बड़ी त्रासदी को टाल दिया। इस अभियान में अग्निशमन अधिकारी श्री वंश नारायण यादव के नेतृत्व में लीडिंग फायरमैन अतर सिंह राणा, चालक विपिन सिंह तोमर, चालक नरेंद्र सिंह तोमर, फायरमैन राजेंद्र सिंह गुरुंग, फायरमैन राजेंद्र सिंह बिष्ट, फायरमैन सुनील कुमार बंदोलिया और फायरमैन रविन्द्र सिंह ने मिलकर साहस और समर्पण के साथ आग बुझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नए पदों का सृजन व पुरानी पेंशन बहाली की उठी मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** भारतीय स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ की केंद्रीय कार्यकारिणी का दो दिवसीय अधिवेशन का रविवार को समापन हुआ। अधिवेशन में निकायों में जनसंख्या के अनुपात में नए पद सृजित किए जाने, पुरानी पेंशन योजना लागू किए जाने और कर्मचारियों को केंद्र के समान ही वेतन, भत्ते और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के प्रस्ताव पारित किए गए। इस अवसर पर नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक में महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश मंडली ने कहा कि कर्मचारियों को अपने हितों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। राष्ट्रीय महासचिव सुरेश तिवारी ने कहा कि प्रदेश के सभी विभागों में स्वायत्तशासी कर्मचारियों को संगठन से जोड़ा जाएगा। अधिवेशन में देश भर से जुटे संगठन के पदाधिकारियों ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। समापन कार्यक्रम में पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तराखंड प्रबोधन प्रमुख रमेश चंद्र ने कहा कि कर्मचारी राष्ट्र के विकास में महत्तवपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखे जाने की बात कही। इस मौके पर संजीव कुमार, टंकार कौशल, अजय नारायण खाती, मोहम्मद गुलशनव्वर अंसारी, लक्ष्मण सिंह, लोकेश कुमार, दिनेश शर्मा, ब्रहमदत्त वर्मा, मोहम्मद आरिफ, अश्वनी कुमार, उमेश शर्मा, दर्शन लाल सहित पदाधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।

# सीएम धामी की अगुवाई में 18 वीं बार पीएम मोदी का स्वागत करेगा उत्तराखंड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मंगलवार को अपने 28 वें दौरे पर उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साढे चार साल के कार्यकाल में यह उनका 18वां दौरा होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दौरान दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे के साथ ही, टिहरी में 1 हजार मेगावाट क्षमता वाले देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर उत्तराखंड वासियों में भारी उत्साह है। प्रदेश सरकार लोकार्पण समारोह को यादगार बनाने की तैयारियों में जुटी है।

मई 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद, नरेंद्र मोदी 11 सितंबर 2015 को उत्तराखंड के पहले दौरे पर ऋषिकेश पहुंचे थे। तब उन्होंने दयानंद सरस्वती आश्रम पहुंचकर अपने गुरुं दयानंद गिरी से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। भगवान केदारनाथ सहित उत्तराखंड के प्रमुख धामों के प्रति भी पीएम मोदी की गहरी आस्था है। प्रधानमंत्री बनने के बाद वह पांच बार केदारनाथ की यात्रा पर आ चुके हैं, साथ ही बद्रीनाथ ओर मुखबा का भी दौरा कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड के तीर्थाटन- पर्यटन के ब्रांड अम्बेसडर साबित हुए हैं। प्राकृतिक आपदाओं के चलते केदारनाथ धाम की यात्रा प्रभावित हुई तो पीएम मोदी ने केदार धाम पहुंचकर सुरक्षित चारधाम यात्रा का संदेश देश दुनिया को दिया। प्रधानमंत्री के दौरों के बाद केदारनाथ में श्रद्धालुओं की संख्या अप्रत्याशित ढंग से बढ़ी है।

इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिथौरागढ़ जिले में स्थित आदि कैलाश में पहुंचने के बाद, इस क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। बीते वर्ष मार्च में उत्तरकाशी जिले में मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा पहुंचकर प्रधानमंत्री ने शीतकालीन यात्रा का संदेश दिया। इससे प्रदेश में शीतक. ालीन यात्रा के साथ ही बारहमासी पर्यटन को बढ़ावा मिला है।



■ प्रधानमंत्री मोदी 28 वीं बार मंगलवार को आएंगे उत्तराखंड दौरे पर, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे के साथ ही टिहरी में एक हजार मेगावाट क्षमता वाले देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी करेंगे लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड से कर्म और मर्म का रिश्ता रहा है। उत्तराखंड उनके हृदय में बसता है। उनके दौरे को लेकर देवभूमि वासियों में भारी उत्साह है। मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उत्तराखंड में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। दो लाख करोड़ से अधिक की विकास योजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। कनेक्टिविटी के क्षेत्र में क्रांति आई है। चारधाम ऑलवेदर रोड परियोजना, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, केदारनाथ एवं हेमकुंट साहिब रोपवे परियोजना, देहरादून-दिल्ली एलिवेटेड रोड जैसी बड़ी परियोजनाओं को उन्होंने स्वीकृति दी है। आज पीएमजीएसवाई के तहत दूरदराज ग्रामीण इलाकों में सड़कों के निर्माण के साथ ही हवाई और रेल सेवाओं का विस्तार हुआ है। रोप-वे परियोजनाओं पर तेजी से काम आगे बढ़ा है।

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड**

## दिल्ली - देहरादून एक्सप्रेस वे की विशेषताएं

शामिल राज्य, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड
कुल लंबाई , 213 किलोमीटर
लागत ख्र 11,963 करोड़
12 किलोमीटर लंबा एशिया का सबसे लंबा वाइल्ड लाफ कॉरिडोर
200 मीटर लंबे 2 एलिफिटेंट अंडरपास, 6 एनिमल पास
370 मीटर लंबी सुरंग डाटकाली के पास
6 लेन का एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर
2 आरओबी, 10 पुल, 7 इंटरचार्ज,
2.5 घंटे में होगा दिल्ली का सफर

## वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र टिहरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को देश के पहला वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण करेंगे। कुल 1000 मेगावाट, उत्पादन क्षमता के इस प्लांट का निर्माण टीएचडीसी ने 2400 मेगावाट क्षमता के टिहरी हाईड्रो पावर काम्पलेक्स के क्रम में किया है, जो टिहरी हाईड्रो प्रोजेकट के ऊपरी और निचले जलाशयों के बीच अतिरिक्त विद्युत उत्पादन करेगा । यह संयंत्र, भारत की ऊर्जा यात्रा में मील का पत्थर साबित होने जा रहा है।

## कब-कब उत्तराखंड आए प्रधानमंत्री मोदी

■11 सितंबर 2015 - ऋषिकेश स्थित दयानंद सरस्वती आश्रम के स्वामी दयानंद गिरी की कुशलक्षेम लेने पहुंचे। ■ 27 दिसंबर, 2016 - को देहरादून में चारधाम सड़क परियोजना की नींव रखी 18 मार्च 2017-- देहरादून में मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और उनके मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में प्रतिभाग। ■ 03 मई 2017-- प्रधानमंत्री बनने के बाद केदारनाथ की पहली यात्रा। ■ कपाटोद्घाटन के मौके पर की पूजा-अर्चना। ■ 20 अक्टूबर 2017--दूसरी बार पहुंचे केदारनाथ दर्शन को। ■ 21 जून 2018--अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एफआरआई देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग। ■ 07 अक्टूबर 2018---अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम देहरादून में डेस्टिनेशन इन्वेस्टर समिट को किया संबोधित। ■ 07 नवंबर 2018---केदारनाथ में दर्शन कर पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उसके उपरांत उत्तरकाशी जिले में हर्षिल के पास स्थित अग्रिम सैन्य चौकी पर पहुंच कर आईटीबीपी और सेना के जवानों के साथ मनाई दीवाली। ■ 14 फरवरी 2019--कार्बेट पार्क में स्थित ढिकाला पहुंचे। कार्बेट पार्क को रेस्क्यू सेंटर और वाइल्ड लाइफ टाइगर सफारी की सौगात दी। ■18 मई 2019--केदारनाथ दर्शन और पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर ध्यान गुफा में 16 घंटे 45 मिनट तक की साधना। दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन 19 मई को बद्रीनाथ धाम में किए दर्शन। ■ 2021 के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इससे पहले 17 बार उत्तराखंड आ चुके हैं। इस दौरान प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री को उत्तराखंड की विशिष्ट सांस्कृतिक, धार्मिक पहचान से जुड़ी प्रतिकृतियों, प्रतीक चिन्हों के साथ ही, उत्तराखंड के स्थानीय उत्पाद भेंट किए। ■ 7 अक्टूबर 2021 - ऋषिकेश ( स्थानीय हस्तशिप आधारित शॉल - पुस्तक) ■ 5 नवंबर 2021 - केदारनाथ धाम (केदारनाथ मंदिर प्रतिकृति) ■ 4 दिसंबर 2021 - देहरादून (शॉल, चंदन, इत्र और हर्बल प्रोडक्ट) ■ 30 दिसंबर 2021 - हल्द्वानी (शॉल और हिमालय की तस्वीर) ■10 फरवरी 2022 - श्रीनगर (चुनावी जनसभा) ■ 11 फरवरी 2022 - अल्मोड़ा (चुनावी जनसभा ) ■12 फरवरी 2022 - रुद्रपुर(चुनावी जनसभा ) ■ 23 मार्च 2022 - देहरादून (नवनिर्वाचित सरकार का शपथ ग्रहण) ■ 21 अक्टूबर 2022 केदारनाथ- बद्रीनाथ- माणा (बदरीनाथ प्रसाद ) ■ 12 अक्टूबर 2023 पिथौरागढ़- जागेश्वर (शिव प्रतिमा, आदि कैलाश चित्र) ■ 8 दिसंबर 2023 - देहरादून (हाउस ऑफ हिमालय ब्रांड के उत्पाद) ■ 2 अप्रैल 2024 - रुद्रपुर (शंख) ■ 11 अप्रैल 2024 - ऋषिकेश ( उत्तराखंड का वाद्य यंत्र हुड़का) ■ 28 जनवरी 2025 - देहरादून ( पुस्तक और अंगवस्त्र ) ■ 6 मार्च 2025 मुखवा -(उत्तरकाशी) (माँ गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखवा मंदिर की प्रतिकृति) ■ 11 सितंबर 2025 - देहरादून (आपदा प्रभावितों से भेंट) ■ 09 नवम्बर 2025 - देहरादून (पहाड़ी शॉल, बाबा केदार के शीतकालीन निवास स्थल ओंकारेश्वर मंदिर की प्रतिकृति राज्य स्थापना की रजत जयंती पर आधारित स्मृति चिन्ह)

## आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त हुई पेयजल लाइनों के मरम्मत कार्यों की समीक्षा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने कैंप कार्यालय में जलनिगम एवं जलसंस्थान के अधिकारियों के साथ मसूरी विधानसभा क्षेत्र में आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त हुई पेयजल लाइनों की मरम्मत कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों से वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पेयजल से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मसूरी विधानसभा क्षेत्र में लंबित पेयजल योजनाओं को शासन स्तर से शीघ्र स्वीकृति दिलाई जाए और स्वीकृति मिलते ही कार्य प्रारंभ कर समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बहाल करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य घनश्याम नेगी, सुंदर सिंह पयाल, ग्राम प्रधान संजय राणा, सचिन कुमार, जलस्थान के अधिशासी अभियंता राजेंद्र कुमार पाल, जल निगम के ईई सत्येन्द्र पुंडीर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

■ मसूरी विधानसभा क्षेत्र में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करें जल संस्थान और जल निगम

## ट्रक चालक ने कारों को मारी टक्कर, हादसा टला

**नई टिहरी।** देवप्रयाग नगर क्षेत्र में शनिवार रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब शराब के नशे में धुत एक ट्रक चालक ने विजयलक्ष्मी होटल के मोड़ पर खड़ी दो कारों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। संयोगवश उस समय दोनों वाहनों में कोई सवार नहीं था, अन्यथा गंभीर जनहानि हो सकती थी। घटना के बाद चालक मौके से फरार होने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे सुमाड़ी, श्रीनगर से लौट रहा ट्रक देवप्रयाग के विजयलक्ष्मी मोड़ पर अनियंत्रित होकर खड़ी कारों से जा टकराया। सूचना मिलते ही बछेलीखाल चौकी प्रभारी दीपक लिंगवाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और भाग रहे चालक को दबोच लिया।

## पीएम का दौरा : सीएम ने सड़क मार्ग से लिया तैयारियों का जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

देहरादून।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देहरादून में 14 अप्रैल को प्रस्तावित कार्यक्रम के सफल आयोजन के दृष्टिगत गढ़ी कैंट स्थित जसवंत ग्राउंड एवं मां डाट काली मंदिर तक सड़क मार्ग से स्थलीय निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की तैयारियों की अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएं, ताकि कार्यक्रम में आने वाले आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाए। उन्होंने यातायात प्रबंधन की सुव्यवस्थित योजना तैयार करने एवं आपातकालीन सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। जसवंत ग्राउंड में मंच, दर्शक दीर्घा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप सभी तैयारियां पूरी की जाएं। उन्होंने साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मां डाट काली मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पार्टी पदाधिकारी, सचिव शैलेश बगौली, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, एसएसपी देहरादून प्रमेन्द्र डोभाल एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



■ कैंट स्थित जसवंत ग्राउंड एवं मां डाट काली मंदिर तक स्थलीय निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा, कैबिनेट मंत्री जोशी , भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और वरिष्ठ अधिकारी रहे साथ

## युवा चुप न बैठें, अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं: कन्हैया

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** बाबा साहेब का दिया हुआ संविधान देश की आत्मा है, मगर आज सत्ता में बैठे लोग उसी संविधान की मूल भावना पर लगातार प्रहार कर रहे हैं। सत्ताधारियों की और से नारा तो देश का दिया जा रहा है, मगर खजाना अपने दोस्त का भरा जा रहा है।

यह बात रविवार को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर देहरादून में 'जय भीम, जय हिंद' कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे छात्र संगठन एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने कही।

उन्होंने आरोप लगाया कि देश में नफरत, असमानता और अन्याय को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो बाबा साहेब के सपनों के भारत के बिल्कुल विपरीत है।

उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि देश का युवा चुप न बैठे, बल्कि बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलते हुए अन्याय के खिलाफ खुलकर आवाज उठाए।

कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संचार सचिव वैभव वालिया ने किया और संचालन मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने किया। इस मौके पर युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष विशाल सिंह भोजक को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विधायक रवि बहादुर, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी, पूर्व काबिना मंत्री शूरवीर सिंह सजवान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप, अनिल नेगी, अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मदनलाल, महानगर अध्यक्ष डॉ जसविंदर गोगी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कर्नल राम रतन नेगी, अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष सुलेमान अंसारी, पूर्व विधायक राजकुमार, गौतम नौटियाल, नानक चंद, पीयूष गॉड, आयुष सेमवाल, ललित भद्री, अजय रावत, अमन सिंह, शहजाद अंसारी, राव नसीम, सीपी सिंह, मोहन काला व संजय कनौजिया आदि उपस्थित रहे।



■ उत्तराखंड को भाजपा से बचाने के लिए करना होगा संघर्ष, युवा जागा, तो बदलेगा देश, आंबेडकर जयंती पर दून से कन्हैया ने दिया बड़ा संदेश

### जनता महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार से जूझ रही: गोदियाल

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने केंद्र और राज्य सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि आज आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से जूझ रही है, जबकि सरकारें केवल ध्यान भटकाने की राजनीति में लगी हैं। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि आज देश में सामाजिक न्याय और बराबरी के सिद्धांतों को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। वहीं चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि बाबा साहेब का संविधान हर नागरिक को अधिकार देता है, लेकिन आज उन अधिकारों को सीमित करने की साजिश हो रही है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी। चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरक सिंह रावत ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना ही बाबा साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है, और कांग्रेस पार्टी इसी लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है।

## पीएम मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून। कृषि एवं सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज हाथीबड़कला बाजार में जनसंपर्क अभियान चलाकर व्यापारियों और स्थानीय लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल को देहरादून दौरे के कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से आत्मीय मुलाकात कर जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं का फीडबैक भी लिया। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है, जिसका प्रमाण है कि वे लगातार राज्य का दौरा करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर प्रदेशवासियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा केदार की धरती से कहा था कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रधानमंत्री के इस विजन को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लगातार काम कर रही है। इससे पहले मंत्री गणेश जोशी ने पूर्व सैनिकों के साथ बैठक भी की, जिसमें उन्होंने देहरादून के गढ़ी कैंट में आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री की जनसभा में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, राजीव गुरुंग, सुरेन्द्र राणा, अमोल डोभाल, मोहित खरोला, मेघा भट्ट सहित पूर्व सैनिक कैप्टन दिनेश प्रधान, कैप्टन सुखबहादुर गुरुंग, कैप्टन टीडी भूटिया, कैप्टन लाल सिंह रावत, मेजर एमएस रावत आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



■ प्रधानमंत्री मोदी के उत्तराखण्ड आगमन पर हाथीबड़कला बाजार में जनसंपर्क कर कैबिनेटमत्री ने दिया निमंत्रण

### उत्तराखंड दौरे पर पहुंची कांग्रेस प्रदेश प्रभारी का सख्त संदेश

## दिग्गजों के पेंच कसे, कार्यकर्ताओं को दी मीठी डोज

■ भाजपा सरकार पर जमकर साधा निशाना

**देहरादून।** उत्तराखंड दौरे पर पहुंचीं कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने संगठन और सरकार दोनों मोर्चों पर सख्त और संतुलित संदेश दिया। एक ओर उन्होंने पार्टी के दिग्गज नेताओं के पेंच कसते हुए संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया, वहीं कार्यकर्ताओं को 'मीठी डोज' देते हुए उत्साह और एकजुटता का संदेश भी दिया। साथ ही नाराज चल रहे हरदा के जज्बात को भी समझने की कोशिश की।रूद्रपुर, हल्द्वानी, कोटद्वार, मसूरी व देहरादून जिले के कार्यकर्ता सम्मेलन में जहा उन्हाने कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर सक्रिय रहने, जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देने और आगामी चुनावों के लिए पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट संकेत दिए कि संगठन में अनुशासन और जवाबदेही से कोई समझौता नहीं होगा। कुमारी शैलजा ने कहा कि हाल ही में हुए कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ और जोश यह संकेत दे रहा है कि कांग्रेस के पक्ष में माहौल बन रहा है। उन्होंने बताया कि यह दौरा केवल शुरुआत है और पार्टी ने पूरे प्रदेश में व्यापक जनसंपर्क और संगठन सुदृढ़ीकरण की रणनीति तैयार की है। उन्होंने पार्टी नेताओं को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि व्यक्तिगत मतभेदों को भुलाकर सभी को एकजुट होकर चुनावी मैदान में उतरना होगा।

### डबल इंजन ने उत्तराखंड वासियों को किया निराश: शैलजा

प्रदेश प्रभारी ने अपने दौरे के दौरान भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जनता को 'डबल इंजन' सरकार से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन ये उम्मीदें पूरी नहीं हो सकीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों का लाभ राज्य के लोगों तक नहीं पहुंचा, बल्कि बाहरी लोगों को अधिक अवसर दिए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित उत्तराखंड दौरे पर भी उन्होंने तंज कसा। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि चुनाव नजदीक आते ही प्रधानमंत्री अधूरे और जल्दबाजी में तैयार योजनाओं के उद्घाटन के लिए राज्यों का दौरा करते हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल दिखावटी विकास है, जिसका वास्तविक लाभ जनता को नहीं मिलता।

## सीएम से मिला तीर्थ पुरोहित, होटल एवं ट्रैवल संगठनों का प्रतिनिधिमंडल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य सरकार द्वारा उत्तराखंड के चारों धामों में यात्रियों की संख्या सीमित न किए जाने के निर्णय पर चारों धामों से जुड़े तीर्थ पुरोहितों, पुजारियों, हितधारकों, चार धाम होटल एसोसिएशन, ट्रैवल एजेंसियों एवं विभिन्न संगठनों ने मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर चारों धामों से जुड़े तीर्थ पुरोहितों और हितधाकरकों ने मुख्यमंत्री को कपाट खुलने के अवसर पर आमंत्रित भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए चार धाम यात्रा को और अधिक सुगम एवं सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में दर्शन के लिए आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर व्यवस्थाएं सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यात्रा के दौरान यात्रियों व चारधाम से जुड़े किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए सरकार संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है । मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसको ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को सभी मतूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने देवभूमि उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा के सफल संचालन के लिए सभी को सहभागी बनने की अपील की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि सरकार का यह निर्णय प्रदेश की आस्था, अर्थव्यवस्था तथा पर्यटन गतिविधियों को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्थानीय व्यापारियों, होटल व्यवसायियों, परिवहन क्षेत्र तथा अन्य संबंधित सेवाओं को भी व्यापक लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर उन्होंने चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों और शीतकालीन यात्रा के लिए श्रद्धालुओं के लिए ऑनलाईन पंजीकरण हमेशा खुला रखने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान तथा मुख्यमंत्री के गढ़वाल समन्वयक किशोर भट्ट भी मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल मे उत्तराखण्ड चारधाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत के अध्यक्ष पं. सुरेश सेमवाल, महासचिव बृजेश सती, ब्रह्मपाल तीर्थ पुरोहित पंचायत समिति के अध्यक्ष उमेश सती, यमुनोत्री धाम मंदिर समिति के सचिव सुनील उनियाल, उपाध्यक्ष संजीव उनियाल, पुरूषोत्तम उनियाल, चारधाम होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश मेहता, सचिव निखिलेश सेमवाल, यमुना घाटी होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सोबन सिह राणा, गौरव उनियाल, सन्दीप राणा, अध्यक्ष उत्तरकाशी होटल एसोसिएशन शैलेन्द्र मटूड़ा, अध्यक्ष केदार घाटी होटल एसोसिएशन धर्मेन्द्र नौटियाल, अध्यक्ष बद्रीनाथ धाम होटल एसोसिएशन शैलेश ध्यानी, प्रशान्त डिमरी, अशोक सेमवाल एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



■ चारधाम में यात्रियों की संख्या सीमित न करने के सीएम धामी के निर्णय का स्वागत

शाह टाइम्स

सम्पादकीय


सोमवार, 13 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# अभी शांति दूर

शनिवार को पाकिस्तान की मध्यस्थता में इस्लामाबाद में 21 घंटे चली ईरान और अमेरिका के बीच संघर्ष विराम को लेकर दोनों देशों प्रतिनिधिमंडलों की बैठक बेनतीजा समाप्त हुई। निश्चित रूप से यह दुनिया के लिए कोई अच्छी खबर नहीं है, क्योंकि दोनों देशों के बीच चला संघर्ष पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी शर्तों को लेकर अड़े रहे। कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं था। रविवार को अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेन्स ने कहा भी कि वह बहुत उम्मीद लेकर इस्लामाबाद गए थे, लेकिन ईरानी प्रतिनिधिमंडल अपनी जिद पर अड़ा था। वह न्यूक्लियर पर जरा भी पीछे हटने को तैयार नहीं है, जबकि अमेरिका का नजरिया बिल्कुल साफ है कि वह किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु संपन्न देश नहीं बनने देगा। होर्मुज भी बातचीत के फेल होने का बड़ा कारण बना। ईरान उस पर अपना दावा छोड़ने को तैयार नहीं है, जबकि अमेरिका चाहता है कि होर्मुज को अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अनुसार पूरी तरह खुला छोड़ना चाहिए। यूं तो दोनों ही तरफ से अपनी-अपनी शर्तें थी, जहां ईरान ने अपनी दस मांगों का एजेंडा सामने रखा, तो वहीं अमेरिका ने भी अपनी 15 मांगें ईरान के सामने रखीं, उनमें कुछ मांगें ऐसी हैं जो वास्तव में दोनों पक्षों के लिए स्वीकार करना बेहद कठिन है, क्योंकि ईरान जहां होर्मुज पर अपने कंट्रोल, अपने मिसाइल प्रोग्राम और उसकी प्रॉक्सी की सहायता से जरा भी पीछे हटने को तैयार नहीं है, तो वहीं अमेरिका की यह पहली शर्त है। ईरानी डेलिगेशन ने वार्ता के बाद कहा कि इस बैठक में सबसे बड़ी कमी भरोसे की दिखाई दी। वह अमेरिका पर भरोसा करने के लिए तैयार नहीं है। ईरान के लोकसभा स्पीकर गालिबाफ व विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा भी कि अमेरिका उनसे बातचीत में वह चाहता है, जो युद्ध में हासिल नहीं कर सका और इस समय सबसे बड़ी समस्या भरोसे की है। अमेरिका का अब तक जिस तरह का आचरण रहा है, उस पर भरोसा किया भी नहीं जा सकता। ईरान की बात गलत भी नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति जेडी वेन्स जिनके नेतृत्व में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल आया था, जिसमें स्टीव विटकॉफ व जेरेड कुशलर जैसे नाम शामिल थे, कहा है कि हम ईरान का किसी भी कीमत पर होर्मुज पर कंट्रोल नहीं होने देंगे और न ही परमाणु बम बनाने देंगे और ट्रम्प की नीति को ही आगे बढ़ाएंगे। इससे साफ है कि दोनों पक्ष अपने अड़ियल दृष्टिकोण पर खड़े हैं। ऐसे में यह साफ हो जाता है कि किसी भी पक्ष को एक-दूसरे पर भरोसा नहीं है और कोई भी समझ सकता है कि किसी भी नतीजे पर पहुंचने के लिए भरोसा सबसे पहली चीज है। वार्ता के बाद जिस तरह की भाषा अमेरिकी राष्ट्रपति बोल रहे हैं और ईरान को धमका रहे हैं और होर्मुज को बलपूर्वक खोलने की बात कर रहे हैं, उससे भी साफ है कि शांति का समय जल्द ही लौटने नहीं जा रहा है।

## कानून पर सार्थक चर्चा संभव नहीं



नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 कानून सितम्बर 2023 में संसद द्वारा सर्वसम्मति से पारित हुआ था और उस समय कांग्रेस ने इसे तुरंत लागू करने की मांग की थी, सरकार ने तब इसे लागू नहीं किया, जबकि अब 30 महीने बाद बिना विपक्ष को विश्वास में लिए विशेष सत्र बुला रही है, परिसीमन से जुड़ी कोई स्पष्ट जानकारी साझा नहीं की गई है, जिससे इस महत्वपूर्ण कानून पर सार्थक चर्चा संभव नहीं हो पाएगी, सरकार का यह दावा गलत है कि राजनीतिक दलों से इस मुद्दे पर संवाद हुआ है, विपक्ष लगातार 29 अप्रैल 2026 के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग कर रहा है, चल रहे विधानसभा चुनावों के बीच विशेष सत्र बुलाना सरकार की राजनीतिक मंशा को दर्शाता है और यह कदम महिलाओं को सशक्त बनाने के बजाय राजनीतिक लाभ के लिए उठाया गया प्रतीत होता है। **-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# Versatile singing के लिए हमेशा याद रहेंगी

# आशा भोसले



आशा भोसले भारतीय संगीत जगत की वह अद्वितीय स्वर सम्राज्ञी हैं, जिनकी आवाज ने लगभग सात दशकों तक श्रोताओं के दिलों पर राज किया है। उनका जीवन केवल एक सफल गायिका की कहानी नहीं है, बल्कि संघर्ष, साहस, आत्मविश्वास और निरंतर परिश्रम की ऐसी मिसाल है, जो हर पीढ़ी को प्रेरित करती है। आशा भोसले का जन्म 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में हुआ था। उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर एक प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक और रंगमंच कलाकार थे। घर का वातावरण पूरी तरह संगीत से भरा हुआ था, इसलिए आशा जी को बचपन से ही संगीत की शिक्षा और संस्कार मिले। उनकी बड़ी बहन लता मंगेशकर पहले से ही संगीत की दुनिया में अपनी पहचान बना चुकी थीं और आगे चलकर वह भारत की सबसे महान गायिकाओं में गिनी जाने लगीं।

आशा भोसले का बचपन सामान्य नहीं था। जब वह केवल नौ वर्ष की थीं, तभी उनके पिता का निधन हो गया। यह घटना उनके जीवन में एक बड़ा झटका थी। पिता के जाने के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर हो गई। परिवार को संभालने की जिम्मेदारी अचानक आशा और लता पर आ गई। इतनी कम उम्र में ही उन्होंने जीवन की कठिनाइयों का सामना करना शुरू कर दिया। उन्होंने फिल्मों में छोटे-मोटे रोल करना और गाना शुरू किया, ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके। यह उनके संघर्षपूर्ण जीवन की शुरुआत थी, जिसने उन्हें भीतर से मजबूत बनाया। आशा भोसले ने अपने करियर की शुरुआत बहुत छोटी उम्र में की थी। उन्होंने पहली बार मराठी फिल्म के लिए गाना गाया और फिर धीरे-धीरे हिंदी फिल्मों की ओर कदम बढ़ाया, लेकिन शुरुआती दौर उनके लिए बिल्कुल आसान नहीं था। उस समय संगीत जगत में गीता दत्त, शमशाद बेगम और उनकी अपनी बहन लता मंगेशकर जैसी स्थापित गायिकाओं का वर्चस्व था। ऐसे में आशा जी को मुख्यधारा के बड़े गीत नहीं मिलते थे। उन्हें बी-ग्रेड फिल्मों और कम बजट की फिल्मों में गाने का मौका मिलता था, लेकिन उन्होंने कभी भी इन परिस्थितियों से निराश होकर हार नहीं मानी। उन्होंने हर छोटे अवसर को अपनी प्रतिभा दिखाने का माध्यम बनाया।

उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब उनकी मुलाकात प्रसिद्ध संगीतकार ओपी नैयर से हुई। ओ.पी. नैयर ने आशा भोसले की आवाज की अलग पहचान को पहचाना और उन्हें ऐसे गीत दिए, जिन्होंने उनकी छवि को पूरी तरह बदल दिया। नया दौर, हावड़ा ब्रिज, कश्मीर की कली जैसी फिल्मों के गीतों ने आशा भोसले को लोकप्रियता के शिखर तक पहुंचा दिया। उनकी आवाज में जो चंचलता, मस्ती और ऊर्जा थी, वह उस दौर के संगीत में एक नई ताजगी लेकर आई। इस दौर में उन्होंने यह साबित कर दिया कि वह केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र और सशक्त पहचान वाली गायिका हैं।

आशा भोसले की गायकी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी बहुमुखी प्रतिभा रही है। उन्होंने हर प्रकार के गीतों में अपनी अलग छाप छोड़ी है। चाहे वह रोमांटिक गीत हों, गजल हों, भजन हों, लोकगीत हों या फिर पाश्चात्य शैली के कैबरे गीत, हर शैली में उन्होंने अपनी आवाज का जादू बिखेरा। उन्होंने पिया तू अब तो आजा, दम मारो दम, इन आंखों की मस्ती के जैसे गीतों के माध्यम से अपनी गायकी की विविधता को साबित किया।

उनके करियर का एक और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ा आरडी बर्मन के साथ। आरडी बर्मन, जिन्हें प्यार से पंचम दा कहा जाता था, ने आशा भोसले के साथ मिलकर संगीत को एक नई दिशा दी। दोनों की जोड़ी ने कई सुपरहिट गीत दिए, जो आज भी लोगों के दिलों में बसे हुए हैं। बाद में दोनों ने विवाह कर लिया और उनका रिश्ता केवल पेशेवर नहीं, बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी गहरा हो गया। आरडी बर्मन के साथ काम करते हुए आशा भोसले ने आधुनिक संगीत, पॉप और फ्यूजन में भी अपने प्रयोग किए, जिससे उनकी लोकप्रियता और बढ़ी।

आशा भोसले का निजी जीवन भी उतार-चढ़ाव से भरा रहा। उन्होंने बहुत कम उम्र में गणपतराओ भोसले से विवाह कर लिया था, लेकिन यह विवाह सफल नहीं रहा। उन्हें इस रिश्ते में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और अंततः उन्हें अलग होना पड़ा। इसके बाद उन्होंने अपने बच्चों की परवरिश अकेले की और अपने करियर को भी आगे बढ़ाया। यह उनके साहस और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

आशा भोसले ने केवल भारत में ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई। उन्होंने कई देशों में लाइव कॉन्सर्ट किए और अपनी आवाज का जादू बिखेरा। उन्होंने पश्चिमी संगीत के साथ भी प्रयोग किए और अपनी शैली को समय के साथ बदलते हुए उसे और भी समृद्ध बनाया। यही कारण है कि वह आज भी नई पीढ़ी के कलाकारों के लिए प्रेरणा बनी हुई हैं। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि सफलता का रास्ता कभी आसान नहीं होता। इसमें कई कठिनाइयां, असफलताएं और चुनौतियां आती हैं, लेकिन जो व्यक्ति अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहता है, वह अंततः सफलता प्राप्त करता है। आशा भोसले ने अपने जीवन में हर कठिनाई का सामना किया और कभी हार नहीं मानी। उन्होंने यह साबित कर दिया कि अगर इंसान में आत्मविश्वास और मेहनत करने का जज्बा हो, तो वह किसी भी मुकाम को हासिल कर सकता है। आशा भोसले का जीवन एक प्रेरणादायक गाथा है। उन्होंने अपने संघर्ष, मेहनत और प्रतिभा के बल पर जो मुकाम हासिल किया, वह बहुत कम लोगों को नसीब होता है। उनकी आवाज आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।

## जीवन की उपलब्धियां

आशा भोसले ने अपने करियर में हजारों गीत गाए हैं। उन्होंने हिंदी के अलावा मराठी, बंगाली, गुजराती, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कई विदेशी भाषाओं में भी गाने गाए हैं। उनकी आवाज की मधुरता और लचीलेपन ने उन्हें हर भाषा में लोकप्रिय बना दिया। उन्होंने लगभग 20,000 से अधिक गीतों को अपनी आवाज दी, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उनकी उपलब्धियों की बात करें तो उन्हें अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कई बार फिल्मफेयर अवॉर्ड जीते और एक समय के बाद उन्होंने नए गायकों को मौका देने के लिए अपना नाम इस प्रतियोगिता से वापस ले लिया। उन्हें नेशनल फिल्म अवार्ड फॉर बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर से भी सम्मानित किया गया, जो भारतीय सिनेमा में उत्कृष्ट गायन के लिए दिया जाता है। इसके अलावा भारत सरकार ने उन्हें पदम् विभूषण से सम्मानित किया, जो देश का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। यह सम्मान उनके संगीत में योगदान की सर्वोच्च मान्यता है। आशा भोसले को भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड से भी नवाजा गया।

# तमिलनाडु विस चुनाव : नए युग का आगाज !



**ओ.पी. पाल**

तमिलनाडु की राजनीति को समझने के लिए अक्सर वहां की रैलियों का शोर और सिनेमाई सितारों का कट-आउट काफी माना जाता रहा है, लेकिन 23 अप्रैल 2026 को विधानसभा की 234 सीटो पर होने वाले चुनाव से ठीक पहले राज्य की गलियों में पसरा सन्नाटा किसी खामोशी का नहीं, बल्कि एक बहुत बड़े सियासी मंथन का संकेत है। इस बार का चुनाव केवल सत्ता का हस्तांतरण नहीं है, बल्कि यह इस बात का लिटमस टेस्ट है कि क्या 50 साल पुराना द्रविड़ वर्चस्व अब बहु-ध्रुवीय राजनीति के सामने झुकने को तैयार है? यानी एक गहरी राजनैतिक परिपक्वता और त्रिस्तरीय मुकाबले का संकेत है। विशेषकर महिला मतदाता, जो राज्य की आबादी का 51 प्रतिशत हैं, उन्होंने अपनी चुप्पी से डीएमके और एआईएडीएमके दोनों खेमों की नींद उड़ा दी है। हालांकि सभी राजनीतिक दल अपनी नई चुनावी रणनीति के साथ चुनावी जंग में हैं।

तमिलनाडु राजनीति के इतिहास पर नजर डाली जाए, तो चुनाव में तमिलनाडु की राजनीति में इस समय द्रविड़ दलों यानी द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एडीएमके) को अक्सर एक राजनीतिक महाशक्ति के रूप में देखा जाता है। ये दोनों प्रमुख दल ही पिछले दशकों से राज्य पर शासन करते आ रहे हैं, लेकिन तमिलनाडु विधानसभा चुनाव को लेकर इस बार सियासी तस्वीर काफी बदली हुई नजर आ रही है। जहां पहले चुनावों में किसी एक पार्टी या गठबंधन की लहर नजर आती थी, वहीं इस बार ऐसा कोई सियासी परिदृश्य नहीं है। राजग और इंडिया गठबंधन दोनों अपनी-अपनी रणनीति के साथ मैदान में हैं, लेकिन जनता का मूड अभी भी शांत और सोच-समझकर फैसला लेने वाला दिख रहा है। राज्य में चुनावी सरगिर्मयों के बीच इस बार चुनावी रैलियों में वह पारंपरिक उन्माद नहीं दिख रहा, जो कभी एमजीआर, जयललिता या करुणानिधि के दौर में होता था। इस बार मतदाता मौन है और लगता है कि जनता इस बार उम्मीदवारों के चेहरों को नहीं, बल्कि उनके ट्रैक रिकॉर्ड को तौल रही है। यह सन्नाटा बताता है कि मतदाता इस बार लहर के बहाव में नहीं, बल्कि परिणाम के प्रभाव पर वोट करेगा। मसलन इस बार का चुनाव यह तय करेगा कि क्या तमिलनाडु अपनी पारंपरिक द्रविड़ सीमाओं में ही रहेगा या फिर वह राष्ट्रीय मुख्यधारा की राजनीति और नए क्षेत्रीय चेहरों के लिए अपने दरवाजे खोलेगा। दरअसल जब तमिलनाडु का मतदाता शांत होता है, तो वह अक्सर किसी बड़े उलटफेर की पटकथा लिख रहा होता है। 4 मई के नतीजे एक मुख्यमंत्री नहीं चुनेंगे, बल्कि तमिलनाडु की राजनीति की आधी सदी का रुख तय करेंगे।

### डीएमके का वर्चस्व और एडीएमके का अस्तित्व

सत्ताधारी डीएमके अपने द्रविड़ मॉडल और महिला केंद्रित कल्याणकारी योजनाओं के भरोसे मैदान में है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के लिए यह चुनाव अपनी विरासत को स्थाई बनाने की लड़ाई है। इसमें उनका मजबूत कैडर और सरकारी योजनाओं की जमीनी पहुंच मानी जा रही है। हालांकि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का चेहरा सबसे बड़ा है, लेकिन गठबंधन के भीतर सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस, छोटे दलों और वामपंथी दलों में दबी हुई नाराजगी के साथ ही कार्यकर्ताओं के बीच जमीनी स्तर पर तालमेल की कमी एक 'अदृश्य दरार' पैदा कर रही है। वहीं सनातन धर्म जैसे विवादित बयानों ने जिस तरह राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन को असहज किया है, उसका असर स्थानीय स्तर पर भाजपा भुनाने की कोशिश कर रही है। भाजपा के लिए तमिलनाडु हमेशा से एक अजेय दुर्ग रहा है, लेकिन इस बार पार्टी ने अपनी रणनीति बदली है। एआईएडीएमके के साथ दोबारा हुए गठबंधन ने राजग को नई ऊर्जा दी है। हालांकि एआईएडीएमके का आंतरिक नेतृत्व संकट अभी भी पूरी तरह सुलझा नहीं है। के. अन्नामलाई के नेतृत्व में भाजपा ने खुद को आक्रामक विपक्ष के रूप में पेश किया है। वे हिंदुत्व को तमिल गौरव से जोड़कर उस वैचारिक चक्रव्यूह को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे द्रविड़ राजनीति ने दशकों से बनाया था। वहीं इस चुनाव में अभिनेता से नेता बने विजय और उनकी पार्टी तमिझगा वेत्री टीवीके इस चुनाव के सबसे बड़े ब्लैक हॉर्स साबित हो सकते हैं। पहली बार वोट देने वाले करोड़ों युवा, जो पारंपरिक द्रविड़ राजनीति से अलग विकल्प ढूंढ रहे हैं। यह विजय का फैन बेस अगर पोलिंग बूथ तक पहुंचा, तो वह बड़े-बड़े दिग्गजों का सियासी गणित बिगाड़ सकता है। तमिलनाडु की सियासत में 2026 का विधानसभा चुनाव एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व मोड़ पर खड़ा है। राज्य के राजनीतिक इतिहास में शायद यह पहला मौका है जब डीएमके, एडीएमके, भाजपा और कांग्रेस जैसे सभी मुख्यधारा के दलों ने किसी भी ब्राह्मण उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया है।

# आम्बेडकरवादी भी जातिवादी हैं!





**डा. उदित राज**

भारतीय समाज में जाति एक जटिल और गहराई से जड़ जमाई हुई संरचना रही है, जिसे समाप्त करने का सबसे सशक्त और स्पष्ट आह्वान डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने किया था। उन्होंने न केवल जाति-प्रथा की आलोचना की, बल्कि एक ऐसे समाज की कल्पना की जो समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर आधारित हो। उनके विचारों का मूल उद्देश्य था, जाति का उन्मूलन। आज एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है कि क्या स्वयं को आम्बेडकरवादी कहने वाले लोग इन मूल्यों को व्यवहार में उतार पा रहे हैं या कहीं वे भी उसी जातिवादी सोच के शिकार हो गए हैं, जिसका विरोध आम्बेडकर ने किया था। शादी- विवाह जाति के भीतर ही हो रहा है और गैर आम्बेडकरवादी जातियों की तरह खुद के जाति के संगठन खड़ा कर दिया है। रीति-रिवाज, शादी- विवाह, जाति के आधार पर राजनीति का समर्थन, अपनी जाति को ऊंचा मानना आदि व्यवहार वैसे ही हैं जैसे अन्य हिंदू समाज का है। पुरुष समाज अपनी महिलाओं को उन्ही बंधनों में रखता है जैसे अन्य। जो जागृति दिखती है वो मुख्यतः खुद की सुविधा, धन और सम्मान की प्राप्ति के लिए है। डा आम्बेडकर ने अपनी प्रसिद्ध कृति Annihilation of Caste में स्पष्ट लिखा था जाति केवल श्रम का विभाजन नहीं है, बल्कि श्रमिकों का विभाजन है। इस कथन में उन्होंने यह रेखांकित किया कि जाति-प्रथा समाज को केवल कार्य के आधार पर नहीं, बल्कि मनुष्यों को स्थाई रूप से अलग-अलग वर्गों में बांट देती है। उनका मानना था कि जब तक जाति का अस्तित्व रहेगा, तब तक सच्चा लोकतंत्र और सामाजिक न्याय संभव नहीं है। इसके बावजूद, वर्तमान सामाजिक व्यवहार में एक विरोधाभास देखने को मिलता है। अनेक लोग जो स्वयं को आम्बेडकरवादी कहते हैं, वे सामाजिक-राजनीतिक मंचों पर समानता और अधिकारों की बात करते हैं, लेकिन निजी जीवन में, विशेषकर विवाह और सामाजिक संबंधों के मामले में, जाति को प्राथमिकता देते हैं। यह प्रवृत्ति केवल एक समुदाय तक सीमित नहीं है यह व्यापक सामाजिक मनोविज्ञान का हिस्सा बन चुकी है। डा. आम्बेडकर ने अंतरजातीय विवाह को जाति-प्रथा को तोड़ने का सबसे प्रभावी साधन माना था। उन्होंने कहा था जाति को समाप्त करने का वास्तविक उपाय है, अंतरजातीय विवाह। उनके अनुसार, जब तक लोग अपने ही जाति-समूह के भीतर विवाह करते रहेंगे, तब तक जाति की दीवारें बनी रहेंगी। इस संदर्भ में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि यदि आम्बेडकरवादी भी अपने व्यक्तिगत जीवन में इस सिद्धांत को अपनाने से हिचकते हैं, तो फिर उनके विचार और आचरण में सामंजस्य कैसे स्थापित होगा? महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण के मामले में भी एक समान विरोधाभास देखा जा सकता है। डा. अंबेडकर महिलाओं की स्वतंत्रता और अधिकारों के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने कहा था, मैं किसी समुदाय की प्रगति को इस आधार पर मापता हूं कि उस समुदाय की महिलाओं ने कितनी प्रगति की है। इसके बावजूद, आज भी कई समाजों में, चाहे वे किसी भी विचारधारा से जुड़े हों, महिलाओं के प्रति पारंपरिक और सीमित दृष्टिकोण बना हुआ है। अंबेडकरवादी समाज भी इस प्रवृत्ति से मुक्त नहीं दिखता। यह भी सच है कि सामाजिक और आर्थिक संसाधनों तक पहुंच के लिए पहचान-आधारित राजनीति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदायों के लिए संगठित होना और अपने अधिकारों की मांग करना आवश्यक रहा है, लेकिन जब यह पहचान केवल सुविधा, सम्मान और संसाधनों की प्राप्ति तक सीमित रह जाती है और जीवन के अन्य पहलुओं में समानता के मूल्यों को नहीं अपनाया जाता, तो यह एक प्रकार का वैचारिक द्वंद्व उत्पन्न करता है।

डा. भीमराव अंबेडकर ने 25 नवंबर 1949 को संविधान सभा में अपने अंतिम भाषण में चेतावनी दी थी कि राजनीति में भक्ति या किसी नेता की अंधपूजा (Hero-worship) पतन और तानाशाही का सीधा रास्ता है। उन्होंने कहा था कि धर्म में भक्ति आत्मा की मुक्ति हो सकती है, लेकिन राजनीति में यह आत्म-विनाशकारी है, क्योंकि यह अंततः लोकतंत्र को तानाशाही में बदल देती है। इसके विपरीत कथित दलित और पिछड़ों के नेता वोट बैंक की होड़ में अपने-अपने जाति के संगठन खड़ा कर दिए हैं। यह उतने ही जातिवादी हैं जितने अन्य दबंग जातियां और जाति के लोग अंध भक्त बन गए हैं और यह प्रकिया जारी है। यहीं पर आम्बेडकरवाद धराशाई हो जाता है और इनके जातियों के चरित्र और व्यवहार दूसरों के समान हो जाते हैं। आम्बेडकरवादी होना केवल एक पहचान या नारा नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है, उन मूल्यों को अपने जीवन में उतारने की, जिनके लिए डॉ. अंबेडकर ने संघर्ष किया। जाति-प्रथा का विरोध केवल भाषणों और लेखों तक सीमित नहीं होना चाहिए इसे व्यक्तिगत और पारिवारिक निर्णयों में भी परिलक्षित होना चाहिए। अंततः, यह समझना होगा कि जाति-विहीन समाज का निर्माण केवल किसी एक वर्ग या समुदाय का कार्य नहीं है। यह एक सामूहिक प्रयास है, जिसमें हर व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। यदि हम वास्तव में डॉ. आम्बेडकर के विचारों का सम्मान करना चाहते हैं, तो हमें उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में ईमानदारी से लागू करना होगा, चाहे वह अंतरजातीय विवाह का समर्थन हो, महिलाओं के अधिकारों की रक्षा हो, या सामाजिक समानता की दिशा में ठोस कदम उठाना हो। सवर्णों को हर दुख और भेदभाव के लिए दोष देने से कभी भी उद्धार नहीं होगा। हां, सवर्णों के खिलाफ बोलकर कुछ लोग नेता तो बन जाते हैं परंतु खुद के समाज को नहीं बदलेंगे। प्रत्येक मानव स्वतंत्र पैदा हुआ, लेकिन परिवार और समाज उसे अपनी तरह ढालते हैं और यह प्रक्रिया पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। एक तरह से हम अतीत और अगल-बगल के रीति-रिवाज और परंपरा की फोटोकॉपी बनकर रह गए हैं। डॉ. आम्बेडकर ने कहा था कि अपने मस्तिष्क को विकसित करो और जो ऐसा करेगा, खुद प्रगति कर सकेगा और सवर्ण भी उसको नहीं रोक सकते।

**(लेखक दलित, ओबीसी, माइनॉरिटीज एवं आदिवासी संगठनों का परिसंघ (डोमा परिसंघ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) के राष्ट्रीय चेयरमैन हैं, व्यक्त विचार उनके निजी हैं)**



अगरतला। त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद (टीटीएडीसी) चुनाव के दौरान मतदान केंद्र के बाहर अपना वोट डालने के लिए कतार में खड़े होकर अपने पहचान पत्र दिखाते मतदाता।

## युंगाडा आर्मी चीफ ने तुर्की से सबसे खूबसूरत महिला मांगी

कम्पाला। युगांडा के आर्मी चीफ और राष्ट्रपति के बेटे मुहूजी कैनेरुगाबा ने तुर्की से 1 अरब डालर (9000 करोड़) और देश की 'सबसे खूबसूरत महिला' को अपनी पत्नी बनाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं हुई तो तुर्की से कूटनीतिक संबंध खत्म कर दिए जाएंगे और तुर्की एयरलाइन पर रोक लगाई जा सकती है। कैनेरुगाबा ने एक्स पर लिखा कि अगर तुर्की ने हमारी समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो 30 दिन में संबंध तोड़ दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि या तो वे भुगतान करें या हम उनका दूतावास बंद कर देंगे। उन्होंने युगांडावासियों को तुर्की यात्रा से बचने की सलाह दी और इजराइल के समर्थन में 1 लाख सैनिक भेजने की पेशकश की। हालांकि, इस पर तुर्की की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# 2-3 महत्वपूर्ण मुद्दों पर अटकी बातचीत: ईरान

### कई मुद्दों पर सहमति बनी, अंततः वार्ता किसी समझौते पर पहुंचने में विफल रही

मास्को। ईरान और अमेरिका कई मुद्दों पर सहमत हुए लेकिन दो-तीन महत्वपूर्ण मुद्दों पर असहमति होने के कारण इस्लामाबाद में हुई बातचीत के बाद समझौता नहीं हो सका। यह जानकारी ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने दी। मेहर समाचार एजेंसी के अनुसार, बगाई ने कहा कि हमारे बीच कई मुद्दों पर सहमति बनी लेकिन दो-तीन महत्वपूर्ण मुद्दों पर हमारे विचार अलग-अलग थे और अंततः वार्ता किसी समझौते पर पहुंचने में विफल रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आठ अप्रैल की रात ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते की घोषणा की थी जिसके बाद, ईरान और अमेरिका ने शनिवार को इस्लामाबाद में वार्ता की।

रविवार सुबह अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख और उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने कहा कि ईरान और अमेरिका लंबी बातचीत के दौरान किसी समझौते पर पहुंचने में विफल रहे हैं और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल बिना किसी समझौते के वापस लौट रहा है। वहीं ईरान ने अमेरिका के साथ वार्ता में 'व्यावहारिक' प्रस्ताव रखे हैं और अब आगे की प्रगति अमेरिका के रुख पर निर्भर है। प्रेस टीवी ने मामले से परिचित सूत्र के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिकी प्रशासन ने वार्ता का आकलन उसी तरह गलत किया, जैसे उसने अपनी सैन्य रणनीति में किया था। सूत्रों के मुताबिक, अमेरिका और ईरान के बीच अगले दौर की वार्ता का स्थान अभी तय नहीं हुआ है। दोनों देशों के बीच शनिवार को इस्लामाबाद में बातचीत हुई, जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा के बाद आयोजित की गई थी। इस बीच, अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख जेडी वेंस ने कहा कि लंबी बातचीत के बावजूद कोई समझौता नहीं हो सका और अमेरिकी दल खाली हाथ लौट रहा है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकाई ने कहा कि वार्ता अविश्वास के माहौल में हुई और किसी को भी तत्काल समझौते की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि कुछ मुद्दों पर सहमति बनी, लेकिन दो-तीन अहम विषयों पर मतभेद के कारण समझौता नहीं हो सका।



■ ईरान के प्रस्ताव 'व्यावहारिक' अब अमेरिका को यथार्थवादी रुख अपनाना होगा

### कूटनीति कभी खत्म नहीं होती: ईरान

■ कहा: ये वार्ताएं 40 दिनों के थोपे गए युद्ध के बाद हुई और अविश्वास और संदेह के माहौल में आयोजित की गई

तेहरान। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि पाकिस्तान के इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच हुई वार्ता से कोई नतीजा नहीं निकला है। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कूटनीति कभी खत्म नहीं होती। उन्होंने कहा कि ये वार्ताएं 40 दिनों के थोपे गए युद्ध के बाद हुई और अविश्वास और संदेह के माहौल में आयोजित की गई। यह स्वाभाविक है कि हमने शुरू से ही एक ही बैठक में समझौते पर पहुंचने की उम्मीद नहीं की थी। उन्होंने कहा कि किसी ने भी इसकी उम्मीद नहीं की थी। पाकिस्तान के इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच हुई वार्ता अमेरिकी पक्ष द्वारा रखी गई अत्यधिक मांगों के कारण बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई। वार्ता के बारे में बघाई ने कहा कि ईरान और अमेरिका कई मुद्दों पर एक समझौते पर पहुंच गए थे और दो-तीन महत्वपूर्ण मामलों पर मतभेद हैं।

# ईरान से वार्ता विफल होने पर भड़के ट्रम्प

## अमेरिका के राष्ट्रपति ने ईरान को बताया जिम्मेदार, होर्मुज की सैन्य नाकेबंदी का किया ऐलान



■ होर्मुज से पास होने वाले जहाजों की निगरानी करेगी अमेरिकी नौसेना, ईरान पर ब्लैकमेल करने का आरोप
■ ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी भरे अंदाज में तुरंत इस जलमार्ग को खोलने की मांग की

वाशिंगटन। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। पाकिस्तान में हुई नाकाम शांति वार्ता के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बेहद सख्त और तीखा बयान जारी किया है, जिसने वैश्विक राजनीति में हलचल मचा दी है। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमधय खोलने का वादा किया था, लेकिन जानबूझकर उसे तोड़ा, जिससे दुनिया भर में आर्थिक अस्थिरता, डर और संकट की स्थिति पैदा हो गई है।

उनके मुताबिक, यह कदम अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति के लिए गंभीर खतरा बन चुका है और ईरान की गैर-जिम्मेदार हरकतों ने वैश्विक व्यवस्था को चुनौती दी है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी आरोप लगाया कि ईरान ने समुद्र में बारूदी माइन्स बिछाई हैं, जिससे जहाजों की आवाजाही खतरे में पड़ गई है। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि ईरान की इन हरकतों से उसकी अंतर्राष्ट्रीय छवि खराब हुई है और वह अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने ईरान को चेतावनी भरे अंदाज में तुरंत इस जलमार्ग को खोलने की मांग की और कहा कि इसे तेजी से लागू किया जाना चाहिए। एक दूसरे पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि ईरान के साथ हुई बैठक में ज्यादातर मुद्दों पर सहमति बन गई, लेकिन सबसे अहम मुद्दा परमाणु कार्यक्रम पर कोई समझौता नहीं हो सका। ट्रम्प के अनुसार, इसके बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की नौसेना होर्मुज जलडमरूमध्य में आने-जाने वाले सभी जहाजों की निगरानी और रोकने की प्रक्रिया शुरू करेगी। इसके साथ ही टोल देकर होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों को अमेरिकी नौसेना रोकेगी। उनका कहना है कि जब तक पूरी तरह भरोसेमंद स्थिति नहीं बनती, तब तक यह कदम जारी रहेगा।

ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि ईरान यह कहकर अस्थिरता पैदा कर रहा है कि समुद्री रास्तों में कहीं बारूदी सुरंगें (माइन) हो सकती हैं, जिससे जहाज मालिक जोखिम लेने से डर रहे हैं। उनके अनुसार, इसी वजह से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने इस स्थिति को वैश्विक दबाव और ब्लैकमेल बताया और कहा कि कोई भी देश, खासकर अमेरिका, इस तरह के दबाव में नहीं आएगा। ट्रम्प ने साफ कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी देश इस पूरे मामले पर सख्त नजर रख रहे हैं और जरूरत पड़ने पर आगे कदम उठाए जाएंगे। ट्रम्प ने कहा कि हालांकि ईरान की नौसेना और उसके अधिकांश बारूदी सुरंग बिछाने वाले जहाज पहले ही नष्ट किए जा चुके हैं, फिर भी इस पूरे मामले को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तनाव बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान ने समुद्री क्षेत्र में बारूदी सुरंगें बिछाई हैं, जिससे जहाजों की आवाजाही पर खतरा पैदा हो गया है। ऐसी स्थिति में कोई भी जहाज मालिक जोखिम लेने को तैयार नहीं है, क्योंकि सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है। इससे वैश्विक व्यापार और समुद्री आवागमन प्रभावित हो रहा है। अपने पोस्ट में ट्रम्प ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका और ईरान के बीच करीब 20 घंटे लंबी बातचीत हुई, लेकिन ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने दो टूक अंदाज में साफ कहा कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार नहीं रखने दिए जाएंगे। इसके साथ ही ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि ईरान की नौसेना, एयरफोर्स और रक्षा प्रणाली कमजोर हो चुकी है और उन्होंने अमेरिका की सैन्य ताकत का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने हमला किया या बाधा डाली, तो कड़ा जवाब दिया जाएगा। ट्रम्प ने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी देश इस स्थिति पर नजर रख रहे हैं और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई भी की जाएगी। अपने पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के इस्लामाबाद में हुई एक बैठक का भी जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि इस बातचीत में भारत और पाकिस्तान के बीच बड़े युद्ध को रोकने पर चर्चा हुई, जिससे लाखों लोगों की जान बची।

### वार्ता विफल होने के बीच ट्रम्प यूएफसी इवेंट में हुए शामिल

■ संवेदनशील भू-राजनीतिक समय के दौरान एक बड़े स्पोर्टिंग इवेंट में राष्ट्रपति की मौजूदगी से गलत मैसेज गया

फ्लोरिडा। अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में हुई वार्ता बेनतीजा रही है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शनिवार को फ्लोरिडा में यूएफसी इवेंट में शामिल हुए। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने इवेंट का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। ट्रम्प मियामी में यूएफसी 327 में पहुंचे, जहां फाइट देखने के लिए एरीना में जाने से पहले यूएफसी के अध्यक्ष डाना व्हाइट ने उनका स्वागत किया। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनकी बेटी इवांका ट्रम्प, पोती काई ट्रम्प उनके परिवार के कई सदस्य भी मौजूद रहे। अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रुबियो और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर भी शामिल थे। अमेरिकी राष्ट्रपति की यह मौजूदगी ऐसे समय में हुई है जब इस्लामाबाद में ईरान-अमेरिका की बातचीत बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई और दोनों पक्षों के बीच मुख्य मतभेद अभी भी सुलझे नहीं हैं। इस्लामाबाद में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि लंबी बातचीत के बावजूद वाशिंगटन और तेहरान किसी डील पर नहीं पहुंच पाए। ऐसे भू-राजनीतिक तनाव वाले माहौल के बीच ट्रम्प के इस इवेंट में शामिल हुए। आलोचकों का कहना है कि एक संवेदनशील भू-राजनीतिक समय के दौरान एक बड़े स्पोर्टिंग इवेंट में राष्ट्रपति की मौजूदगी से गलत मैसेज गया। कई लोगों ने बढ़ते अंतर्राष्ट्रीय तनाव के बीच एक हाई-एनर्जी फाइट नाइट में शामिल होने के नजरिए पर सवाल उठाए।

# एक बार फिर भारत और यूएई के मजबूत रिश्ते चर्चा में



■ जयशंकर ने भारतीय समुदाय के लोगों को दिया पीएम मोदी का संदेश, राष्ट्रपति से भी की मुलाकात

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर के यूएई दौरे ने एक बार फिर भारत और यूएई के मजबूत रिश्तों को चर्चा में ला दिया है। उन्होंने दुबई और अबू धाबी में शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर भारत की चिंताओं और प्राथमिकताओं को सामने रखा। खास तौर पर पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के बीच भारतीय समुदाय की सुरक्षा और दोनों देशों के रणनीतिक रिश्तों पर जोर दिया गया।

जयशंकर ने बताया कि उन्होंने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश दिया। इस दौरान दोनों देशों के बीच ऊर्जा, व्यापार और आर्थिक सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही हालिया संघर्ष के दौरान यूएई में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और देखभाल के लिए धन्यवाद भी व्यक्त किया गया। जयशंकर ने यूएई के राष्ट्रपति के अलावा दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला से भी मुलाकात की। इन बैठकों में दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। उन्होंने भारतीय समुदाय की भावनाएं और अनुभव भी यूएई नेतृत्व तक पहुंचाए। विदेश मंत्री ने साफ कहा कि इस पूरे दौरे में भारतीय समुदाय उनकी सबसे बड़ी चिंता रहा। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के दौरान भारत में भी लोगों को उनकी सुरक्षा की चिंता थी। जयशंकर ने यूएई सरकार द्वारा भारतीयों की देखभाल के लिए आभार जताया और समुदाय की प्रतिक्रिया भी साझा की। बैठकों में ऊर्जा सहयोग, व्यापार और आर्थिक साझेदारी पर भी विस्तार से बात हुई। यूएई भारत का एक बड़ा रणनीतिक साझेदार है, इसलिए दोनों देशों ने इन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। यह भी माना गया कि मौजूदा हालात में आर्थिक सहयोग और ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। जयशंकर ने कहा कि क्षेत्र में हालात काफी जटिल हैं और भारत का इस क्षेत्र में बड़ा हित जुड़ा है। इसलिए सुरक्षा और स्थिरता पर खुलकर चर्चा हुई।

# न्यू जर्सी में गोलीबारी से एक की गई जान

### न्यूयॉर्क में बुजुर्गों पर हमला करने वाला सनकी हमलावर ढेर

■ कुछ ही सेकंड में रेस्तरां का माहौल किसी युद्ध के मैदान जैसा हो गया था

वाशिंगटन। अमेरिका के न्यू जर्सी और न्यूयार्क में हुई दो अलग-अलग हिंसक घटनाओं ने लोगों को दहशत में डाल दिया है। पहली घटना न्यू जर्सी के यूनियन टाउनशिप की है, जहां एक मशहूर फास्ट-फूड रेस्टोरेंट 'चिक-फिल-ए' में शनिवार रात करीब 8:40 बजे अचानक गोलीबारी शुरू हो गई।

हमलावर रेस्तरां के अंदर घुसे और काउंटर के पीछे पहुंचकर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं। उस समय रेस्टोरेंट में कई ग्राहक और कर्मचारी मौजूद थे, जिससे वहां भगदड़ मच गई। इस हमले में कम से कम छह लोगों को गोली लगी है। इनमें से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चश्मदीदों ने बताया कि कुछ ही सेकंड में रेस्तरां का माहौल किसी युद्ध के मैदान जैसा हो गया था। पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर दिया है और यूनियन काउंटी प्रासिक्यूटर आफिस मामले की जांच कर रहा है। अभी तक हमलावरों की पहचान और हमले की वजह का पता नहीं चल पाया है। दूसरी घटना न्यूयार्क के ग्रैंड सेंट्रल स्टेशन की है। शनिवार सुबह करीब 9:50 बजे 44 साल के एंथनी ग्रिफिन ने बिना किसी उकसावे के तीन बुजुर्गों पर धारदार हथियार मचेती (एक बड़ा चाकू) से हमला कर दिया। हमलावर खुद को लुसिफर कह रहा था। इस हमले में एक 85 साल के बुजुर्ग के सिर पर गहरा घाव हुआ, एक 65 साल के व्यक्ति के सिर पर चोट आई और एक 70 साल की महिला के कंधे पर वार किया गया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने हमलावर को हथियार डालने के लिए कई बार आदेश दिया, लेकिन उसने बात नहीं मानी। पुलिस ने उसे मदद की पेशकश भी की, लेकिन वह चाकू लेकर उनकी तरफ बढ़ने लगा। इसके बाद पुलिस ने उसे गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

## रूस यूएन महासचिव पद के चयन प्रक्रिया में रहेगा सक्रिय: विदेश मंत्रालय

मास्को। रूस संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के लिए उम्मीदवारों के नामांकन पर बारीकी से नजर रख रहा है और चयन प्रक्रिया में पूरी तरह से सक्रिय रहना चाहता है। यह जानकारी रूसी विदेश मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय संगठनों विभाग के निदेशक किरिल लोग्विनोव ने स्पुतनिक को दी। लोग्विनोव ने कहा कि रूसी पक्ष अगले महासचिव के चयन की प्रक्रिया को पूरी तरह से जांचने का इरादा रखता है। हम नामांकन प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र महासचिव का पद अत्यंत महत्वपूर्ण बना हुआ है।

# तुर्की में नेतन्याहू समेत 35 लोगों पर केस

### 4600 साल तक जेल की सजा की मांग, मामला गाजा जा रहे राहत मिशन पर कथित हमले से जुड़ा



■ इन जहाजों में खाने-पीने का सामान, दवाइयां और दूसरी जरूरी मदद भेजी जा रही थी

इस्तांबुल। तुर्की में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समेत 35 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

यह मामला गाजा जा रहे राहत मिशन पर कथित हमले से जुड़ा है। इस्तांबुल के मुख्य सरकारी वकील के दफ्तर ने आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसमें सभी आरोपियों के लिए कड़ी सजा की मांग की गई है। इसमें उम्रकैद के साथ 1102 साल से लेकर 4596 साल तक की अतिरिक्त सजा की मांग शामिल है। आरोपों में मानवता के खिलाफ अपराध, नरसंहार, गैरकानूनी हिरासत, यातना और लूट जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यह मामला पिछले साल सितंबर में हुई एक घटना से जुड़ा है, जब सुमुद फ्लोटिला नाम का एक राहत मिशन गाजा की ओर जा रहा था। इन जहाजों में खाने-पीने का सामान, दवाइयां और दूसरी जरूरी मदद भेजी जा रही थी। जांच के मुताबिक, जब यह फ्लोटिला अंतर्राष्ट्रीय समुद्र में था, तब इजरायली नौसेना ने इसे रोक लिया। आरोप है कि सैनिक जहाजों पर चढ़ गए, वहां मौजूद कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया और जहाजों को आगे बढ़ने से रोक दिया। तुर्की का कहना है कि यह कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ थी, क्योंकि यह घटना अंतर्राष्ट्रीय पानी में हुई थी और जहाज राहत सामग्री लेकर जा रहे थे। इसी वजह से इस पूरे मामले को गंभीर अपराध मानते हुए केस दर्ज किया गया है।

### दक्षिण लेबनान में इजरायली हमला, 5 की मौत

काना। लेबनान के दक्षिणी शहर काना में इजरायली हमले में 5 लोगों की मौत और कई अन्य के घायल होने की खबर है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, बचाव दल घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जुटे हुए हैं। इसके अलावा टायर जिले के अन्य इलाकों में भी हमलों की खबरें सामने आई हैं, जहां कई लोग घायल हुए हैं। काना शहर पहले भी 1996 और 2006 में बड़े हमलों का गवाह रहा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, संघर्ष की शुरुआत से अब तक हजारों लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं। हालिया हमलों में भी कई लोगों की मौत और घायल होने की पुष्टि की गई है।

## ताइवान सीमा के पास चीनी जहाज-लड़ाकू विमान की हलचल

ताइपे। ताइवान के रक्षा मंत्रलय ने रविवार को अपने समुद्री और हवाई क्षेत्र के पास चीन की बड़ी सैन्य गतिविधियों का पता लगाया है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि आज सुबह छह बजे तक ताइवान के आसपास चीन के 8 पीएलएएन जहाजे, 2 पीएलए एयरक्राफ्ट और 4 सरकारी जहाज मौजूद थे।

इन 2 विमानों में से एक विमान ने ताइवान के दक्षिण-पूर्वी हवाई सुरक्षा क्षेत्र (एडीआईजेड) में प्रवेश किया। ताइवान की सेना (एमएनडी) ने इस पूरी स्थिति पर कड़ी नजर रखी और उचित जवाब दिया। इससे पहले शनिवार को भी चीन ने ताइवान की सीमाओं के पास भारी सैन्य दबाव बनाया था। शनिवार सुबह छह बजे तक चीन के 17 सैन्य विमान, 7 नेवी जहाज और 1 सरकारी जहाज ताइवान के पास देखे गए थे। खास बात यह है कि इन 17 विमानों में से 15 विमानों ने ताइवान की मधय रेखा को पार किया और उत्तरी व दक्षिण-पश्चिमी हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की। ताइवान पर चीन का दावा एक बहुत ही जटिल और पुराना मुद्दा है। बीजिंग का मानना है कि ताइवान चीन का एक अटूट हिस्सा है और यह उसकी राष्ट्रीय नीति का हिस्सा है। इसके उलट, ताइवान एक स्वतंत्र पहचान रखता है। वहां की अपनी सरकार, अपनी सेना और अपनी अलग अर्थव्यवस्था है। ताइवान की स्थिति अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बहस का विषय है।

# इराक में खत्म हुआ लंबा राजनीतिक गतिरोध

### निजार अमेदी बने देश के नए राष्ट्रपति, जल्द होगा नए पीएम का चुनाव



■ पहले दौर में किसी भी उम्मीदवार को दो-तिहाई बहुमत नहीं मिला, इसलिए मुकाबला अमेदी और अमीन के बीच दूसरे दौर में चला गया

बगदाद। इराकी संसद ने राजधानी बगदाद में एक अहम मतदान के बाद पूर्व पर्यावरण मंत्री निजार अमेदी को देश का नया राष्ट्रपति चुन लिया है। संसद के अध्यक्ष हैबत अल-हल्बूसी ने रनआफ मतदान में अमेदी को 227 वोट मिलने के बाद आधिकारिक विजेता घोषित किया।

घोषणा के तुरंत बाद नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने संवैधानिक रूप से पद की शपथ ली। इस महत्वपूर्ण सत्र में 329 सदस्यों वाली संसद के करीब 250 सांसद मौजूद थे। राष्ट्रपति चुनाव के लिए कम से कम 220 सांसदों की मौजूदगी जरूरी थी, इसलिए यह संख्या तय कोरम से अधिक थी। टीवी पर दिखाए गए सत्र के अनुसार, पैट्रियाटिक यूनियन आफ कुर्दिस्तान (पीयूके) के उम्मीदवार अमेदी को पहले दौर में 208 वोट मिले। उनके मुकाबले में खड़े कुर्दिस्तान इस्लामिक यूनियन के मुथन्ना अमीन को 17 और मौजूदा विदेश मंत्री फुआद हुसैन को 16 वोट मिले। पहले दौर में किसी भी उम्मीदवार को दो-तिहाई बहुमत नहीं मिला, इसलिए मुकाबला अमेदी और अमीन के बीच दूसरे दौर में चला गया। अमेदी बगदाद में पीयूके के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख हैं। वे 2022 से 2024 तक इराक के पर्यावरण मंत्री रहे हैं और पूर्व इराकी राष्ट्रपतियों के सलाहकार के रूप में भी काम कर चुके हैं। इराकी संविधान के तहत नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के पास 15 दिनों के भीतर संसद के सबसे बड़े दल के नेता को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित करने का अधिकार होता है। इसके बाद नामित उम्मीदवार के पास 30 दिनों के भीतर नई कैबिनेट गठित करने और विश्वास मत प्राप्त करने का समय होता है। इराक में पिछले साल नवम्बर में संसदीय चुनाव हुए थे। इस मतदान से लंबे समय से चल रहे राजनीतिक गतिरोध के खत्म होने का संकेत मिला है। कुर्द दलों के बीच सहमति की कमी और कोरम पूरा न होने की वजह से राष्ट्रपति का चुनाव बार-बार टल रहा था। साल 2003 के बाद इराक में सत्ता के बंटवारे की एक व्यवस्था बनी है। इसके तहत राष्ट्रपति का पद कुर्द समुदाय के लिए, संसद अध्यक्ष का पद सुन्नी और प्रधानमंत्री का पद शिया समुदाय के लिए आरक्षित है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108